e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 54
शनिवार
24.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

सपने देखना बुरी बात नहीं है, लेकिन उन सपनों को साकार करने के लिए कार्य नहीं करना बुरी बात है।

ताजा खबरों के लिए देखें

# झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू

## * सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर हुआ जोरदार हंगामा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया. पहले दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा पेपर लीक का मामला गरमाया रहा. पेपर लीक मामले में विपक्ष की ओर से सीबीआई जांच की मांग पर पलटवार करते हुए सत्ता पक्ष के विधायक-मंत्री ने एसआईटी जांच की सराहना की.माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने विपक्ष की मांग पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जेपीएससी मेधा घोटाला मामले में पहले से ही सीबीआई जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई नतीजा नहीं निकला है. विधानसभा में नियुक्ति के मामले की जांच एक विशेष न्यायाधिकरण कर रहा है, लेकिन लंबे समय से कोई नतीजा नहीं निकला है. ऐसे में जिस तरह से जेएसएससी पेपर लीक मामले में गठित एसआईटी ने कम समय में तेजी से जांच की है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. ऐसा लग रहा है कि सरकार इस मुद्दे पर गंभीर है. स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे नाटक और नौटंकी कर सदन का समय बर्बाद करते हैं. अगर मुख्यमंत्री सीजीएल पेपर लीक की एसआईटी जांच से संतुष्ट नहीं हुए तो आगे का फैसला लेंगे. फिलहाल, इस मामले में जांच चल रही है. उसे आगे बढ़ने की जरूरत है. सत्र शुरू होने से पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का मुख्य सचिव एल खियांग्ते सहित अन्य ने अभिवादन किया। साथ ही मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने भी मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

### सदन में बहस कराया जाना चाहिए : सुदेश महतो

आजसू प्रमुख और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने राज्य के युवाओं के भविष्य की रक्षा को राज्य का प्रमुख मुद्दा बताते हुए कहा कि जेएसएससी के अध्यक्ष ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है, न कि नैतिक कारणों से. सुदेश महतो ने कहा कि जो सरकार चार-साढ़े चार साल पहले जनता का विश्वास जीत कर सत्ता में आई थी, वह सरकार भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप में चली गई. ऐसे में उस सरकार की भरपाई में नई सरकार तो बन गयी है, लेकिन जनता की उम्मीदों की भरपाई नहीं हो पा रही है. सुदेश महतो ने कहा कि अगर सरकार में थोड़ी भी ईमानदारी बची है तो जेएसएससी के मुद्दे पर सदन में बहस कराया जाना चाहिए. वहीं भाजपा के विधायक अनंत ओझा ने कहा कि बजट सत्र के दौरान आगे भी भाजपा सदन में नौजवानों की आवाज उठाती रहेगी.



### माले विधायक ने जताई आपत्ति

माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने विपक्ष की मांग पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जेपीएससी मेधा घोटाला मामले में पहले से ही सीबीआई जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई नतीजा नहीं निकला है. विधानसभा में नियुक्ति के मामले की जांच एक विशेष न्यायाधिकरण कर रहा है, लेकिन लंबे समय से कोई नतीजा नहीं निकला है.

### भाजपा ने किया प्रदर्शन

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन भाजपा विधायकों ने विधानसभा गेट के सामने प्रदर्शन किया. भाजपा विधायकों ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी मामले की सीबीआई से जांच करने की मांग की. भाजपा विधायक अपने मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे. इसके बाद विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने स्पीकर रविंद्रनाथ महतो से मुलाकात की.

## क्विक न्यूज

### ईडी कोर्ट के फैसले के खिलाफ हेमंत सोरेन ने की हाईकोर्ट में अपील

**रांची:** ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद फिलहाल हेमंत सोरेन न्यायिक अभिरक्षा में हैं. बजट सत्र की कार्रवाई में हिस्सा लेने के लिए उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय की कोर्ट में आवेदन दिया था, उन्होंने अपने आवेदन में कहा था कि झारखंड के चल रहे बजट सत्र में उन्हें शामिल होने की अनुमति दी जाए लेकिन गुरुवार को ईडी कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए याचिका दाखिल की है.बता दें कि गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय की अदालत से उनकी अर्जी खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में उनकी तरफ से पिटीशन दायर किया गया है. हालांकि अभी तक यह बात स्पष्ट नहीं हो पाई है कि हाईकोर्ट उस मामले पर सुनवाई कब करेगा, लेकिन आज से बजट सत्र शुरू हो रहा है. ऐसे में प्रवर्तन निदेशालय के कोर्ट से उनकी याचिका खारिज होने के बाद फिलहाल हेमंत सोरेन सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले पाएंगे.

### नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या

**सुकमा** : नक्सलियों के पामेड़ एरिया कमेटी ने शुक्रवार को प्रेस वक्तव्य जारी कर यह घोषणा किया कि पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी ने पुलिस मुखबिरी के शक में दो ग्रामीणों सोढ़ी उंगा और माड़वी नंदा की हत्या कर दी है। इसके साथ ही दो अन्य ग्रामीणों युवक अड़मा और देवे को भी जान से मारने की धमकी दी गई है। नक्सलियों के द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य के बाद पुलिस ग्रामीणों की मौत की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सोड़ी हूंगा और माड़वी नंदा रविवार को तेलंगाना जाने के लिए अपने घर से निकले थे। इसी बीच रास्ते से ही नक्सलियों ने दोनों का अपहरण कर लिया और हत्या कर आज शुक्रवार सुबह एलमागुंडा नया पारा के कायर दुलेड़ जाने वाले मार्ग पर शव फेंक दिया है।नक्सलियों द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य में लिखा है कि सुकमा-बीजापुर के सीमा पर स्थित कायर दुल्लेड़ गांव में पुलिस कैंप स्थापित कर ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है। इसी गांव के रहने वाले 02 युवक सोढ़ी उंगा और माड़वी नंदा भी पुलिस के मुखबिर बनकर काम कर रहे थे। ग्रामीणों को पिटवाने, मुर्गी-मछली पुलिस वालों को देने, कैंप से सीधा संपर्क रखने और उन्हें समाचार पहुंचाने का काम करते थे। इन्हें पहले भी समझाइश दी गई थी, नहीं माने, इसलिए पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी ने मौत की सजा दी है। नक्सलियों द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य में कहा गया है कि इसी गांव के अन्य दो और युवक अड़मा और देवे यह दोनों भी पुलिस का साथ दे रहे हैं, सुधर जाएं, नहीं तो इनका अंजाम भी इन दो युवकों की तरह ही होगा।

### पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी के निधन पर जताया शोक

**जयपुर** : राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष रहे मनोहर जोशी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।राज्यपाल मिश्र ने कहा की स्व. जोशी संसदीय परंपराओं और मूल्यों में आस्था रखने वाले राजनीतिज्ञ थे। सार्वजनिक जीवन में आम जन के विकास के लिए किए उनके कार्य सदा याद किए जाएंगे। राज्यपाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोशी के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए प्रभु श्रीराम से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और उनके परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### झारखंड राज्य वित्त आयोग का हुआ गठन

**रांची :** झारखंड राज्य वित्त आयोग का गठन हो गया है. रिटायर्ड आईएएस अमरेंद्र प्रताप सिंह को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, वहीं प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और संत जेवियर कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर हरीश्वर दयाल आयोग के सद्स्य बनाये गये हैं. झारखंड के पंचायती राज (पंचायती राज विभाग) निदेशक आयोग के पदेन सदस्य होंगे. राज्य सरकार के प्रस्ताव के आलोक में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की है.

### खनौरी बॉर्डर जा रहे थे किसान, रोकने पर फेंके पत्थर, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**नई दिल्ली :** न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी समेत कई मांगों को लेकर किसान 11 दिन से धरने पर हैं. हरियाणा के हिसार में किसानों और पुलिस के बीच शुक्रवार को झड़प हो गई. खनौरी बॉर्डर जाने के लिए किसान खेड़ी चौपटा में इकट्ठा हुए थे. पुलिस ने उन्हें वहां जाने से रोका, जिसे लेकर बवाल हो गया. किसानों का कहना है कि पुलिस ने उन पर आंसू गैस के गोले बरसाए. दूसरी ओर, पुलिस ने आरोप लगाया कि रोके जाने पर किसानों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थरबाजी की.झड़प के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया और कई किसानों को अपनी हिरासत में ले लिया.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## विशाखापट्टनम तट के पास भारत ने खोजा पाकिस्तानी पनडुब्बी गाजी का मलबा

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना ने पानी के अंदर पनडुब्बी की खोज और बचाव क्षमता हासिल की है। भारत ने अपने कई मित्र देशों के साथ अपनी पनडुब्बी बचाव क्षमताओं के लिए पेशकश की है, जिसमें कई देशों ने दिलचस्पी दिखाई है। नौसेना की डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) यूनिट ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 1971 में विशाखापट्टनम तट के पास डूबी पाकिस्तानी पनडुब्बी 'पीएनएस गाजी' का मलबा खोजा है। इसके अलावा जापानी पनडुब्बी आरओ-110 का मलबा भी पिछले 80 वर्षों से बंदरगाह शहर के पास समुद्र तल पर पड़ा हुआ है। भारतीय नौसेना की विशाखापट्टनम में स्थित डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) यूनिट के ऑफिसर इंचार्ज कैप्टन विकास गौतम ने बताया कि भारतीय नौसेना के पास समुद्र की गहराई में जलमग्न पोत की बचाव क्षमता है। इस प्रणाली में संकटग्रस्त पनडुब्बी का पता लगाने के लिए एक साइड स्कैन सोनार है, जो दूर से संचालित वाहन (आरओवी) की मदद से आपातकालीन कंटेनरों को तैनात करके पनडुब्बी के चालक दल को बचाता है। दरअसल, पनडुब्बी दुर्घटना में तीव्रता के साथ जीवन की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए इस सिस्टम को फ्लाईअवे कॉन्फ़िगरेशन में खरीदा गया है जो वायु, भूमि, समुद्री जहाजों का उपयोग करके बेस से संकटग्रस्त पनडुब्बी के सटीक स्थान तक बचाव प्रणाली के तेजी से परिवहन की अनुमति देता है। कैप्टन गौतम ने बताया कि 2018 में भारत ने डूबे हुए जहाजों और पनडुब्बियों का पता लगाने और आवश्यकतानुसार बचाव अभियान चलाने के लिए गहरे जलमग्न बचाव वाहन (डीएसआरवी) तैनात करने की क्षमता प्राप्त की।

## 10 लाख का इनामी नक्सली व एरिया कमांडर ने किया आत्मसमर्पण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार:** झारखण्ड सरकार के द्वारा घोषित 10 लाख का ईनामी जेजेएमपी का जोनल कमांडर मनोहर परहिया उर्फ विमलेश परहिया व एरिया कमांडर दिपक कुमार भुईयां उर्फ कुन्दन जी ने राजकुमार लकड़ा, पुलिस महानिरीक्षक पलामू प्रक्षेत्र, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन लातेहार,पलामू पंकज कुमार पुलिस उप-महानिरीक्षक सीआरपीएफ पलामू जोन सहित अन्य अधिकारियों के समक्ष पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा समेत मौजूद सभी पुलिस पदाधिकारियों के उन्हें शॉल ओढ़ाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही 10 लाख रुपए इनाम की राशि का बतौर चेक के रूप में दिया गया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि 10 लाख के इनामी जेजेएमपी के जोनल कमांडर मनोहर परहिया 2004 में भाकपा माओवादी के बाल दस्ता में शामिल हुआ था। तब उसकी उम्र 13-14 साल की थी। मनोहर वहां करीब 6 साल यानी वर्ष 2010 तक रहा। इसके बाद भाजपा माओवादी छोड़कर 2011 में जेजेएमपी संगठन में शामिल हो गया। शामिल होने के दो साल बाद सब जोनल कमांडर बनाया गया। उपेंद्र सिंह खरवार के 2018 में सरेंडर करने के बाद उसे जोनल कमांडर बनाया गया। वहीं एरिया कमांडर दीपक कुमार भुईयां मनोहर परहिया के कहने पर 2018 में जेजेएमपी नक्सली संगठन में शामिल हुआ था। सरेंडर करने वाला मनोहर परहिया पर विभिन्न थानों में कुल 13 केस हैं। वहीं दीपक के उपर छिपादोहर थाना में एक केस दर्ज है।आगे उन्होंने कहा कि लातेहार जिले में माओवादियों का प्रभाव पूर्व की तुलना में कम हो चुका है। छोटे-छोटे संगठन टीएसपीसी,जेजेएमपी के विरुद्ध लातेहार पुलिस लगातार दबिश बनाये हुए हैं। 20 नवम्बर 2022 को पुलिस एवं जेजेएमपी उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में तीन उग्रवादी ढेर हुए, जिसके कारण जेजेएमपी संगठन कमजोर हुआ है एवं झारखण्ड पुलिस के आत्म समर्पण एवं पुनर्वास निति से प्रभावित होकर कई जेजेएमपी कमांडर एवं सदस्यों ने आत्मसमर्पण किया है।पलामू आईजी।राजकुमार लकड़ा ने कहा कि सीआरपीएफ व जिला पुलिस के संयुक्त नेतृत्व में दोनों नक्सलियों का सरेंडर करना बड़ी उपलब्धि है। आगामी होने वाला चुनाव की दृष्टि से भी यह बड़ी सफलता है। उन्होंने सरेंडर कराने वाले सभी पुलिस पदाधिकारी को बधाई भी दी है।सरेंडर करने वाले मनोहर परहिया ने कहा कि लंबे समय से जंगल की रास्ता में भटक गए थे। पुलिस द्वारा आत्मसमर्पण नीति के बारे बताया गया। इसके बाद लगा कि इस नीति का लाभ उठाते हुए मुख्य धारा में लौटना चाहिए। एवं सामाज के साथ जुड़कर काम करना चाहीए।

## राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से लगा झटका


### * अमित शाह पर टिप्पणी के मामले में निचली अदालत में चलेगा ट्रायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** :कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से झटका लगा है. 2018 में अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया.अब इस मामले में राहुल के खिलाफ निचली कोर्ट में ट्रायल चलेगा. राहुल गांधी ने एमपी एमएलए कोर्ट के समन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया. पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. राहुल ने 2018 में बेंगलुरु में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्ति जनक टिप्पणी की थी. उस समय बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. गृह मंत्री अमित शाह से जुड़े इस मामले में राहुल गांधी की ओर से यह बयान दिया गया था कि कोई हत्यारा कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता. यह सिर्फ बीजेपी में ही हो सकता है. इसी बयान को लेकर रांची सिविल कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई गई थी. दूसरा और तीसरा मामला राहुल गांधी के इसी बयान से था, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के दिल्ली अधिवेशन में यह बयान दिया था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता, बीजेपी में ही कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है. राहुल गांधी के इस बयान को लेकर देशभर में कई जगहों पर मामले दर्ज हुए थे. झारखंड में भी चाईबासा और रांची में शिकायत को लेकर दो मामले दर्ज किए गए थे. राहुल ने ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. 16 फरवरी को राहुल गांधी का लिखित पक्ष कोर्ट में पेश किया गया, जिसके बाद जस्टिस अंबुज नाथ की बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था.

## झोपड़ी में लगी आग चार बहनें जिंदा जली



**एजेंसी**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के नवादा बिलसंडी गांव के एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई. शुक्रवार दोपहर को झोपड़ी में आग लगने से 3 मासूम बच्चियों की मौके पर जिंदा जलकर मौत हो गई. आग लगने से एक बच्ची गंभीर रुप से झुलस गई. जहां अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई.दर्दनाक हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है. पुलिस ने कहा कि नवादा बिलसंडी गांव में रामदास का मकान है. उसकी छत पर पुआल रखा हुआ था. दोपहर के समय उसमें आग लग गई. जलता हुआ पुआल झोपड़ी पर जाकर गिर गया. पूरी झोपड़ी में आग लग गई. कुछ बच्चियां उसी झोपड़ी के पास खेल रही थीं. आग की चपेट में मासूम बच्चियां भी आ गई. मासूम बच्चियां आग की लपटों के बीच में फंस गई. बच्चियों की चीख-पुकार सुनकर परिजन और पड़ोस के लोग मौके पर दौड़े. उन्होंने बॉल्टियां में पानी भरकर किसी तरह आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक चारों चचेरी बहनें बुरी तरीके से जल चुकी थीं. तीन की मौके पर मौत हो गई. एक ने अस्पताल में जाकर दम तोड़ दिया.इस दर्दनाक हादसे की जानकारी मिलते ही तमाम अफसर मौके पर पहुंच गए. सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख जताया है. स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने बरेली में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से बात की है. गंभीर रूप से झुलसी महिला के बेहतर से बेहतर इलाज किए जाने का निर्देश दिया है.

## दुनिया की सबसे मजबूत शक्ति बनेगा भारत : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**वाराणसी :** दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर आए पीएम मोदी ने काशी में दो जनसभाओं में शामिल होकर पूरे पूर्वांचल को साधा। उन्होंने अपने संबोधन में लोकसभा चुनाव जीतने का दावा भी किया। कहा कि यूपी ने सारी सीटें मोदी को देने का निर्णय कर लिया है। मोदी का तीसरा कार्यकाल सबसे प्रखर कार्यकाल होने वाला है। भारत का आर्थिक, सामाजिक हर क्षेत्र बुलंदी पर होगा। भारत 11वें नंबर से ऊपर उठकर 5वें नंबर पर आया। अब तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की सबसे मजबूत शक्ति बनेगा। देश को चार लेन, छह लेन, आठ लेन की सड़कें बन रही है। वंदे भारत चल रहा है। ऐसे ही विकास कार्य आए दिन होंगे। देश का कायाकल्प होने वाला है। इस भारत को विकसित भारत का इंजन बनाऊंगा।गठबंधन पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा माल वही है, पैकिंग नई है। इस बार यूपी की जनता ने मोदी की गारंटी वाली सरकार चुनने का निर्णय ले लिया है। इस बार जमानत भी नहीं बचेगी। पीएम ने कहा कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी करने वाली गारंटी। पीएम ने कहा यूपी और बिहार को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार काम कर रही है। भविष्य में बनारस से कोलकाता का समय करीब-करीब आधा होने वाला है। इन सड़कों पर आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। काशी यूपी ही नहीं देश की भी एक महत्वपूर्ण नगरी बनेगी। आने वाले दिनों में काशी मेक इन इंडिया का ज्ञान देगी। उन्होंने बनारस को मिनी पंजाब कहा। कहा कि संत रविदास की कृपा से ही यह संभव है। मैं रविदास की संकल्पों को आगे बढ़ा रहा हूं। मुझे उन्होंने ही सेवा का अवसर दिया है। यह मैं अपना सौभाग्य समझता हूं। पीएम ने कहा, आने वाले पांच वर्षों में काशी का नेशनल परिसर तैयार हो जाएगा। जिससे युवाओं को काफी फायदा होगा। बुनकरों को भी संबल प्रदान किया जाएगा। एक नया मेडिकल कॉलेज बनने वाला है।



### चंपाई कैबिनेट ने दी 29 प्रस्तावों को मंजूरी

## 100 की जगह अब 125 यूनिट बिजली फ्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में चंपाई सोरेन कैबिनेट की बैठक हुई. इसमें 29 प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लगी है. जिन प्रस्तावों पर कैबिनेट ने मंजूरी दी है उनमें ये प्रस्ताव शामिल हैं. अब झारखंड में 100 की जगह 125 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी. इसका लाभ राज्य के 29 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा. चंपाई सरकार ने इसे लेकर मंजूरी दे दी है. झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद बिहार के तीन इंजीनियरिंग कॉलेज के 102 कर्मचारियों को सरकार बेनिफिट देगी. इसे अभिभाजित बिहार के समय टेकओवर किया गया था. बोकारो अंतर्राष्ट्रीय विश्विद्यालय विधेयक 2024 को कैबिनेट ने मंजूरी दी है. झारखंड भवन दिल्ली के लिए 24 पद सृजित किये गये. झारखंड बिल्डिंग बायोलॉज में संशोधन को मिली स्वीकृति. बीआईटी मेसरा के साथ सरकार के एकरारनामा 2025 को मंजूरी.देवघर पुलिस लाइन में 225 बेडेड 6 बैरेक बनेंगे. जन वितरण प्रणाली की दुकानों में अब 2जी की जगह 4 जी पॉश मशीन दी जाएगी.राज्य योजनान्तर्गत दुग्ध संग्रहण, विधायन एवं विपणन योजना के तहत झारखंड मिल्क फेडरेशन के माध्यम से गिरिडीह एवं जमशेदपुर में नए डेयरी प्लांट एवं रांची के होटवार में मिल्क पाउडर प्लांट तथा मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना की जाएगी. इसके निमित्त कुल तीन अरब बीस करोड़ अड़तीस लाख रुपये की नाबार्ड अन्तर्गत आरआईडीएफ से संपोषित परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल एक अरब साठ करोड़ उन्नीस लाख रुपये के खर्च की स्वीकृति दी गयी. पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत चक्रधरपुर अनुमण्डलीय न्यायालय के लिए न्यायिक पदाधिकारियों के पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी.केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत क्रियान्वित पोषण अभियान योजना के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के लिए स्मार्टफोन्स के क्रय एवं आपूर्ति निमित्त दर संशोधन की स्वीकृति दी गई.




### कमलनाथ ने राहुल गांधी को बताया अपना नेता

**भोपाल (एजेंसी):** मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जाने की अटकलें थी. लेकिन अब तमाम अटकलों पर फुल स्टॉप लग गया है. कमलनाथ ने मतभेद और मनभेद भुलाते हुए राहुल गांधी को हमारा नेता बताया है. राहुल गांधी से बातचीत के बाद कमलनाथ एक्टिव हो गए हैं और वह पार्टी की मीटिंग में दिखने लगे हैं. उन्होंने लोगों से राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की अपील भी की है.

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार ह्रदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

संक्षिप्त खबरें

## माता शबरी जयंती पर लगेगा मेला, तैयारी में जुटी समिति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर :** प्रखंड अंतर्गत लिधकी पूर्व ग्राम में 24 फरवरी को माता शबरी जयंती के शुभ अवसर पर भव्य मेले के आयोजन किया जाएगा। मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें रामाशीष अकेला (बिहारी) एवं विनय बिहारी (पलामू) के बीच शानदार दोगोला कार्यक्रम होगा। ग्रामीणों ने एक बैठक का आयोजन किया जिसमें सरेख राम अध्यक्ष, जयकुमार राम सचिव, रामदास राम कोषाध्यक्ष चुने गए, समिति में विनय राम, बैजनाथ राम, उदेश राम, सुनील राम, राहुल राम, अमन राम, मुकेश राम, बाबुधन राम, अमन राम, गोविंद राम, आलोक राम, विशाल राम, श्यामनारायण राम, जोखन राम, रोहित राम, दीपक राम, बबलू राम सहित समस्त ग्रामीण मेला की तैयारी हेतु मेहनत कर रहे हैं।

# तेज रफ्तार दो कारों की आमने सामने टक्कर, दो युवक गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** नेशनल हाईवे फोर लाइन भव फैक्ट्री के निकट ओवरब्रिज सड़क पर दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें गाड़ियों की परखच्चे उड़ गए, यह घटना शुक्रवार की सुबह 7:00 बजे की है। लोगों ने बताया कि एक ही लाइन में दोनों करें एक दूसरे के विपरीत दिशा से आते हुए आमने-सामने से मारुति स्विफ्ट जेएच 01 सी यू 4766 एवं हुंडई ऐरा जेएच 03जी 3344 में आमने-सामने तेज रफ्तार से जोरदार टक्कर हो गई। मारुति स्विफ्ट डाल्टेनगंज से औरंगाबाद जा रही थी जबकि रॉन्ग साइड से हुंडई में सवार चार युवक छतरपुर से डाल्टनगंज की तरफ तेज रफ्तार से जा रहे थे जो असंतुलित होकर ओवर ब्रिज पर आमने-सामने टक्कर मार दिए जिसमें दो युवक मुनि साव का पुत्र सत्येंद्र कुमार ग्राम सड़मा, स्वर्गीय सुरेंद्र चौधरी का पुत्र अंग्रेज चौधरी ग्राम नाग बाबा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया घायलों को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर भेजा वहीं अन्य सवार लोगों को मामूली चोट लगी है वही अंग्रेज चौधरी को बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर रेफर कर दिया गया जबकि स्विफ्ट कर का चालक विजय कुमार चियाकी मेदिनीनगर निवासी गाड़ी का एयरबैग खुल जाने से पूरी तरह सुरक्षित है। मौके पर छतरपुर थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, मुन्शी उपेंद्र सहित दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर दोनों कारों को थाने ले गए और आगे की कार्रवाई में जुटे।



## पिपरा थाना में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा, पलामू :** पिपरा थाना प्रांगण मे दिन गुरुवार को देर शाम विदाई सह सम्मान समारोह आयोजन किया गया. इस मौके उपस्थित लोगो ने निवर्तमान थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह एसआई अभय आनंद पिनियश मुंडा के कार्यकाल पर प्रकाश डाला एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए सभी लोगों ने शुभकामनाएं दी.वही वर्तमान थाना प्रभारी एसआई बिमल कुमार से सभी लोगों ने अनुरोध किया स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं सम्मानित लोगों से संवाद कर लोकहीत में निर्णय लेंगे. इस क्षेत्र के लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है कोर्ट कचहरी के चक्कर में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. आशा करते हैं कि आपके कार्यकाल में भी पहले के जैसा क्षेत्र में शांति स्थापित रहेगा. इस मौके पर विक्रांत सिंह यादव अरविंद कुमार सिंह रामाशीष पासवान विकास तिवारी प्रिंस सिंह राजन सिंह विजय मेहता रामजी पासवान निरंजन सिंह छोटू सिंह सागर सिंह हरि यादव शिवाश्रय सिंह भीम सिंह अवध सिंह एएसआई सुरेंद्र सिंह अनिल कुमार नायक मुंशी महेश महतो एवं आईआरबी के सभी जवान उपस्थित थे।

## जमीनी विवाद में जमकर चली लाठियां, बाप बेटे घायल



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत ग्राम सड़मा कॉलेज के निकट जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें बंधु साहू और उनके बेटे चंदन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए परिजनों ने बताया कि हमारे खानदानी जमीन पर बगल के रहने वाले विजय सिंह दबंगई करते हुए जमीन को अपनी कब्जे में लेकर रोड निर्माण के लिए पीच प्लांट लगाने को लेकर जमीन संपतिकलां कर रहे थे इसका विरोध करने पर विजय सिंह ने बंधु साहू और चंदन कुमार दोनों को जमकर पिटाई किया जिसे घायल हो गए जिसका छतरपुर अनमंडल अस्पताल में इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर रेफर कर दिया वहीं सूचना मिलने पर छतरपुर छतरपुर थाना पहुंचकर मामले की जांच में जुड़ गई।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा कदाचार मुक्त हुआ

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद शुक्रवार को नहर मोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में मैट्रिक एवं इंटर की संस्कृत भाषा परीक्षा कदाचार मुक्त हुआ जिसमे मैट्रिक परीक्षा में कुल छात्र छात्राओं 499 उपस्थित रहे जबकि 2 छात्र किसी कारण वश अनुपस्थिति रहे मौके पर केंद्राधिक्षक नीरज कुमार दंडाधिकारी अभिषेक कुमार शिक्षक शंकर राम जितेन्द्र बहादुर सिंह प्रशांत कुमार आशीष मिश्रा कन्हाई मेहता अखिलेश यादव मनोज कुमार मेहता सिप बहादुर सिंह नारायण कुमार अभिजीत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# संत गाडगे महाराज की 148 वीं जयंती मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में स्वच्छता अभियान के जनक, सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत, समाज सुधारक संत गाडगे महाराज जी की 148 वी जयंती समारोह आयोजित की गई यह कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक छेदी बैठा ने की जबकि मंच संचालन संयुक्त रूप से व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने किया वहीं ।जयंती समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ,उद्घाटन कर्ता राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा नेता हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी विनोद कुमार सिंह, नवीनगर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार रजक, समाज सेवी राजकुमार रजक नवीनगर, सुदर्शन बैठा, विशिष्ट अतिथि, रामेश्वर राम, पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव, अजय गुप्ता, चंदन रजक, कर्नल संजय कुमार सिंह, सुदेश्वर राम, लालधान ठाकुर, पुनीत राम, सेवा निवृत शिक्षक छेदी बैठा, संचालन हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, आयोजनकर्ता, जयश्री बैठा, प्रमोद रजक, जनेश्वर बैठा, सत्यम रजक, धर्मेंद्र रजक सुरेश बैठा, दमुख्तार बैठा, शशि रंजन, बाबूलाल बैठा, गुड्डु रजक, सतेंद्र रजक, बच्चू बैठा, उपेंद्र रजक, राजकुमार रजक, मनोज रजक, सुनील रजक, मंटू रजक, दिनेश कुमार, दिव्यांशु रजक, मुरारी बैठा, रामसुंदर बैठा, उमेश रजक, कमलेश कुमार, गीता देवी, लखिया देवी, कलावती देवी, रीना देवी, फूलमती देवी।

# प्रखंड के सहायक अध्यापकों पारा शिक्षकों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड के सहायक अध्यापकों(पारा शिक्षकों) को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में जिला मास्टर प्रशिक्षक अखिलेश प्रसाद ने कहा कि किसी भी कार्य को करने से पूर्व उस कार्य की अच्छी जानकारी होना आवश्यक है.उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण को गम्भीरता से लेने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण सभी मतदान कर्मियों के लिये काफी महत्वपूर्ण है. प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी ही आपके कार्यो को आसान बना देगा.उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी विस्तार से दिया.उन्होंने कहा कि इस बार सभी मतदान कर्मियों को अपना मतदान करना आवश्यक है। उन्होंने मतदान कर्मियों को मतदान करने के लिये पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया की जानकारी दिया। उन्होंने ईवीएम के संचालन, मॉक पोल कराने, ईवीएम को सील करने सहित मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि सभी मतदानकर्मी निर्धारित वाहन से ही डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र तक जायेंगे.प्रशिक्षण में बिनोद ठाकुर, धीरेंद्र कुमार सिंह, बाबूलाल सिंह, बैजनाथ उरांव,ज्ञान प्रकाश, सुभाष राम, सुग्रीव राम, वीणा कुमारी, जगरनाथ राम, जगनारायण सिंह, प्रियंका कुमारी, साजिद अंसारी, मो0 निसार अहमद, कुमारी नीलम, कुमारी सुधा भारती, कुमारी रीना, समोद कुमार, विनोद कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई व मुसीबतो से उबरने को लेकर लोगों ने की दुआ

**केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड अंतर्गत बेलाबार व नावाडीह गांव के सैकड़ो मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को जुम्मा की नमाज के पश्चात झारखंड के माननीय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चार साल कुशलता पूर्वक नेतृत्व से प्रभावित होकर हाल ही में ईडी से पूछताछ के बाद जेल से जल्द रिहाई एवं आने वाली मुसीबतो से जल्द उबरने के साथ-साथ दीर्घायु को लेकर लोगों ने सामूहिक दुवाएं-खैर अल्लाह-ताअला से की गई। इस दौरान मस्जिद के इमाम मौलाना नसीम अहमद, अंजुमन कमेटी के सदर शमीम अंसारी, अज़ीम अंसारी, रेयाज अंसारी, जसमुदिन अंसारी, रुकुमुदिन अंसारी, इद्रीश अंसारी, मारूफ अंसारी अहमद राजा सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया बैठक



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक शुक्रवार को धुरकी मोड़ स्थित कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष अमर राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में पार्टी द्वारा आयोजित न्याय यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया. बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रखंड के सभी पंचायतों में न्याय यात्रा के तहत कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में ग्रामीणों की बैठक कर झारखंड सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। बैठक में आवश्यकतानुसार पंचायत स्तर पर नुक्कड़ सभा भी आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में झामुमो के केंद्रीय कमिटी सदस्य सूर्यदेव मेहता, जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान, अनुज दुबे, प्रखंड प्रभारी अमरनाथ पांडेय, जिला उपाध्यक्ष (क्रीड़ा मोर्चा) चंदन पांडेय, प्रखंड सचिव सुरेश शुक्ल, विनय कुमार ठाकुर, मुकेश कुमार सिन्हा, सभी पंचायतों के प्रभारी पर्यवेक्षक, पंचायत अध्यक्ष, सचिव, वरिष्ठ कार्यकर्ता व सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

# विश्रामपुर सीएचसी में आयुष्मान कार्ड बना मरीजों का सहारा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान गोल्डन कार्ड गरीबों का सहारा बन चुका है। इसके तहत मरीजों को जांच, इलाज, दावा और भोजन सब मुफ्त मिल रहा है.चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारकों को हर सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है.अभी इस योजना से लगभग 25 मरीजों का इलाज चल रहा है.गुरुवार को इस योजना के लाभार्थी मरीजों से चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने मुलाकात कर उनका हालचाल जाना.इसके अलावा सभी वार्डो का जायजा भी लिया। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को कई दिशा निर्देश दिया। मौके पर डॉ मनोज थामस, डॉ धीरज कुमार, बीपीएम पंकज पाण्डेय, अविनाश कुमार, फिरोज अंसारी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# अखंड कीर्तन सह भंडारा का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के अंतर्गत गांव लंगर कोट स्थित मां अम्बे ट्रेडर्स परिसर में श्री सीताराम नाम का 24 घंटे का अखंड कीर्तन संह भंडारा का आयोजन किया गया वहीं श्री सीताराम नाम का अखंड कीर्तन आचार्य रघुवंश तिवारी के द्वारा विधिवत पूजा मंत्रोच्चारण के साथ अखंड कीर्तन सम्पन्न हुआ मौके पर लालमोहन प्रजापति हुसैनाबाद पत्रकार संह मां बालविकास पब्लिक स्कूल निर्देशक जीतेन्द्र प्रसाद चंदन कुमार प्रजापति पंकज कुमार प्रजापति पिन्टू कुमार प्रजापति परमानंद प्रजापति अनमोल प्रजापति भिरगुनाथ सिंह ननंद कुमार यादव मुख्य पिन्टु ट कलाकार रामचन्द्र चौधरी प्रमोद कुमार चौधरी मिथिलेश कुमार सिंह बिक्रमा पासवान सुदामा कुमार पासवान नागेन्द्र कुमार राम उर्फ निरउहा शंकर शर्मा शिवपूजन चौधरी गोपाल पटेल गीरजा पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रखंड सतर्कता समिति की बैठक स्थगित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड सभागार मे प्रखंड सतर्कता समिति की बैठक प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी की अध्यक्षता मे 23 फरवरी 2024 दिन शुक्रवार की आहूत की गई थी। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय से पत्रांक 18 दिनांक 20/02/2024 के आलोक मे पत्र निर्गत गई थी। उपरोक्त प्रखंड सतर्कता समिति के सभी मुखिया ,पंचायत समिति ,मनोनीत सभी सदस्यों की पत्रों की माध्यम से अवगत करायी गई थी , बैठक मे नावाटांड पंचायत के मुखिया निर्मला देवी, लालगाड़ा ,डगरा ,खैरदोहार और करकट्टा पंचायत के पचायत समिति सदस्य की छोड़कर शेष पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति सदस्य एवं पदाधिकारी बैठक मे नहीं पहुँच सके। जिसके कारण बैठक स्थगित कर दी गई। बैठक मे शामिल नहीं होने वाली प्रखंड सतर्कता समिति के सभी सदस्यय एवं पदाधिकारी से प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपन ने शॉ काउज मांगा है और अगले बैठक निर्धारित समय पर बैठक मे उपस्थित होने का निर्देश दिया।

## पुल निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने के खिलाफ सांसद प्रतिनिधि ने उठाए बड़े कदम



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय से कुछ दूरी पर देवरी नदी के पास पीडब्ल्यूडी विभाग से 80 लाख रुपए की लागत जिसका तीस प्रतिशत निचे लगभग 56 लाख रुपए की लागत से पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है। जहां शुरुआती दौर से ही निर्माण कार्य अनियमितता के भेंट चढ़ी है।इसी सिलसिले में शुक्रवार को पुल ढलाई का काम शुरू होने वाला था जिसकी सूचना स्थानीय सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद को मिली तत्काल उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ निर्माण स्थल पर पुल निर्माण कार्य का मुआयना किया। वहीं निर्माण कार्य में घटिया सामग्री और लोकल स्टील का उपयोग करने पर नाराज़गी जताई और संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात करते कार्रवाई की मांग की जिसपर अभियंता ने लोकल स्टील को तत्काल हटाने का निर्देश संवेदक को दिया गया।इस तरह संवेदक छत की ढलाई का काम रोकते हुए स्टील हटाया। बताते चलें कि झारखंड सरकार द्वारा एक निर्णय ने निविदा प्रक्रिया को भ्रष्टाचार के दलदल में डाल दिया है। जहां सरकार द्वारा नियम के मुताबिक प्राक्कलन का लगभग 40 प्रतिशत तक बिलोव में कार्य आवंटित किया जा सकता है जो कि संवेदक बिना सोचे समझे तीस से चालीस प्रतिशत बिलोव में काम ले लेते हैं जिसका बुरा प्रभाव विकास कार्यों पर पड़ता है और संवेदक घटिया निर्माण कार्य करने को मजबूर हो जाते हैं। वहीं कमीशनखोरी जस की तस रहती है। उक्त पुल निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता का कारण है कि 80 लाख रुपए का डीपीआर तैयार हुआ और लगभग प्राक्कलित राशि 56 लाख रुपए से ही निर्माण कार्य किया जाना है।

# बस पलटी, दर्जनों बच्चे घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** शुक्रवार की सुबह हुसैनाबाद के बच्चों को नबीनगर (बिहार) लेकर जा रही बस गोगो ठेंगों गांव के समीप पलट गई। बस में सवार दर्जनों बच्चों को गंभीर चोट आई, जबकि अन्य बच्चे भी मामूली रूप से घायल हैं। अभिभावकों का आरोप है की दो बस के बच्चों को एक ही बस में ठूंस कर ले जाया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया है की बस का ड्राइवर शराब के नशे में था। उसे एक बार इसी वजह से हटाया भी गया था। जबकि प्रबंधन ने उसे पुनः रख कर बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। अभिभावक डा एजाज आलम ने बताया कि उनकी बच्ची शरिया एजाज भी घायल है। इसके अलावा आयुष कुमारी, लक्ष्मी लता, रिचा कुमारी, नवाब अली, आरएन पाठक, शबाहत, फैजल खान, स्वामी कुमारी का इलाज नबीनगर के निजी क्लीनिक में किया गया। खबर मिलते ही सभी बच्चों के अभिभावक घटनास्थल पहुंच कर बच्चों का हाल जाना। जिन बच्चों को अस्पताल भेजा गया था। उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। नबीनगर पुलिस घटना स्थल पहुंच कर बस को कब्जे में ले लिया है। जबकि चालक भागने में कामयाब रहा। घटना की खबर मिलते ही हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तत्काल कार्यकर्ताओं को नबीनगर भेज कर पूरी घटना की जानकारी ली।उन्होंने एक एक बच्चे का हाल जाना। उन्होंने क्षमता से अधिक बच्चों को बस ने ले जाने और नशे के आदि चालक को स्कूल प्रबंधन द्वारा रखे जाने का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कर सभी दोषी लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को सबक मिलना चाहिए, जिससे आगे इस तरह की घटनाएं नहीं हो। उन्होंने कहा है कि उन्हें हुसैनाबाद के सभी बच्चों से पूरी हमदर्दी है। विधानसभा सत्र नहीं होता तो वह खुद पहुंच जाते। उन्होंने एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, युवा अध्यक्ष हरी सिंह, सचिव हंसराज सिंह व अजय चंद्रवंशी की नबीनगर अस्पताल भेज कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली है। उन्होंने घायल बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने केतार के परती कुशवानी में निकला न्याय मार्च यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत परतीकुशवानी में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जेल से रिहाई को लेकर समर्थित नेता एवं कार्यकर्ताओं ने न्याय मार्च यात्रा निकाला। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिंदाबाद, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन जिंदाबाद एवं हेमंत सोरेन को रिहा करो जैसे नारे लगाए गए। यात्रा के पश्चात लोगों ने सामूहिक बैठक कर केंद्र सरकार पर खूब निशाना साधते हुए कहा की हमारे नेता की झारखंड में लोकप्रियता एवं कुशल नेतृत्व को देख केंद्र सरकार घबरा गई है। जिसे लेकर एक सोची-समझी षड्यंत्र के तहत केंद्रीय एजेंसी को लगाकर हमारे यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डालने का काम किया है। जिसका जवाब अहंकारी भाजपा पार्टी को जनता आगामी लोकसभा चुनाव में मत के बदौलत देगी। उक्त बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर प्रसाद व संचालन प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिहं ने कीया। इस मौके पर जिला सचिव कामता प्रसाद,जिला कार्यसमिती सदस्य रामविचार साहू, युवा नेता पंकज सिहं,सुरेंद्र सिंह, उदय प्रसाद, सुरेश कुमार, सुशील कुमार यादव, सुरेन्द्र प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं ने ली मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की शपथ

**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराना है। आसन्न लोकसभा चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता सामने आये,ताकि मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो। इस क्रम में शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में मतदाता जागरूकता का शपथ ग्रहण किया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी सेविकाएं को शपथ दिलाया। इस दौरान सेविकयो ने समाज के प्रबुद्ध नागरिकों को अपने मत का दान करने के लिए और चुनाव में अपनी भागादारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। जागरूकता संबंधित पम्पलेट का वितरण कर अधिक से अधिक लोगो को मतदान की उपयोगिता का संदेश दिया गया। मौके पर लोगों ने शपथ ली कि हम,भारत के नागरिक,लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म,वर्ग,जाति,समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर जिला समाज कल्याण कार्यालय के गौतम दत्ता,एम राजा सहित प्रखंड की सभी सेविका मौजूद थी।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची के हरमू मैदान में पासवान महासम्मेलन 25 को

**रांची :** राजधानी के हरमू मैदान में 25 फरवरी को पासवान महासम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से पासवान समाज के लोगों का महाजुटान होगा। पासवान समाज के बबलू पासवान ने शुक्रवार को कहा कि इसमें सभी जिलों की महिलाएं लाल पगड़ी और साड़ी पहनकर पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ महासम्मेलन में शिरकत करेंगी। इस दौरान भव्य शोभायात्रा हरमू मैदान से अरगोड़ा चौक होते हुए वापस हरमू मैदान आएगी।

### मुख्यमंत्री का मुख्य सचिव सहित अन्य ने किया अभिवादन

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का मुख्य सचिव एल खियांग्ते सहित अन्य ने अभिवादन किया। साथ ही मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने भी मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

### मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष का किया अभिवादन

**रांची :** विधानसभा के बजट सत्र प्रारंभ होने के पूर्व शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो का मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अभिवादन किया।



# ब्राउन शुगर की पांच पुड़िया के साथ दो युवक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन सिन्हा राँची को सूचना मिली की लोअर बाजार थाना क्षेत्र के बसर टोली से बिशप स्कूल जाने वाले रोड पर दो युवक नशीले पदार्थ का बिक्री कर रहे है। उक्त सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक, सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक, नगर राँची के नेतृत्व में दयानन्द कुमार पुनि सह थाना प्रभारी लोअर बाजार, सअनि श्यामजी शर्मा, सअनि भीम सिंह, सअनि राम गणेश मंडल एवं बल को शामिल कर एक टीम गठन किया गया। गठीत टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में मून वॉटर से पूरब विशप स्कूल की जाने वाली सड़क पर टीम द्वारा अभियुक्तो की विधिवत तलाशी लिया गया तलाशी के क्रम में सफेद कागज के पुडिया पाँच पीस जिसमे भूरा रंग का पावडर का पुडिया (ब्राउन सुगर) 2. 6540 रुपया सफेद कागज के पुडिया चार पीस जिसमे भूरा रंग का पावडर का पुडिया (ब्राउन सुगर) रियल मी कम्पनी का मोबाईल विवो कम्पनी का मोबाईल बरामद कर घटनास्थल से दोनो अभियुक्तो मो0 उमर उम्र- 24 वर्ष मिल्लत कॉलोनी पत्थलकुदवा मस्जिदे हीरा के पास थाना लोअर बाजार जिला राँची मो प्रिंस उम्र- 19 वर्ष मिल्लत कॉलोनी पत्थलकुदवा रोड नं- 06 थाना लोअर बाजार जिला राँची को साथ गिरफ्तार किया गया जिस संबंध में लोअर बाजार थाना कांड सं0-55/24 22.02.2024 धारा- 21/22 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है।

#### बरामदगी

सफेद कागज के पुडिया पाँच पीस जिसमे भूरा रंग का पावडर का पुडिया (ब्राउन सुगर), 6540 रुपया, सफेद कागज के पुडिया चार पीस जिसमे भूरा रंग का पावडर का पुडिया (ब्राउन सुगर), रियल मी कम्पनी का मोबाईल , विवो कम्पनी का मोबाईल ।

#### छापामारी दल में शामिल

1पुलिस उपाधीक्षक, कुमार विनोद रमण (नगर) राँची, पुनि सह थाना प्रभारी दयानन्द कुमार, सअनि श्यामजी शर्मा,सअनि भीम सिंह, सअनि राम गणेश मंडल, थाना सशस्त्र बल शामिल था।

# विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण से उन्हें स्कूल आने-जाने में काफी सुविधा होगी : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त रांची सह अध्यक्ष जिला स्तरीय गठित साईकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा - 23 फरवरी 2024 को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला अन्तर्गत अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति/पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक जाति के छात्र-छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2023-24 में साइकिल वितरण अनुमोदन हेतु जिला स्तरीय गठित साईकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निदेशक आई.टी.डी.ए. रांची, संजय कुमार भगत, जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची, मिथलेश केरकेट्टा, जिला कल्याण पदाधिकारी रांची एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, राँची द्वारा बताया गया कि सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में जिलान्तर्गत सरकारी विद्यालयों में वर्ग - 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति / अल्पसंख्यक एवं पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण का अनुमोदन जिला स्तरीय गठित साईकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति द्वारा की जानी है। जिसपर उपायुक्त रांची सह अध्यक्ष जिला स्तरीय गठित गठित साईकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति, श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिला स्तर पर सभी प्रखंड से प्राप्त कुल-19349 छात्र/छात्राओं का अनुमोदन हेतु जिला स्तरीय गठित साईकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में करने का निर्णय लिया गया।उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने कहा की साईकिल वितरण से सरकारी विद्यालयों में वर्ग - 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति /अल्पसंख्यक एवं पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण हो जाने में उन्हें विद्यालय आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी जिससे सभी विद्यालय सुगमता के साथ पहुंचेगे।

# मुख्यमंत्री ने यंग इंडिया रैली को दिया समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर 28 फरवरी को आयोजित यंग इंडिया रैली को समर्थन दिया है। साथ ही कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में छात्र युवाओं का मुद्दा उनकी पार्टी का प्रमुख एजेंडा बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को बचाने के लिए छात्र-नौजवानों को आगे आना जरूरी है। हम छात्र नौजवानों की लड़ाई के साथ है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आज भाकपा माले विधायक विनोद सिंह, आईसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ एवं छुटूराम महतो ने मुलाकात की और यंग इंडिया रैली के लिए समर्थन मांगा। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में छात्र-युवाओं के एजेंडे पर इसके लिए यंग इंडिया चार्टर 2024 सौंपा।

# झारखंडी जनता के जवाब के लिए तैयार रहे केंद्र : झामुमो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष नौवें दिन शुक्रवार को धनबाद जिला समिति अध्यक्ष लखी सोरेन की अध्यक्षता में उपवास रखा। मौके पर लखी सोरेन ने कहा कि झारखंडी जनता के जवाब के लिए केंद्र सरकार तैयार रहे।

रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में लोगों में रोष है। इसी का परिणाम है कि गांव-गांव में न्याय यात्रा निकाले जा रहे हैं। अलग-अलग संगठन भी धार्मिक स्थलों पर पूजा-पाठ और दुआएं कर रहे हैं। केंद्र की तानाशाही का अंत 2024 में जरूर होगा। उपवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी, धनबाद जिला समिति के केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय, धरणीधर मंडल सहित अन्य कई नेता मौजूद थे।

# सीएम से मिले गोमिया विधायक बेरमो को जिला बनाने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिला. इस दौरान सीएम से बेरमो को जिला बनाने की मांग की गई. उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष कई तर्क रखे जिससे बेरमो को जिला बनाया जाये. बेरमो को जिला बनाने की मांग को ले कर पिछले 80 दिनों से बेरमो अनुमंडल कार्यालय के बाहर घरना पर बैठे हैं. इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर चुके हैं. वहीं बेरमो जिला बनाओ के आंदोलनकारियों ने तेनुघाट से रांची तक का पद यात्रा भी कर चुके हैं. सीएम से मुलाकात में अधिवक्ता संघ बेरमो के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, सचिव वकील महतो, कुलदीप प्रजापति ,मिथुन चन्द्रवंशी और मुकेश कुमार शामिल रहे.

# सरला बिरसा स्कूल के आदित्य ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम रैंक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एसओएफ अंतर्राष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. कक्षा 2 के अभ्युदित आदित्य ने स्कूल स्तर पर प्रथम रैंक के साथ-साथ जोनल एवं रीजनल स्तर पर भी प्रथम रैंक हासिल किया है. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें स्वर्ण पदक, विशिष्ट पदक और उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रमाण-पत्र के साथ 1000 रुपये का इनाम मिला. उन्होंने प्रॉबलम सॉल्विंग स्किल, रिजनिंग, गणितीकरण, विश्लेषणात्मक सोच, सटीकता और आवश्यक दक्षताओं का प्रदर्शन किया. समय प्रबंधन के कारण उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई. कक्षा 1 के बाल अवनीश श्रीवास्तव को विशिष्टता और क्षेत्रीय उत्कृष्टता के प्रमाण-पत्र के साथ विशिष्टता पदक और 500 रुपये का उपहार मिला. 9 छात्रों को विशिष्टता पदक, विशिष्टता और क्षेत्रीय उत्कृष्टता के प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए. 48 विद्यार्थियों को उत्कृष्टता हेतु स्वर्ण पदक प्रदान किये गये. इस मौके पर विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छात्रों की उपलब्धि की सराहना की. प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की उपलब्धि की सराहना की. उन्होंने अन्य छात्रों को भी गणित का आनंद लेने के लिए प्रोत्साहित किया, क्योंकि यह संख्याओं की जादुई दुनिया है जिसका सदुपयोग व्यावहारिक जीवन में भी होता है.

# राज्यपाल ने 37 एनसीसी कैडेटों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को राजभवन में नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर-2024 में भाग लेने वाले झारखंड राज्य के कुल 37 एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया। उन्होंने कैडेटों से संवाद करते हुए कहा कि हमारे इन कैडेटों ने प्रतिनिधित्व कर अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से राज्य का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि वे अधिकारी भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने एनसीसी कैडेटों को इसके लिए अथक परिश्रम किया। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी अपनी विविध गतिविधियों के माध्यम से हमारे देश के युवाओं को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। एनसीसी रक्तदान, साक्षरता, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसी सामाजिक सेवा गतिविधियों की दिशा में भी सक्रिय रहता है। एनसीसी युवाओं के लिए अपने व्यक्तित्व को विकसित करने और देश की प्रगति में योगदान देने का एक उत्कृष्ट संगठन है। यह उनमें अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना पैदा करता है, जो किसी भी नागरिक के लिए आवश्यक गुण हैं। उन्होंने कहा कि एक अनुशासित व्यक्ति ही अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। समारोह में मेजर जनरल एएस बजाज, एडीजी, बिहार और झारखंड निदेशालय और अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सिल्क उद्योग का लोगों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदानः राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सिल्क उद्योग का लोगों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान है। इस उद्योग में किसान और श्रमिकों का भी अहम योगदान है। उन्होंने नवनियुक्त वैज्ञानिकों को कहा कि इस क्षेत्र को नवाचार, नई तकनीकी और नई प्रणाली के साथ विकसित करने की आवश्यकता है ताकि विश्व के मानचित्र पर भारत सर्वाधिक सिल्क उत्पादन और निर्यात करने वाला देश बन सके। इससे देश आर्थिक प्रगति के साथ-साथ किसान और श्रमिकों के आय में वृद्धि होगी। राज्यपाल रांची में शुक्रवार को केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के केन्द्रीय रेशम बोर्ड के 66 नवनियुक्त वैज्ञानिकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में तसर सिल्क और बाजार की मांग के अनुरूप तसर से संबंधित उत्पादों में विविधता लाने की आवश्यकता है। इस अवधारणा के साथ कार्य करने पर विश्व के अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। प्रतिस्पर्धा के लिए आत्मविश्वास और सतत प्रयास आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कोरोना का टीका विकसित करने और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान के लैंडिंग के लिए वैज्ञानिकों का निरंतर उत्साहवर्धन किया एवं हमारे वैज्ञानिकों ने आत्मविश्वास के साथ सफलता हासिल की। राज्यपाल ने कहा कि सिल्क उद्योग के विकास में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय भी आवश्यकतानुसार अपनी भूमिका निभाएगा। उद्योग के विकास के लिए आवश्यकता अनुसार उच्च संस्थानों का सहयोग भी प्राप्त करना चाहिए। इससे नई तकनीकी, नए कौशल, नए उत्पाद इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त होती है और उद्योग को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी वैज्ञानिकों को प्रतिबद्धता से निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तक का विमोचन भी किया।

### विधानसभा अध्यक्ष ने की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक

**रांची:** विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बादल, मंत्री बसंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सीपी सिंह, सुदेश महतो, सरयू राय, नीलकंठ सिंह मुंडा, मथुरा महतो, नलिन सोरेन, प्रदीप यादव, अपर्णा सेन गुप्ता, विनोद सिंह और डॉ लंबोदर महतो भी उपस्थित थे।

# पेपर लीक कर छात्रों की जिंदगी से खिलवाड़ की सीबीआई जांच की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखण्ड में परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक कर छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने एवं सीबीआई जाँच करने की माँग को लेकर प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा का आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राजभवन जाकर महामहिम राज्यपाल से मुलकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज कर रहे थे।

मौके पर शशांक राज ने कहा कि झारखण्ड में सरकार की विफलता का परिचय यहां के छात्रों की दयनीय स्थिति के माध्यम से देखी जा सकती है कि वर्तमान सरकार के गठन के 4 साल से अधिक बीत जाने पर भी एक झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का संचालन नहीं किया जा सका है, यद्यिप बीते 28 जनवरी 2024 को इसका परीक्षा लिया भी गया तो इसमें वृहद स्तर पर घांधली और पेपर लीक का मामला उभरकर सामने आया जिसके कारण मात्र 4 घंटे के अन्दर आयोग को यह परीक्षा रद्द करनी पड़ी. उन्होंने कहा कि छात्रों की भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले को चैन से रहने नही देंगे. साथ ही कहा कि जेएसएससी-सीजीएल प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआई जाँच कराने को लेकर सड़क पर संघर्ष करते रहेगी भारतीय जनता युवा मोर्चा।

# भारत व इंग्लैंड के बीच रांची के जेएससीए स्टेडियम में चौथे टेस्ट मैच शुरू

**प्रभातउ मंत्र संवाददाता**



**रांची।** शुक्रवार को भारत और इंग्लैंड के बीच रांची के जेएससीए स्टेडियम में चौथे टेस्ट मैच खेला गया। इंग्लैंड ने टॉस जीता। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ रांची में चल रहे चौथे टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। पहला दिन इंग्लैंड के नाम रहा।

शुरुआती विकेट जल्दी गंवाने के बाद इंग्लिश टीम मैच में वापसी करने में सफल रही है। दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 7 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 302 रन लगा दिए हैं। इंग्लैंड की ओर से अकेले लड़ाई लड़ रहे हैं और 106 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। वहीं, ओली रोबिन्सन 31 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। जैक क्राउली ने 42 रन का योगदान दिया।

गेंदबाजी में टेस्ट के पहले दिन भारत की ओर से आकाश दीप ने सर्वाधिक 3 विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट चटकाए। इंग्लैंड की प्लेइंग 11 - जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फॉक्स, टॉम हार्टली, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर। भारत की प्लेइंग 11 - रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा, ध्रूव जुरैल, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, आकाशदीप और मोहम्मद सिराज। पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड 302/7 पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने स्कोर बोर्ड पर 7 विकेट खोकर 302 रन लगा दिए हैं। जो रूट शतक जमाने के बाद 106 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। वहीं ओली रोबिन्सन 31 रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हो चुकी है। आकाश दीप की गेंद पर चौका लगाने के साथ ही अपना शतक पूरा कर लिया है। कमाल की पारी रूट के बल्ले से दबाव में।

# जुमार नदी पर बनेगा राजधानी का सबसे बड़ा शवदाह गृह

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के जुमार नदी पर राजधानी का सबसे बड़ा शवदाह गृह बनेगा.सांसद संजय सेठ की पहल पर 7.5 करोड़ रुपये में इसका निर्माण किया जाएगा. यहां विद्युत शवदाह के साथ चूल्हे की भी व्यवस्था होगी. सांसद ने शुक्रवार को प्रस्तावित शवदाह गृह के स्थल का निरीक्षण किया. कहा कि यह अत्याधुनिक शवदाह गृह होगा, जहां लोग पारंपरिक रीति रिवाज से भी और विद्युत के माध्यम से भी अंतिम संस्कार कर सकेंगे. कहा कि इस स्थल पर रिम्स के लावारिस शवों का भी अंतिम संस्कार किया जाता है. ऐसे शवों की संख्या भी दर्जनों में होती है, ऐसी स्थिति में शवदाह गृह का निर्माण होने से यह कार्य भी सुगमता पूर्वक हो सकेगा. सांसद ने बताया कि शवदाह गृह में चार भवन भी बनेंगे. इसके अलावे अन्य कई



सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी.

## प्रखंड के घेराव कार्यक्रम हेतु लाली में बैठक

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड के सुदूर क्षेत्र लाली पंचायत में आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के द्वारा एक बैठक सेरेंग टोली में किया गया । प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्यापक भ्रष्टाचार एवं जाति, आवासीय,आय प्रमाण पत्र बनाने में अत्यधिक समय लेना, जिसके कारण छात्र - छात्रों को छात्रवृत्ति फार्म नहीं भर पा रहे साथ ही कालेज एडमिशन में दिक्कत हो रही है।इन सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर 27-2-2024 को प्रखंड घेराव किया जा रहा है ,समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने छात्र - छात्रों से अपील किया है कि भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावे । मौके पर मुखिया नन्हे कच्छप,52 पडाह अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, पास्कल लकड़ा, संजय लकड़ा, अलबर्ट तिर्की,चामू बेग, लक्ष्मण लकड़ा, पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुरी ओपी में नए प्रभारी ने पदभार संभाला

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी में प्रभारी के रूप में कुंदन कुमार सिंह ने शुक्रवार को अपना पदभार संभाला। कुंदन कुमार सिंह इससे पहले गुमला जिले में अपना योगदान दिए थे। मुरी ओपी में पदभार संभालते ही पत्रकारों से परिचय प्राप्त किया और कहा की मैं अपनी जिम्मेदारी बाखुबी निभाउंगा। क्षेत्र में अमन शांति बना रहे इसका मैं हमेशा ख्याल रखूंगा।



## मांडर थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में राहुल ने पदभार ग्रहण किया

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में राहुल ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी विनय कुमार यादव से पदभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राहुल ने कहा कि लोगों के सहयोग से क्षेत्र में अमन चैन कायम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित करने की कोशिश की जाएगी। जनता किसी भी वक्त अपनी समस्याएं लेकर थाना आ सकती है। यथासंभव पुलिस की ओर से मदद दी जाएगी।



## विधायक शिल्पी ने मांडर प्रखंड क्षेत्र में कई योजनाओं का किया शिलान्यास

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर प्रखंड के कंदरी दामाद कॉलोनी में विधायक योजना मद द्वारा झखरा स्थल सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास विधिवत परम्परिक रीति रिवाज से मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया गया। शिलान्यास से पूर्व, विधायक झखरा स्थल पर पानी ढालकर एवं माथा टेक्कर मां सरना को याद किया। साथ ही अपने विधानसभा क्षेत्र वासियो के सुख समृद्धि एवं अच्छे जीवन के लिए प्रार्थना किया। वहीं विधायक मद योजना से बरगड़ी ढौठा टोली मे पी.सी.सी. पथ का शिलान्यास किया। मौके पर मंगा उरांव सेरोफिना मिंज, अनुप राम, सहित कई लोग उपस्थित थे।



## लीज भूमि पर बने भवनों को सरकारी संपत्ति घोषित कर बेचने पर लगे रोक

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसीसी सेवानिवृत कामगार संघ के द्वारा एसीसी लीज भूमि संबंधित एक ज्ञापन अंचल अधिकारी को सौंपा गया.ज्ञापन में बताया गया है कि खलारी तथा बुकबुका मौजा में राज्य सरकार द्वारा एसीसी कंपनी को दी गई लीज भूमि है. 31.12.1989 को लीज समाप्त हो गया है.एसीसी वर्ष 1990 में ही खलारी सीमेंट कारखाना बेचकर चली गयी.एसीसी कंपनी द्वारा दिए गए लीज नवीकरण के लिए दिए गए द्वितीय आवेदन पर सरकार ने अब तक विचार नहीं किया.वर्ष 2022 से एसीसी कंपनी अडानी ग्रुप का हिस्सा हो चुका है. खलारी सीमेंट लिमिटेड प्रबंधन सरकार द्वारा एसीसी कंपनी को दिए गए सैकड़ो एकड़ लीज भूमि का उत्तराधिकारी होने का दावा करते हुए विगत करीब 30-32 वर्षो से सरकार के सैकड़ों एकड़ भूमि का व्यवसायिक इस्तेमाल कर रहा है.इसी आधार पर प्रबंधन द्वारा सरकार की लीज जमीन पर बने भवनों, क्वार्टरों का कब्जा दूसरे लोगों को बेचा जा रहा है अथवा भाड़ा वसूला जा रहा हैं.ज्ञापन में बताया गया कि खलारी स्टेशन रोड में कई भवन को बेचा गया है.खरीदे गए भवनों पर निर्माण कर दुकान खोल दिया गया है तथा निर्माण की तैयारी है. कहा गया है कि सरकारी लीज भूमि पर बने भवन सहित कामगार क्वार्टर सरकार के हैं. इसलिए इसे खलारी सीमेंट लिमिटेड व उनके मालिक द्वारा बेचे जाने या भाड़ा वसूलने पर तत्काल रोक लगाया जाय. लीज भवनों के खरीदारों को नोटिस कर उसके स्वामित्व की जानकारी ली जाय. एसीसी लीज भूमि पर बने भवनों को सरकारी संपत्ति घोषित करते हुए भविष्य में बेचने पर रोक लगाने संबंधी एक आम आदेश जारी किया जाय.ज्ञापन सौंपने वालों में रामप्रीत यादव, जुगेश्वर राम, दिलीप पासवान, रवीन्द्रनाथ चौधरी, प्रताप यादव, विवेकानंद कुमार, अशोककुमार शुक्ला, शंभू सिंह, रोशन कुमार, संजीत सिंह, एसएन सिंह, अशोक राम आदि शामिल थे।

## तबीयत खराब होने से सीसीएल कर्मचारी की हुई मौत, लोगों ने जताया शोक

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया के जीएम यूनिट में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी 55 वर्षीय सीसीएल कर्मचारी जयंत तिग्गा पिता स्व बेरनाठ तिरगा का शुक्रवार की सुबह तबीयत खराब होने से निधन हो गया।मृतक सीसीएल कर्मचारी पिपरवार थाना क्षेत्र के ठेंठागी गांव का रहने वाला था और वर्तमान मे वह बचरा 122 कालोनी के एक क्वाटर मे रहकर बचरा बुस्टर पम्प हाउस मे ड्युटी करता था। उनके परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद परिजनों ने उसे तुरंत बचरा क्षेत्रीय अस्पताल लाया,लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।इधर सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी,कर्मचारी एवं श्रमिक प्रतिनिधि बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मौके पर श्रमिक प्रतिनिधियों ने सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन से मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग की। वहीं प्रबंधन के द्वारा कागजी प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही उनके एक आश्रित को नौकरी देने का आश्वासन दिया।मृतक सीसीएल कर्मचारी जयंत तिग्गा के निधन पर उनके तीन पुत्र और दो पुत्री व पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।इधर सीसीएल कर्मचारी जयंत तिग्गा के निधन पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने शोक प्रकट किया है।मौके पर पिपरवार के प्रभारी एसओपी नागेश गोपालन, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,निर्मल सिंह,हिमांशु चाटर,निर्मल उरांव,अलेकजेण्डर तिग्गा, रामजीत राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## गोमा भगत बगीचा में कांग्रेस पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोमा भगत बगीचा कर्रा में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की प्रखंड स्तरीय बैठक प्रखंड अध्यक्ष संजीव परधिया की अध्यक्षता में किया गया. बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष कालीचरण मुंडा उपस्थित रहे. बैठक में मुख्य रूप से बहुत कमेटी की गठन को लेकर विशेष चर्चा की गई मुख्य अतिथि कालीचरण मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के लिए है और कार्यकर्ता के बल पर ही हम चुनाव में अपनी जीत हासिल कर सकते हैं चुनाव का समय नजदीक है कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ अपना काम करें आगामी चुनाव को लेकर मुंडा ने कार्यकर्ताओं को विशेष दिशा निर्देश दिया. चुनाव को लेकर आगामी 7 मार्च को प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक रखी गयी है. जिसमें उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से कहा गया किस दिन अधिक से अधिक लोग बैठक में उपस्थित रहे. मौके पर कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष खूंटी रवि मिश्रा उपाध्यक्ष विनोद भगत, विल्सन टोपनो, परवेज खान, प्रदीप देवघरिया, सयूम अंसारी, भोला खान, राम सिंह भगत के अलावे अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अशोक परियोजना मे केंद्र सरकार के किसान व मजदूर विरोधी नीतियों का हुआ विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना में शुक्रवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के द्वारा दिलीप महतो की अध्यक्षता में संयुक्त-किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन के द्वारा आहूत काला दिवस के समर्थन में सभा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार के किसान एवं मजदूर विरोधी नीतियों का पुरजोर तरीके से विरोध किया गया।सभा को सम्बोधित करते हुए सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य अरविंद शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा किसान पर जो अकारण बल प्रयोग किया गया,जिससे पंजाब भटिण्डा के किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई एवं दर्जनों घायल हो गए।इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। सरकार किसान मजदूरों की आवाज दबाना चाह रही है। यह तानाशाही है इसका हम सभी जोरदार विरोध करते हैं।साथ ही सरकार से मांग करते हैं कि किसानों पर जुल्म करना बंद कर लोकतंत्र के सही रास्ते से किसान मजदूरों की मांगो को पूरा करे।मौके पर रहमतुल्लाह, कुवंर महतो, ऋषिकेश मिश्रा, विराट आनंद, संतोष कुमार, राजू भुईया, बल्कू गंझू, लालजीत मुण्डा, आर्यन स्वांसी, ज्ञानी महतो, शंकर महतो, गीता देवी, राजमनी देवी, आशा देवी, राखी कुमारी, उपेन्द्र कुमार, जगदीश महतो, टेसलाल राम सहित कई कोयला मजदुर उपस्थित थे।

## उपायुक्त द्वारा जिला स्तरीय पशु मेला प्रदर्शनी-सह- कार्यशाला का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला स्तरीय पशु मेला प्रदर्शनी-सह- कार्यशाला का उपायुक्त लोकेश मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया गया। इसमें जिला पशुपालन पदाधिकारी-सह-जिला गव्य विकास पदाधिकारी, खूँटी डॉ0 तेरेसा तिर्की, सुरेश कुमार गव्य तकनिकी पदाधिकारी, जिला गव्य विकास कार्यालय, खूँटी के साथ साथ जिले के सभी प्रखड़ों के पशु चिकित्सकों ने भाग लिया।

**ग्रामीण पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने के उद्देश्य से कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं : उपायुक्त**

उपायुक्त ने पशुपालकों को प्रेरित करने के क्रम में कहा कि वर्तमान में उन्नत गतिविधियों के माध्यम से पशुपालकों को उचित अवसर भी मिल रहे हैं। इससे उन्हें अपनी आजविका को बेहतर बनाने में सहयोग मिल रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से नई पद्धतियों के संबंध में जाने एवं पशुओं के संबंध में उनके उचित रख - रखाव, बीमारियों एवं उपायों की जानकारी प्राप्त करें। साथ ही आज लगाए गए स्टॉल के माध्यम से भी पशुपालकों को जानकारी दी जा रही है। ग्रामीण पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने के उद्देश्य से पशुधन विकास के लिए तथा कल्याण विभाग द्वारा कई प्रकार की योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने की आवश्यकता है। खूंटी जिले में कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में बेहतर कर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाए जाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। जिले में पशुपालन को बढ़ावा देने की दिशा में भी सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें हर स्तर पर सक्रियता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है ।हम सभी का प्रयास है कि पशुपालन को बढ़ावा देते हुए दूध, मांस, अंडा के उत्पादन में वृद्धि लाकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है। आमदनी का सृजन करना एवं ग्रामीण पशुपालकों की आय को दोगुना करना है। मेले में उपायुक्त द्वारा लाभुकों के बीच दुधारू गायों का वितरण किया गया। साथ ही इस मेले में झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के द्वारा श्री अनुज कुमार पाण्डेय, कार्यकारी अधिकारी द्वारा दुग्ध उत्पादकों को जानकारी व दुग्ध व्यवसाय के संबंध में मिलने वाले लाभों को विस्तिरीत रूप से कार्याशाला में चर्चा की गई। साथ ही पशु-विक्रेताओं की भागीदारी, लाभुकों के बीच दुधारू पशु वितरण, गौ-पालन से संबंधित जानकारी, नस्ल सुधार एवं डेयरी फार्मिंग, दुग्ध उत्पादन को प्रभावित करने वाली प्रमुख बीमारियाँ, स्वच्छ दुध उत्पादन एवं चारा प्रबंधन व चारा संरक्षण से संबंधित सुझाव एवं जानकारी दी गई।

## विष्णु चरण महतो के विचारधारा पर अमल करने की आवश्यकता : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिल्ली :** मुरी गोला पथ पर सिंगपुर चौक के समीप शुक्रवार को स्व विष्णु चरण महतो जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, कुरमाली भाषा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम महतो, उप प्रमुख आरती देवी, सेवा निवृत्त विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह, धनेश्वर सिंह, रिना महतो, बिनोद साहू, राजेंद्र साहू, राजेंद्र प्रसाद साय एवं अन्य लोगों ने स्व विष्णु चरण महतो के आदमकद प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। समारोह को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने कहा कि स्व विष्णु चरण महतो का हमेशा लोगों को शिक्षा के लिए प्रेरित तथा नशा के खिलाफ जागरूक करने में उल्लेखनीय योगदान रहा है। हम सभी को उनके विचारधारा पर अमल करने की आवश्यकता है। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा क्षेत्र में सड़क एवं रेल की विकास योजनाओं की जानकारी दी। वहीं राजा राम महतो ने क्षेत्र लोगों से अपने बाल बच्चों को पढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्व विष्णु चरण महतो प्रारंभिक शिक्षा गॉव के सिंगपुर स्कूल में प्राप्त की थी। मैट्रिक परीक्षा चक्रधरपुर से दिया था जबकि कॉलेज की पढ़ाई पटना विष्वविद्यालय से किया था उन्होने 1950 में वकालत की डिग्री हासिल की थी। वे सिल्ली के पहले प्रमुख थे तथा वे छोटानागपुर लॉ कॉलेज के रीडर भी रहे। उन्होने अपने प्रयास से कुरमाली भाषा परिषद के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। समारोह में क्षेत्रीय बआलकलआरओं ने गीत वादन एवं नृत्य से लोगों का मन मोह लिया। सांसद ने उत्साह बढ़ते हुए क्षेत्र के सांस्कृतिक बाल कलाकार अश्विनी महतो एवं ढोल वादन में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हेमली कुमारी को पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं उन्होंने अश्विनी महतो को क् प्रधान मंत्री से आशीष दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर क्षेत्रीय भाषा के कवी एवं लेखक देवेंद्र नाथ महतो, मुक्तीपदो महतो, वंशी धर महतो वो बृजराज महतो को शॉल एवं पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सदानंद महतो, राजेन्द्र महतो, दशरथ महतो, भारत महतो, लालकु महतो, कृष्णा महतो, मनोज महतो, गोकुल महतो, मधु महतो, दिलेश्वर महतो, रतन महतो, प्रेम प्रजापति, गणेश महतो समेत स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# पिपरवार की काजल ने खेलो इंडिया राइफल शूटिंग में लहराया परचम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना मे कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत सीसीएल कर्मचारी रविन्द्र सिंह की पुत्री काजल कुमारी ने असम के गुवाहटी मे आयोजित खेलो इंडिया प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त कर पिपरवार कोयलांचल सहित पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है।जानकारी के अनुसार गोवा में संपन्न हुए 37वें राष्ट्रीय खेल में काजल पदक से चूक गई थी, जिसके बाद उन्होंने लगातार कड़ी मेहनत कर असम के गुवाहाटी में खेलो इंडिया प्रतियोगिता में कांस्य पदक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए अपने मनोबल को बढ़ाने का काम किया है।झारखंड सरकार एवं सीसीएल के द्वारा किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं मिलने से काजल काफी निराशा है,लेकिन उनके पिता सीसीएल कर्मचारी रविंद्र सिंह काजल के प्रशिक्षण में हर तरह के सहयोग कर उन्हें ऊंचाई तक पहुंचने में मदद कर रही है।डीएवी बचरा और डीएवी हेहल से शिक्षा प्राप्त कर चुकी काजल एकलव्य शूटिंग क्लब पिस्कामोड़ रांची से अपने प्रशिक्षण की शुरुआत की और वर्तमान मे



जीएफजी पुने से एयर राइफल शूटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।यदि काजल को झारखंड सरकार एवं सीसीएल के द्वारा प्रशिक्षण के लिए सहयोग किया जाए तो काजल काफी ऊंचाइयों तक पहुंच कर बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र गांव और राज्य का नाम रोशन कर सकती है। इधर काजल के इस बेहतर प्रदर्शन पर पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय, अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, एसओपी नागेश गोपालन, कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग, हेमचंद महतो, संजय मंडल, अमित कुमार, भीम सिंह यादव,र ामू गोप,अब्दुल कुदूस, राजकिशोर साहू, किरण कुमार, शुभम कुमार सहित कई अधिकारी, कर्मचारी, पंचायत एंव श्रमिक प्रतिनिधियो ने काजल को बधाई दी है।

## 13 दिवसीय सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण का हुआ उद्घघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय सी सी टी वी कैमरा इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन समारोह, मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो पूर्व उपमुख्यमंत्री झारखंड सरकार सह विधायक सिल्ली विधान सभा सिल्ली के द्वारा किया और 13 दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण लेने आए और प्रशिक्षण पुरा कर चुक सभी प्रशिक्षणार्थी को प्रमाण पत्र देते हुए, बेहतर तरीका से कार्य करने और आत्म विश्वाश के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दिए,और स्वयं का रोजगार कर दूसरो को भी रोजगार देने का मार्गदर्शन और बैंक से लोन लेकर भी अपने रोजगार को आगे बढ़ने और दूसरो को भी रोजगार देने का सलाह दिए। साथ ही उन्होंने कनेरा बैंक एवम एस डी एम एजुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा चलाए जा रहे संस्थापक को धन्यवाद दिया। अंचल कर्यालय रांची के द्वार सी ई डी उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत डिजिटल लाइजेशन को बढावा देने के लिए जेनरल ए डी पी के 34 प्रशिक्षित महिलाओ पेनड्राइव वितरण किया गया। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने मुख्य अतिथि को बुके और सौल देकर सम्मानित किया और धन्यवाद ज्ञापन किया । मौके पर समाज सेवी जयपाल महतो, योगेश्वर महतो पूर्व मुखिया ,जयराम महतो पूर्व शिक्षक, सुशील अंकन और वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार,जगदीश महतो चंद्र ,दशरथ कुमार महतो ,सुनील मुंडा उपस्थित रहे।

## अबुआ आवास योजना को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना को लेकर प्रखंड के सभी मुखिया व पंचायत समिति सदस्यों की संयुक्त बैठक किया। बैठक में सभी प्रतिनिधियों ने एक स्वर में आवास आवंटन में गड़बड़ी की शिकायत किया। बैठक में सर्वप्रथम मुखिया निरज कुजूर ने अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन के संबंध में विस्तार पूर्वक बात रखा। उन्होने कहा कि न राज्य सभा, न विधान सभा, सबसे बड़ा ग्राम सभा। लेकिन बेड़ो प्रखंड में ग्राम सभा द्वारा अबुआ आवास योजना के प्राथमिक्ता सूची को नजर अंदज कर दिया गया। इससे प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधि काफी आक्रोश है। अगर लाभुक सूची में सुधार नहीं किया जाता है, तो बेड़ो प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधि कलमबंध आंदोलन करेगे। उपप्रमुख मोद्दसिर हक ने कहा कि सरकार आपके द्वारा से प्राप्त आवेदनों को प्रखंड से पंचायतवार टीम गठीत कर भौतिक सत्यापन कर योग्य व अयोग्य सूची जारी किया गया। जिसके बाद योग्य सूची में से ग्राम सभा से लाभुक प्राथमिक्त सूची दिया गया। लेकिन प्रखंड से जारी प्राथमिकता सूची में ग्राम सभा द्वारा दिया गया प्राथमिकता सूची का अधिकतर नाम नहीं है। बैठक में टीम गठीत कर बेड़ो प्रखंड में अबुआ आवास आवंटन में गड़बड़ी की शिकायत मुख्यमंत्री से करने का निर्णय लिया। जिसके लिए 23 सदस्यों का चयन किया गया, जिसमें 10 मुखिया और 13 पंचायत समिति सदस्य हैं। बैठक के पश्चात बीडीओ को ज्ञापन सौपा गया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में शुक्रवार को मातृ सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन उपस्थित माताओ ने सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया।जिसके बाद स्कूल के प्रचार्या गणेश महतो ने सभी माताओ का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य गणेश महतो ने बच्चों के दैनिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी विद्यार्थियों का जीवन कैसा होना चाहिए एवं माताओ के कर्तव्य पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शिक्षा में माताओ की भूमिका का दर्शाना है।स्कूल में शिक्षक बच्चों का गुरु होते हैं,लेकिन घरों में माताएं बच्चों को संस्कार प्रदान करती है। बच्चों के संस्कार और बेहतर शिक्षा में माताओ की भूमिका अहम होती है।वही कार्यक्रम में माताओ ने भी अपने-अपने विचार प्रकट करते हुए बच्चों के शिक्षा से संबंधित कई बातों पर चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य से प्रबंध समिति के सचिव फुलेश्वर महतो और कोषाध्यक्ष एतवारा महतो के अलावा शिक्षक राजेंद्र महतो, रामप्रसाद महतो, अनिल सिंह,प्रमोद कुमार, प्रभात कुमार, बालेश्वर महतो, सुखदेव महतो, शिवप्रसाद महतो, तेजू महतो, बीना देवी, राजेश्वरी सिन्हा, ज्योति सिंह, कुंदन सिंह सहित स्कूल के सभी शिक्षक बच्चे और माताएं उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का एसओएफ अंतर्राष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड 2023-24 में अभूतपूर्व प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एसओएफ अंतर्राष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 2 के अभ्युदित आदित्य ने स्कूल स्तर पर प्रथम रैंक के साथ-साथ जोनल एवं रीजनल स्तर पर भी प्रथम रैंक हासिल किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें स्वर्ण पदक, विशिष्ट पदक और उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रमाण-पत्र के साथ 1000 रुपये का उपहार मिला। उन्होंने प्रॉबलम सॉल्विंग स्किल, रिजनिंग, गणितीकरण, विश्लेषणात्मक सोच, सटीकता और आवश्यक दक्षताओं का प्रदर्शन किया। समय प्रबंधन के कारण उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई। कक्षा 1 के बाल अवनीश श्रीवास्तव को विशिष्टता और क्षेत्रीय उत्कृष्टता के प्रमाण-पत्र के साथ विशिष्टता पदक और 500 रुपये का उपहार मिला। 9 छात्रों को विशिष्टता पदक, विशिष्टता और क्षेत्रीय उत्कृष्टता के प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए। 48 विद्यार्थियों को उत्कृष्टता हेतु स्वर्ण पदक प्रदान किये गये।विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छात्रों की उपलब्धि की सराहना की।प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने अन्य छात्रों को भी गणित का आनंद लेने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि यह संख्याओं की जादुई दुनिया है जिसका सदुपयोग व्यावहारिक जीवन में भी होता है।

## बचरा उतरी पंचायत सचिवालय में पंचायत स्तरीय शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत के मिडिल स्कुल मे मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुजंन सिंह की अध्यक्षता मे पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर मे 50 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक के वृद्ध महिला पुरुष के द्वारा वृद्धा पेंशन,विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन को लेकर आवेदन जमा किया गया।शिविर में कुल 89 लाभुको ने अपना आवेदन जमा किया।मुखिया गुंजन सिंह ने बताया कि शिविर में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति से 50 वर्ष और जेनरल वर्ग से 60 वर्ष के लाभुको का आवेदन जमा किया गया। उन्होंने पंचायत के अन्य लाभों से भी अपना आवेदन जमा कर इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।इस मौके पर मुखिया गुंजन सिंह,पंचायत सेवक सीता रबानी,प्रज्ञा केंद्र संचालक धीरज कुमार महतो,स्वयं सेवक कुलदीप महतो सहित सहित कई लोग मौजूद थे।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम– अमानत अंसारी, उम्र 26 वर्ष,
रंग–गोरा, ऊँचाई–5'6", पहनावा–जीन्स पैंट एवं सर्ट

उपरोक्त लापता अमानत अंसारी, उम्र 26 वर्ष पे0–सलामत अंसारी सा0–मुरजुली, थाना–माण्डर, जिला–राँची, घर से जो दिनांक–22.01.24 को समय करीब 07 बजे सुबह घर से बोलकर निकला की काम करने जा रहे है, जो अब तक घर लोट कर नहीं आये है। जिसके संबंध में माण्डर थाना सनहा संख्या–17/24, दिनांक–30.01.24, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक खलारी राँची। –9431742777
थाना प्रभारी माण्डर, राँची। –9431706187

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR.NO.320135 Police(23-24):D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957



**टाटा स्टील ने एंटरप्राइज आईटी उत्कृष्टता के लिए #ETCIO पुरस्कार 2024 के उद्घाटन संस्करण में डिजिटल एंटरप्राइज ऑफ इंडिया - स्टील पुरस्कार जीता। यह पुरस्कार कंपनी की नवोन्मेषी डिजिटल पहल को मान्यता देता है जो इस्पात उद्योग में परिवर्तन और दक्षता ला रही है। टाटा स्टील के मुख्य सूचना अधिकारी जयंत बनर्जी ने पुरस्कार ग्रहण किया।**

## संतोष मोबिलीजेर व शुभद्रा बनी फेसिलेटिटर



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को तिरुलडीह पंचायत सचिवालय में एक बैठक किया गया जिसमें सरकारी योजनाओं को नई दिशा देने के लिए एक मोबिलीज़ेर व एक फेसिलेटिटर का चयन किया गया। इस दौरान संतोष प्रामाणिक को मोबिलीज़ेर व शुभद्रा सिंह मुंडा को फेसिलेटिटर के रूप में चयन किया गया। बैठक में अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बीएनएमएच को मिला शहर में सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटल का पुरस्कार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, (बीएनएमएच) तामोलिया जमशेदपुर को मुंबई में आयोजित एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शहर के सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटल के रूप में मान्यता दी गई है। इस संबंध में हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह सम्मान असाधारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पुरस्कार हमारी समर्पित टीम के सामूहिक प्रयासों, मजबूत नेतृत्व और जिस समुदाय की हम सेवा करते हैं, उस भरोसे का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य देखभाल के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। यह उपलब्धि हमारे समुदाय के निरंतर समर्थन और हमारे स्वास्थ्य सेवा के अथक प्रयासों के बिना संभव नहीं होती। हम अत्यंत सावधानी और करुणा के साथ अपने मरीजो की सेवा जारी रखने के लिए तत्पर हैं।



## विक्रम आदित्य ने ईचागढ़ के नए थाना प्रभारी के रुप में पदभार ग्रहण किया

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक डाक्टर विमल कुमार ने ईचागढ़ थाना के नये थाना प्रभारी के रूप में विक्रम आदित्य पांडे का पदस्थापना किया गया। वहीं शुक्रवार को श्री पांडे ईचागढ़ थाना में योगदान दिया। श्री पांडे 18 बैच के दरोगा हैं एवं रांची जिला के तमाड़ थाना में एसआई के पद पर पदस्थापित थे। कहा कि क्षेत्र में अवैध धंधे पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ संबंध स्थापित कर चलने का प्रयास किया जाएगा ताकि क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाए रखने में सबों का सहयोग मिल सके।



## झामुमो नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मिले मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के झामुमो नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को रांची स्थित आवास पर मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान उनके द्वारा मुख्यमंत्री को क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसके समाधान के लिए पहल करने का आग्रह किया। साथ ही, झामुमो नेताओं द्वारा उन्हें क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने उन्हें क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र कदम उठाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिमण्डल में झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह गम्हरिया जे पूर्व प्रमुख रामदास टुडू, जिला उपाध्यक्ष अमृत महतो, समाज सेवी सोनाराम मार्डी समेत कई पार्टी नेता शामिल थे।



## आजसू नेता हरेलाल महतो ने गोल्ड मेडलिस्ट प्रिया प्रमाणिक को किया सम्मानित

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल के हाटतोला निवासी बाबूलाल प्रमाणिक की बेटी प्रिया प्रमाणिक ने झारखंड स्टेट ओलम्पियाड - 2023 में गोल्ड मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। प्रिया के पिता बाबूलाल प्रमाणिक पेशे से नाई हैं, जो चांडिल बाजार में सैलून चलाते हैं। गोल्ड मेडलिस्ट प्रिया प्रमाणिक प्लस टू उच्च विद्यालय चांडिल में नौवीं कक्षा की छात्रा हैं। इस बीच आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो चांडिल हाटतोला स्थित प्रिया प्रमाणिक के घर पहुंचकर बधाई दी। हरेलाल महतो ने प्रिया प्रमाणिक को शॉल ओढ़ाकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। हरेलाल महतो ने कहा कि होनहार युवाओं से ही क्षेत्र का नाम रौशन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी अभाव के कारण युवाओं को प्रतिभा प्रदर्शन करने का उचित मंच नहीं मिल रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर आजसू छात्र संघ प्रखंड अध्यक्ष बिजय मोदक, महिला नेत्री रेखा प्रमाणिक, बॉबी जालान, रौशन शर्मा आदि मौजूद थे।



## लावा में संजीव नेत्रालय का निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 25 को, तैयारियां जोरों पर

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की लावा हरि मंदिर प्रांगण में 25 फरवरी को संजीव नेत्रालय की ओर से एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारियां जोर शोर से किया जा रहा है। लावा पंचायत के पंसस सह ग्राम प्रधान बृंदावन दास की सौजन्य से आयोजित होने वाली शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिले इसके लिए प्रचारविभिन्न जगहों पर प्रसार किया जा रहा है। बृंदावन दास ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक के द्वारा जांचोपरांत मोतियाबिंद के लक्षण पाए जाने वाले मरीजों का संजीव नेत्रालय मानगो में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

# डॉमेस्टिक में सर्वाधिक 75 लाख के पैकेज के साथ एक्सएलआरआइ में 100 फीसदी हुआ प्लेसमेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ के शैक्षणिक सत्र 2022-2024 के विद्यार्थियों का रिकॉर्ड प्लेसमेंट हुआ. दो वर्ष के पीजीडीएम (बिजनेस मैनेजमेंट व ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट ) बैच के सभी 509 स्टूडेंट लॉक हो गए. इस बार भी एक्सएलआरआइ के जमशेदपुर और दिल्ली एनसीआर कैंपस के 100 फीसदी विद्यार्थी लॉक हो गये. इस बार रिक्रूटमेंट की प्रक्रिया में कुल 154 कंपनियों ने हिस्सा लिया. उन्होंने संस्थान के जमशेदपुर व दिल्ली कैंपस के कुल 509 विद्यार्थियों के बीच 519 स्वदेश में जबकि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑफर दिया. इसमें 65 ऐसे नये रिक्रूटर थे जिन्होंने पहली बार एक्सलर्स को लॉक किया. इस बार प्लेसमेंट में खास बात यह रही कि फाइनल प्लेसमेंट में चुने गये कुल 33.39 प्रतिशत विद्यार्थियों को उनके समर प्लेसमेंट में उनके द्वारा बेहतर कार्य करने की वजह से प्री प्लेसमेंट ऑफर ( पीपीओ ) मिल चुका था. प्लेसमेंट प्रक्रिया में जमशेदपुर और दिल्ली दोनों ही कैंपस के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया.

### बाजार की कठिन परिस्थिति के बावजूद रहा शानदार प्लेसमेंट : डायरेक्टर

एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने इस उपलब्धि के लिए सभी छात्रों को बधाई दी और उनकी सराहना की. कहा कि संस्थान के ये छात्र कल से रिस्पांसिबल लीडर बनेंगे जो देश के विकास में बड़ी भूमिका निभायेंगे. कहा कि एक्सएलआरआइ ने इस साल बाजार की कठिन परिस्थितियों के बीच रिकॉर्ड समय सीमा में 100प्रतिशत प्लेसमेंट की उपलब्धि हासिल की है. उन्होंने सभी रिक्रूटरों की भी सराहना की.

### दो चरणों में हुई फाइनल प्लेसमेंट

पहला चरण - लेटरल रिक्रूटमेंट प्रोसेस (एलआरपी) - जनवरी 2024 में एक सप्ताह के लिए आयोजित किया गया था, जहां पूर्व कार्य अनुभव वाले छात्रों का साक्षात्कार लिया गया था और उन्हें प्रवेश स्तर के पदों से ऊपर की पेशकश की गयी थी. दूसरा चरण - कैंपस रिक्रूटमेंट प्रोसेस (सीआरपी) - फरवरी 2024 में एक ही दिन में आयोजित किया गया, जहां कार्य अनुभव का कोई अलग आधार नहीं था. सभी विद्यार्थियों का इंटरव्यू के आधार पर चयन किया गया. प्लेसमेंट प्रक्रिया में जमशेदपुर और दिल्ली कैंपस के छात्रों ने हिस्सा लिया.

### सेक्टर वाइज प्लेसमेंट

एक्सलर्स को दिये गये ऑफर में सबसे ज्यादा कंसल्टिंग, आईटीईएस, ई-कॉमर्स, सेल्स एंड मार्केटिंग व जेनरल मैनेजमेंट थे. कंसल्टिंग फर्मों ने 26प्रतिशत उम्मीदवारों को ऑफर दिया. आईटीईएस, ई-कॉमर्स, सेल्स एंड मार्केटिंग ने छात्रों को क्रमशः 20 प्रतिशत और 17 प्रतिशत ऑफर दिया. वहीं, एक्सेंचर स्ट्रैटेजी, अमेज़न, बीसीजी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील, बजाज ऑटो समेत कई अन्य रिक्रूटरों के बीच सबसे अधिक संख्या में ऑफर दिये. अन्य नये नियोक्ताओं में ओला, बीएमडब्ल्यू, फ़िलिप मॉरिश, लॉरियल समेत कई अन्य शामिल हैं.

### एक्सएलआरआइ के फाइनल प्लेसमेंट 2024 की मुख्य बातें

इस बैच को दिया जाने वाला औसत वेतन 28.0 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जिसमें शीर्ष 10 विद्यार्थियों का औसत पैकेज 51.66 लाख जबकि शीर्ष 25 पर्सेंटाइल वाले विद्यार्थियों तक का औसत पैकेज 42.98 लाख रुपये प्रति वर्ष था. औसत वेतन 29.89 लाख रुपये प्रति वर्ष दिया गया. बीएफएसआई क्षेत्र से प्रति वर्ष 75 लाख रुपये का हाइयेस्ट डोमेस्टिक ऑफर दिया गया। नये रिक्रूटरों की संख्या- 65, सबसे ज्यादा कंसल्टिंग, सेल्स एंड मार्केटिंग व आइटीईएस सेक्टर से ऑफर दिये गये. एक्सेंचर स्ट्रेटेजी, अमेजॉन, बैन एंड कंपनी, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, एचयूएल, आईटीसी,एशियन पेंट्स, रिलायंस, टाटा स्टील, ओला और पीडब्ल्यूसी ने नियमित भर्ती करने वालों में सबसे ज्यादा ऑफर दिये। 33.39प्रतिशत छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए। नये रिक्रूटरों में एयर इंडिया, श्री सीमेंट, गोदरेज, टाटा इलेक्ट्रॉनिक जैसी कंपनियाँ शामिल हैं.

## जन विश्वास यात्रा में जननायक बनकर उभरे तेजस्वी : सुधीर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बिहार में जन विश्वास यात्रा में पूर्व उपमुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव जननायक बनकर उभरे है। यात्रा जहां से भी गुजर रही है लोगों का जन सैलाब नजर आ रहा है। बिहार की जनता को तेजस्वी प्रसाद यादव से काफी उम्मीद है। इतना विशाल जन सैलाब देखकर राजनीतिक जानकारों को भी सोचने पर विवश कर दिया है। आगामी लोकसभा और बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव का जलवा दिखाई देगा। जाने माने समाजवादी चिंतक व अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने उक्त बातें कही है। आगे कहां है कि तेजस्वी यादव को बिहार की करोड़ों जनता का प्यार और स्नेह मिल रहा है। जन विश्वास यात्रा में अपार जब सैलाब को देखकर भाजपा और जदयू नेताओं की नींद उड़ गई है। लालू यादव के बाद तेजस्वी यादव को भी लोगों ने गरीबों का मसीहा बना दिया है।

# खरसावां में श्री परशुराम शक्ति सेना ने मनाया चौथा स्थापना दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां के मां बसंती मंदिर परिसर पर में शुक्रवार को सरायकेला खरसावां श्री परशुराम शक्ति सेना के द्वारा चौथा स्थापना दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इससे पूर्व सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने पंडित के द्वारा भगवान परशुराम की चित्र पर पूरी विधि विधान से पूजा अर्चना कर नमन किया एवं श्री परशुराम शक्ति सेना संगठन को गांव-गांव में प्रत्येक ब्राह्मण के घर पहुंच कर समाज को मजबूत किया जाएगा। इस स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री परशुराम शक्ति सेना केंद्रीय कमेटी के सचिव सुशील सारंगी ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए खुशी का दिन है। सरायकेला खरसावां में श्री परशुराम शक्ति सेना का गठन वर्ष 2020 में किया गया था। जो चौथा वर्ष पूर्ण होने पर विधिवत स्थापना दिवस मनाया गया। उन्होंने बताया कि बहुत ही जल्दी पश्चिम सिहभुम में भी श्री परशुराम शक्ति सेना की कमिटी का गठन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव सुशील सारंगी, भानु प्रताप नन्दा, सरोज कुमार मिश्रा,सुजीत हाजरा, मानु नन्दा, प्रवीण सारंगी,सुमन कुमार पाणी,समीर आचार्य, बुधु पति, सन्नी त्रिपाठी,रधु पति,राजीव मिश्रा, आदि उपस्थित थे।



# जमशेदपुर मंत्रमुग्ध कर देने वाली विंटेज व क्लासिक कार एंड बाइक रैली को है तैयार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर विंटेज और क्लासिक कार सह बाइक रैली का बहुप्रतीक्षित तीसरा संस्करण कल गोपाल मैदान में शुरू होने वाला है, जिसमें 150 से अधिक वाहन शहर के जीवंत अतीत के माध्यम से एक रोमांचक यात्रा का वादा करते हुए उत्साह बढ़ाएंगे। पहले दिन (24 जनवरी) को, पुरानी कारों और बाइक को गोपाल मैदान में दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे के बीच जनता के देखने के लिए प्रदर्शित किया जाएगा, जबकि दूसरे दिन (25 फरवरी) को मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्ति कारों का निरीक्षण करेंगे और सुबह 8:30 बजे बाइकों को औपचारिक हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी फ्लैग-ऑफ समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। पुरस्कार वितरण समारोह यूनाइटेड क्लब में सुबह 11:30 बजे से होगा। टाटा स्टील द्वारा संस्थापक दिवस समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित किए जा रहे शो के दौरान प्रतिभागी संबंधित वाहनों से मेल खाते हुए पुराने परिधान भी पहनेंगे। इस साल की रैली की थीम रेट्रो राइड्स एंड मॉडर्न वाइब्स है। यह कार्यक्रम देश के पूर्वी हिस्से में एक बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम बन गया है। रैली के इस संस्करण में झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब से आने वाले 100 से अधिक लोग भाग लेंगे। लगभग 70 विंटेज और क्लासिक कारें और 100 बाइक प्रदर्शित की जाएंगी। रैली में साल 1920 से लेकर 1985 तक की विंटेज और क्लासिक कारें और बाइक हिस्सा ले रही हैं। रैली शहर के प्रमुख स्थलों जैसे रीगल सर्कल, भरूचा मेंशन, केएस लिंक रोड, मरीन ड्राइव, जुबली पार्क आदि से गुजरते हुए लगभग 23 किमी का कुल मार्ग तय करेगी और यूनाइटेड क्लब में समाप्त होगी।

## बाल विवाह पर शिक्षकों के साथ युवा ने बनाई संवेदनशीलता के साथ रणनीति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (गर्ल्स फर्स्ट फंड के सहयोग से) ने एक प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जो बाल विवाह को रोकने और उसके परिणामों को समझने के लिए था। कार्यशाला में 31 विद्यालयों के शिक्षक, प्रखंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार दुबे और युवा संस्था की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती उपस्थित थे। शिक्षकों को प्रशिक्षण रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित प्रतिज्ञा संस्था ,रांची के अजय कुमार ने दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ज्योति हेंब्रम ने किया। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह की परिभाषा, उसके कारण, और परिणामों पर चर्चा की गई। बाल विवाह के नाम पर मानव तस्करी की भी चर्चा हुई, जो कि इस समस्या का एक मुख्य कारण है।

# आदिवासी भूमिज समाज की बैठक में शमसान भूमि का छेड़छाड़ करने का किया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की लावा निताई सिंह भवन में शुक्रवार को आदिवासी भूमिज समाज की एक आवश्यक बैठक बिरसा सेना के केंद्रीय अध्यक्ष दिनकर कच्छप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज के बुद्धिजीवियों, आदिवासी रघुनाथ सिंह भूमिज चुहाड़ सेना, झारखंड प्रदेश एवं बिरसा सेना झारखंड प्रदेश एवं श्मशान रक्षा समिति के पदाधिकारियों शामिल हुए। इस दौरान बिरसा सेना के केंद्रीय अध्यक्ष दिनकर कच्छप ने कहा कि आदिवासी भूमिज जनजाति के ऐतिहासिक धरोहर श्मशान भूमि को स्थानीय प्रशासन के द्वारा स्टेडियम निर्माण हेतु छेड़छाड़ किया जा रहा है। जिसका विरोध आदिवासी भूमिज समाज के द्वारा बार बार किया जा रहा है। विरोध करने के बावजूद स्थानीय प्रशासन पीछे नहीं हट रहे है। उन्होंने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि अगर प्रशासन काम को नही रोकेगी तो समाज के लोग इसका पुरजोर विरोध करेंगे और उग्र आंदोलन भी करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से दिनकर कच्छप, विकास हेम्बम, अमर सिंह सरदार, दीपक भूमिज, भक्तरंजन भूमिज, कालीराम सिंह, सत्रुघन सिंह, भूषण सिंह, साहिल सांडिल, हेमंत नाग, माहीन सिंह, चंदन सिंह, मोहन सिंह, उत्तम सिंह, अर्जुन सिंह, परसुराम सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।



# आगामी लोकसभा चुनाव में दलित व मुस्लिम को जनसंख्या अनुपात में टिकट दिया जाए : काशिफ़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज़ाद समाज पार्टी (का) के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने सूबे के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को पत्र लिखकर आगामी लोकसभा चुनाव में दलित और मुस्लिम को उनकी जनसंख्या के अनुपात में टिकट देने के की मांग की है। पत्र के अनुसार झारखंड में जातिगत जनगणना करवाने की मांग को मानते हुए जातिगत जनगणना करवाने का जो फैसला लिया है वह सराहनीय है। झारखंड में दलितों की जनसंख्या लगभग 13 प्रतिशत है और मुसलमानो की जनसंख्या 15 प्रतिशत, झारखंड में दलितों के लिए केवल एक लोकसभा की सीट आरक्षित है जबकि जनसंख्या के अनुपात में दलितों को लोकसभा में 2 सीटें मिलनी चाहिए और मुसलमानो को भी जनसंख्या के अनुपात में 2 सीटें मिलनी चाहिए जो इनका हक़ है। पिछले 15 सालों से झारखंड से कोई भी मुस्लिम सांसद नही है, जिन सीटों पर मुस्लिम सांसद जीत सकते थे, उन सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशियों को टिकट ही नहीं दिया गया। जिन जातियों की जनसंख्या झारखंड में बहुत कम है उन जातियों के सांसद मुस्लिम और दलित बहुल सीटों से चुन कर संसद पहुँच रहे हैं। जब तक जनसंख्या के अनुपात में दलितों और मुसलमानो को राजनीतिक भागीदारी नहीं मिलेगी इनका विकास संभव नहीं है। उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि आप यह सुनिशचित करें कि झारखंड में कम से कम 2 दलित और 2 मुस्लिम प्रतियाशियों को 2024 लोकसभा चुनाव में गढ़बन्धन से टिकट दिया जाए ताकि इन दिनों समाज का प्रतिनिधित्व हो सके और इनके प्रतिनिधि सदन में इनकी आवाज बन सकें।



## शहर को साफ सुंदर व स्वस्थ रखने की लोगों ने ली शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को मानगो नगर निगम प्रांगण में क्यूब आदित्यपुर वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जानकारी शिक्षा एवं संचार कायाकल्प के तहत ठोस अपशिष्ट प्रावधान कार्य हेतु जन जागरण कार्यक्रम में गीता थिएटर के युवा कलाकारों द्वारा स्वच्छता है जरूरी नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया । कार्यक्रम में के अंत में नाटक की नटी गीता कुमारी द्वारा उपस्थित दर्शकों एवं नगर निगम के पदाधिकारीयों को शपथ ग्रहण करवाया गया, कि अपने शहर को साफ सुंदर और स्वस्थ रखने में अपनी पूर्ण भागीदारी देंगे। कार्यक्रम में तुषार करन, अभिरंजन कुमार ,अनंत सरदार, के काव्य, गीता कुमारी ने अभिनय किया तथा नाटक का निर्देशन प्रेम दीक्षित द्वारा किया गया था। वहीं मौके पर क्यूब आदित्यपुर वेस्ट मैनेजमेंट प्रा लि से प्रोजेक्ट इंचार्ज विनय शील गौतम वं आपरेशन इंचार्ज मुकेश कुमार शर्मा, मानगो नगर निगम उपनगर आयुक्त सुरेश यादव, सहायक नगर आयुक्त आकिब जावेद, अरविंद अग्रवाल, समीर बोदरा, सीटी मैनेजर जितेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार, निश्मल कुमार, सहायक अभियंता मयंक मिश्रा, सेनेटरी इंस्पेक्टर कुमार अंशुमन तथा राजेश कुमार सहित कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## सांसद गीता कोड़ा ने राजनगर प्रखंड के पांच गांवों में विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजनगर :** शुक्रवार को राजनगर प्रखंड क्षेत्र के कुल पाँच पंचायतों में सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा ने विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास शिलापट खोलकर व नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान प्रखंड के एदल पंचायत के हेंसल में पीसीसी पथ निर्माण, बनकाटी में पीसीसी पथ निर्माण, सोलगडिया पीसीसी पथ निर्माण, बलिया साई पीसीसी पथ निर्माण, चॉगुवा में पीसीसी पथ निर्माण और गेंगरुली में पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास शामिल है। मौके पर कोड़ा ने पत्रकारों को बताया कि पिछले दो तीन वर्षो से कोरोना के कारण के सांसद मद बंद था। अब इसे खोल दिया गया, इसलिए ग्रामीण सूदूरवर्ती क्षेत्रों में जनता की माँग के आधार पर अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य है। जिसके निमित्त आज योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के मौके पर सांसद प्रतिनिधि मोतिलाल गौड़,विशु हेम्ब्रम, गणेश कोड़ा,समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



संपादकीय

# संदेशखाली की दरिंदगी

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली इलाके के हालात को देख-सुन कर ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें पहले ही देखा, भोगा और अनुभव किया है। संदेशखाली पर जितनी रपटें और विश्लेषण सामने आए हैं, उनके मद्देनजर आश्चर्य होता है कि 2011 से वहां 'दरिंदों' के अत्याचार, यौन उत्पीडन और भूमि पर जबरन कब्जों के सिलसिले जारी रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री उन्हें झूठ करार दे रही हैं। उन्होंने विधानसभा में कहा है कि संदेशखाली में आरएसएस का अड्डा है और वही औरतों को उकसा और बरगला रहा है। यदि संघ किन्हीं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, तो मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? आश्चर्य यह भी है कि संदेशखाली की औरतों पर सालों से अत्याचार, अनाचार किए जा रहे थे, लेकिन राज्यपाल, अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग और भाजपा संसदीय प्रतिनिधिमंडल आदि की नींद एकसाथ 2024 में खुली है! अब प्रधानमंत्री मोदी भी 7 मार्च को, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर, बंगाल जा रहे हैं, जहां वह महिलाओं की ही जनसभा को संबोधित करेंगे। ये तमाम अभियान 'राजनीतिक' लगते हैं, क्योंकि सालों तक सभी खामोश और निष्क्रिय थे, लेकिन आज बंगाल में 'राष्ट्रपति शासन' तक की आवाजें मुखर हुई हैं। यहां तक कि जमीनी रपटें सामने आई हैं कि संदेशखाली की औरतों को तृणमूल कांग्रेस के दफ्तर में बुलाया जाता था और रात भर उन्हें 'मनोरंजन' के लिए विवश किया जाता था। ऐसे कबूलनामे औरतों ने कैमरे के सामने कहे हैं, हालांकि चेहरे ढक कर वे बोली हैं, क्योंकि उन्हें 'अत्याचारी राक्षसों' का खौफ है। दुर्भाग्य और विडंबना यह है कि शोषित और पीड़ित औरतों को, खुद को, तृणमूल की समर्थक और वोटर भी कहना पड़ रहा है। औरतों की पारिवारिक बची-खुची जमीनें भी छीन ली गई हैं और अब उन पर तृणमूल कांग्रेस के 'राजनीतिक गुंडों' के अवैध कब्जे हैं। अत्याचार और सामूहिक दुष्कर्म के यथार्थ कई पक्षों ने सामने रखे हैं, लिहाजा उन्हें खारिज करना आसान नहीं है। कमोबेश संवैधानिक पदासीन चेहरों को झूठा करार नहीं दिया जा सकता। उनके भी सामाजिक दायित्व हैं। अब मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। आज सुनवाई में उसका फैसला क्या होगा, उसका विश्लेषण बाद में करेंगे। हमने कहा था कि ममता बनर्जी ने ऐसे हालात पहले देख और अनुभव कर रखे हैं। इस संदर्भ में सिंदुर और नंदीग्राम के आंदोलन याद आते हैं, जो टाटा मोटर्स के प्लांट के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ थे। तब ममता विपक्ष में थीं और आंदोलन का नेतृत्व कर रही थीं। तत्कालीन वाममोर्चा सरकार और पार्टी समूह ने ममता पर जो हिंसक और जानलेवा हमले किए थे, उन्होंने बंगाल में 'वाम' के अंत की शुरुआत कर दी थी। आज 2011 से बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की सत्ता है। ममता भी 'वाम' की तरह घमंडी और एकाधिकारवादी हैं। संदेशखाली में जो विरोध-प्रदर्शन उभरे हैं, उनमें शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार सरीखे तृणमूल गुंडों की गिरफ्तारी की मांग गूंज रही है। शेख तब से 'भगोड़ा' है, जब उसके घर पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापा मारा था और हिंसक भीड़ ने जांच अधिकारियों को ही घायल कर दिया था। क्या यह संभव हो सकता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जानकारी ही न हो कि उनका 'सिंडिकेट' कहां है? ममता-राज के दौरान तृणमूल के भीतर ही ऐसा सिंडिकेट बना दिया गया है, जो ज्यादातर हिंदू आबादी पर ही दरिंदगी दिखाते हैं। पुरुषों को जान से मार देने की धमकियां भी देते हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान इसी सिंडिकेट ने भाजपा के खिलाफ 273 घटनाएं की थीं। कई कार्यकर्ताओं को भी मार दिया गया था। यह गुंडई पंचायत चुनावों में सरेआम कहर ढहाती रही है। क्या एक महिला मुख्यमंत्री का शासन ऐसा भी हो सकता है कि दरिंदे खुलेआम हत्याएं और अत्याचार कर सकें? यह सवाल जरूरी है, क्योंकि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं।

> संदेशखाली पर जितनी रपटें और विश्लेषण सामने आए हैं, उनके मद्देनजर आश्चर्य होता है कि 2011 से वहां 'दरिंदों' के अत्याचार, यौन उत्पीडऩ और भूमि पर जबरन कब्जों के सिलसिले जारी रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री उन्हें झूठ करार दे रही हैं। उन्होंने विधानसभा में कहा है कि संदेशखाली में आरएसएस का अड्डा है और वही औरतों को उकसा और बरगला रहा है। यदि संघ किन्हीं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, तो मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? आश्चर्य यह भी है कि संदेशखाली की औरतों पर सालों से अत्याचार, अनाचार किए जा रहे थे, लेकिन राज्यपाल, अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग और भाजपा संसदीय प्रतिनिधिमंडल आदि की नींद एकसाथ 2024 में खुली है! अब प्रधानमंत्री मोदी भी 7 मार्च को, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर, बंगाल जा रहे हैं, जहां वह महिलाओं की ही जनसभा को संबोधित करेंगे।

### काले धन की वजह से यह चलता रहा कि पैसा देने वाले राजनीतिक दलों और उनकी सरकारों से बेजा फायदा उठाते रहे

# पॉलिटिकल फंडिंग पारदर्शी, साफ-सुथरी हो

डा. अश्वनी महाजन

> राजनीतिक दलों को चंदा संग्रह करने का अधिकार है और जमा की गई धनराशि पर उन्हें कोई आयकर भी नहीं देना होता है। उन्हें जो पैसा चंदे या दान के रूप में मिलता है, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे उसकी जानकारी चुनाव आयोग को मुहैया कराएंगे। पहले जो धन बैंक चेक या ड्राफ्ट के माध्यम से हासिल होता था, उसकी जानकारी तो मिल जाती थी, लेकिन नगदी चंदे के बारे में पारदर्शिता का पूरा अभाव था। यह तो स्थापित तथ्य है कि हमारे देश की राजनीति और चुनावी प्रक्रिया में काले धन की मौजूदगी जमाने से रही है और इस समस्या के समाधान पर लंबे समय से चर्चा भी होती रही है।

इलेक्टोरल बॉन्ड पर जो सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया है, वह एक कानूनी प्रक्रिया के तहत है और उस पर कोई विशेष टिप्पणी करने का कोई अर्थ नहीं है। पर इस संबंध में जो पहली चीज विचार करने लायक है, वह यह है कि इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था को क्यों लाया गया था? राजनीतिक दलों को चंदा संग्रह करने का अधिकार है और जमा की गई धनराशि पर उन्हें कोई आयकर भी नहीं देना होता है। उन्हें जो पैसा चंदे या दान के रूप में मिलता है, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे उसकी जानकारी चुनाव आयोग को मुहैया कराएंगे। पहले जो धन बैंक चेक या ड्राफ्ट के माध्यम से हासिल होता था, उसकी जानकारी तो मिल जाती थी, लेकिन नगदी चंदे के बारे में पारदर्शिता का पूरा अभाव था। यह तो स्थापित तथ्य है कि हमारे देश की राजनीति और चुनावी प्रक्रिया में काले धन की मौजूदगी जमाने से रही है और इस समस्या के समाधान पर लंबे समय से चर्चा भी होती रही है। काले धन की वजह से यह चलता रहा कि पैसा देने वाले राजनीतिक दलों और उनकी सरकारों से बेजा फायदा उठाते रहे। यह स्थिति हमारी राजनीतिक प्रणाली के लिए एक गंभीर चुनौती थी। इस पृष्ठभूमि में इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था लाकर यह प्रयास हुआ कि काले धन की समस्या को रोका जाए, उसे हतोत्साहित किया जाए। वर्ष 2017 में भारत सरकार द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था लागू की गई, जिसमें यह कहा गया कि किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदा जा सकता है और किसी पार्टी को दिया जा सकता है। एक निर्धारित समयावधि के अंदर पार्टियां इलेक्टोरल बॉन्ड को भुना लेती थीं। इस पद्धति में यह सूचना सार्वजनिक करने का प्रावधान नहीं था कि किस पार्टी को किस व्यक्ति या संस्था ने कितना चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से दिया है। इस प्रावधान पर सर्वोच्च न्यायालय ने आपत्ति जताई है और कहा है कि चुनावी चंदे के लेन-देन में समुचित पारदर्शिता होनी चाहिए। अभी इस ताजा फैसले में अदालत ने इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था को रोक दिया है और कहा है कि भारतीय स्टेट बैंक इलेक्टोरल बॉन्ड जारी करना बंद कर दे। सर्वोच्च न्यायालय की प्रमुख आपत्ति पारदर्शिता को लेकर ही है। जो व्यवस्था इलेक्टोरल बॉन्ड के आने से पहले से थी और जिस प्रकार राजनीतिक दल पैसा जुटाते थे, उसमें भी पारदर्शिता का बड़ा अभाव था। साथ ही, यह भी समस्या थी कि जो लोग भारी मात्रा में




नगदी दे रहे हैं, उनके पैसे का स्रोत क्या है, इसका पता लगा पाना असंभव था। अगर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों को लागू करते हुए इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था को कायम रखा जाए, तो आगे शायद अदालत को कोई आपत्ति नहीं होगी। हमारे देश में पंजीकृत राजनीतिक दलों की संख्या सैकड़ों में है। ऐसे में यह तो संभव है नहीं कि धन का कोई एक केंद्रीय संग्रहण हो और सभी दलों को उसमें से एक समान हिस्सा मुहैया कराया जाए। दलों की विचारधारा अलग-अलग है। मान लीजिए कि मुझे चंदा देना है और मैं समझ रहा हूं कि किसी दल की विचारधारा और कार्यक्रम संकीर्ण सोच पर आधारित हैं तथा देश के लिए नुकसानदेह हैं, तो मैं उस दल को चंदा नहीं देना चाहूंगा। अगर सभी दलों को एक समान चंदा मिलेगा, तो पार्टी बनाना एक धंधा बन जाएगा। ऐसे में यह व्यक्ति या संस्था पर निर्भर करता है कि वह किसी एक दल को चंदा दे या कुछ दलों में अपनी धनराशि को अपनी समझ से बांट दे। यह कई लोगों की समझ है और मैं इससे सहमत हूं कि चुनावी चंदे के मामले में नगदी का चलन नहीं होना चाहिए और चंदा हमेशा ऐसी व्यवस्था के तहत लिया और दिया जाए, जिससे उसके स्रोत के बारे सही जानकारी मिल सके। यदि सर्वोच्च न्यायालय का यह मानना है कि पारदर्शिता के साथ यह पता चलना चाहिए कि किस दल को किस व्यक्ति या संस्था ने कितनी धनराशि दी है, तो यह कानून की एक व्याख्या है और इसे सकारात्मक रूप में लेना चाहिए। हमारे सामने अनेक उदाहरण हैं कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों को सरकार ने नहीं स्वीकार करते हुए संसद में फिर से कानूनों को पारित किया। साथ ही, ऐसे उदाहरण भी हैं, जब अदालती आदेशों के मुख्य बिंदुओं को स्वीकार करते हुए और कानून में उन्हें समाहित करते हुए संशोधित कानून पारित किए गए। चूंकि अभी सरकार को भी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पढने और उस पर विचार करने के लिए समय चाहिए, इसलिए हमें सरकार के पक्ष को विस्तार से सामने आने की प्रतीक्षा करनी चाहिए। अगर सरकार को ऐसा लगेगा कि सर्वोच्च न्यायालय की आपत्तियों के अनुरूप वर्तमान व्यवस्था को और भी पारदर्शी बनाने की आवश्यकता है, तो वह एक संशोधित प्रारूप संसद के समक्ष प्रस्तुत कर सकती है। लेकिन यह कार्य अभी तुरंत नहीं हो सकता है। यह समझना जरूरी है कि देश कोई एक-दो दिन या वर्ष के लिए नहीं होता। राष्ट्र की यात्रा सतत होती है। इस यात्रा में व्यवस्थाएं बनती हैं, बदलती हैं और टूटती भी हैं। कुछ ही महीनों में लोकसभा के चुनाव होने हैं और मई में नई लोकसभा और सरकार का गठन हो जाएगा। इसलिए इस इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर अल्पकालिक दृष्टि से विचार करने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि यह निर्णय सर्वोच्च न्यायालय का है, तो देश और सरकार को उसका सम्मान करना है, लेकिन यह अवश्य कहा जाना चाहिए कि चुनाव में काले धन का प्रकोप जिस स्तर पर था, उससे निपटने की दिशा में इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था एक प्रगतिशील कदम थी। इसी सरकार के कार्यकाल में यह कानून बना था, इसलिए इसी सरकार को यह देखना होगा कि सर्वोच्च न्यायालय की आपत्तियों और निर्देशों का अनुपालन करते हुए एक संशोधित व्यवस्था लाई जाए? ऐसा तो अब नहीं हो सकता है कि हम पहले के काले धन वाले समय में लौट जाएं, जहां न तो पैसे के स्रोत का पता चलता था और न ही पैसा देने वाले के बारे में। आज भी हर चुनाव में हम देखते हैं कि चुनाव आयोग बड़ी मात्रा में नगदी की धरपकड़ करता है। पहले भी कई बार आयोग की ओर से कहा जा चुका है कि चुनावों में बाहर से पैसा आने के अंदेशों को खारिज नहीं किया जा सकता है। किसी भी व्यवस्था या नियम का उद्देश्य यही है कि हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और धन बल का हस्तक्षेप न हो और स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव हों। निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि धनबल, बाहुबल, जाति आदि अधिक खतरनाक कारक हैं जो खुले तौर पर लोकतंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। राजनीतिक फंडिंग से संबंधित कानून में संशोधन करते समय, हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि राजनीतिक दलों द्वारा नकद प्राप्तियों की पुरानी प्रणाली पर वापस न लौटा जाए, जो सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार और यहां तक कि बाहुबल के खेल तथा अवैध धन और अनैतिक गतिविधियों से प्राप्त धन के उपयोग की अनुमति देगी।

दृष्टि कोण

# बहुराष्ट्रीयकरण के दौर में जरूरी है मातृभाषा और बोलियों का संरक्षण, तकनीक कर रही है मदद

उदारीकरण के दौर में जब अंग्रेजी अपनी चमक बिखेर रही है, ऐसे में सवाल उठ सकता है कि मातृभाषाओं की जरूरत क्या है? चूंकि उदारीकरण और वैश्वीकरण की भाषा के रूप में अंग्रेजी अघोषित तौर पर प्रतिनिधित्व हासिल कर चुकी है, इसलिए ऐसा स्वाभाविक भी है। खासकर अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के मौके पर इस प्रश्न पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। दुनिया भर के समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञानी मानते हैं कि शिक्षा हासिल करते वक्त बच्चा अपनी मातृभाषा में सबसे ज्यादा सहज रहता है। इसकी वजह यह है कि मातृभाषाओं का रिश्ता व्यक्ति के दिल से ज्यादा रहता है। दरअसल, दिमाग के जरिये जो कुछ ग्रहण होता है, वह तार्किकता से पूर्ण होता है। तार्किकता मनुष्य के नजरिये को वैज्ञानिक तो बनाती है, पर वह कई बार मर्म को छू नहीं पाती। वहीं दिल से स्नेह और प्यार का रिश्ता है। मातृभाषा को इसी संदर्भ में समझें, तो वह दिमाग नहीं, दिल की भाषा है। मां के दूध में जिस तरह पौष्टिकता के साथ ही स्नेह होता है, मातृभाषाएं भी मनुष्य के लिए स्नेह और पौष्टिकता-दोनों



सहज उपलब्ध करा देती हैं। नेल्सन मंडेला कहते हैं कि अगर किसी शख्स से आप उस भाषा में बात करते हैं, जो उसकी दूसरी भाषा है, जिसे वह समझ सकता है, तो वह भाषा उसके मस्तिष्क में जाती है। लेकिन अगर आप उसकी मातृभाषा में बात करते हैं, तो वह सीधे उसके दिल तक पहुंच जाती है। यह दिल का रिश्ता ही है कि जब एक भाषा क्षेत्र के लोग मिलते हैं, तो वे अपनी मातृभाषा में बात करने में सहज महसूस करते हैं। दुनिया ने लोकतंत्र को शासन की बेहतर प्रणाली माना है। उदारीकरण और वैश्वीकरण की व्यवस्थाएं इसी लोकतांत्रिक समाज में उपजी हैं। लेकिन दुर्भाग्य है कि उदारीकरण कम से कम भाषाओं के लिहाज से लोकतांत्रिक नहीं हो पाया है। उसकी प्रतिनिधि भाषा अंग्रेजी है। अगर उसने किसी अन्य भाषा को इस दिशा में कुछ छूट दी है, तो वह फ्रेंच, स्विस या यूरोप की कुछ ताकतवर समुदायों की भाषाएं ही हैं। लेकिन इनमें भी अंग्रेजी का ही वर्चस्व है। कुछ लोग कह सकते हैं कि बाजार की बढ़ती ताकत के दौर में उदारीकरण अंग्रेजी के साथ स्थानीय भाषाओं को भी बढ़ावा दे रहा है। पर यह आधी सच्चाई है। अगर उदारीकरण स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा दे रहा है, तो वह भाषाओं का लोकतंत्रीकरण नहीं कर रहा है, बल्कि उनके जरिये अपना ही विस्तार कर रहा है। इसका यह मतलब नहीं है कि मातृभाषाओं की जरूरत ऐसी ही रहेगी। मातृभाषाएं इसलिए जरूरी हैं, कि शख्स सहज बना रहे। यह वैज्ञानिक रूप से साबित हो चुका है कि मातृभाषा में सहज शिक्षा हासिल कर चुका विद्यार्थी दूसरी भाषाओं को कहीं अधिक प्रवीणता से सीख पाता है। मातृभाषाओं की जरूरत इसलिए भी है कि मानव समाज की विरासत और धरोहर को उन्होंने ही सहेज रखा है। धरोहरों के भाव और संदेश को किसी अन्य भाषा में अनूदित नहीं किया जा सकता। वह अनुवाद दिमागी ही होगा, उसका दिल के मर्म से संबंध नहीं होगा। मातृभाषाओं की जरूरत इसलिए भी है कि वे अभिव्यक्ति की दुनिया को लोकतांत्रिक बनाती हैं, भावों को सहज संप्रेष्य बनाती हैं। इस तरह से वे मानवता की सेवा करती हैं। लोकतंत्र में नागरिकों की सहज भागीदारी, समावेशी शिक्षा, सामाजिक और प्राकृतिक विविधता के साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे ज्यादा जरूरी मातृभाषाएं ही हैं। नई शिक्षा नीति में मातृभाषा के जरिये जहां प्राथमिक शिक्षा पर जोर दिया गया है, वहीं देश की भाषाओं के आंकड़े और बुनियादी उच्चारण आदि का संग्रह भी किया जा रहा है। देश में 1,652 भाषाएं हैं और वे अपने-अपने समाजों की मातृभाषा भी हैं। गृह मंत्रालय समय-समय पर इनका सर्वेक्षण भी कराता रहता है। पिछले साल नवंबर तक मंत्रालय ने देश की 576 भाषाओं और बोलियों का मातृभाषा सर्वेक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था, जिन्हें संरक्षित करने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में एक वेब संग्रह तैयार किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, इस संग्रह में तमाम भाषाओं को रखा जाएगा।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## पूर्व मुख्यमंत्री की रिहाई को लेकर उरीमारी पहाड़ी शिव मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी के द्वारा न्यायिक हिरासत में लिए जाने के कारण शुक्रवार को पहाड़ी शिव मंदिर स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार समिति के सं सदस्य संजीव बेदिय ने उरीमारी स्थित पहाड़ी शिव मंदिर में बनारस से आए हुए आचार्यो के समक्ष सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान करवाया। वहीं संजीव बेदिया ने कहा कि यह अनुष्ठान हमारे मुख्यमंत्री व आदिवासीयों के मसीहा हेंमत सोरेन के लिए किया जा रहा है। केन्द्रीय की भाजपा सरकार ने हमारे मुख्यमंत्री को बेवजह फंसाने का कार्य किया है। इसी आलोक में आज मुख्यमंत्री की रिहाई को लेकर धार्मिक अनुष्ठान किया गया है।वहीं



संजीव बेदिया ने यह भी कहा कि यह अनुष्ठान सात दिनों तक चलता रहेगा। जिसमें भगवान शिव के साथ मां भगवती से कामना किया गया कि हमारे मुख्यमंत्री की रिहाई जल्द से जल्द हो, अन्यथा यह अनुष्ठान एवं रांची मोराबादी में न्याय यात्रा एवं धार्मिक अनुष्ठान चलता रहेगा। वहीं इस मौके पर वाराणसी से आए हुए आचार्यो में उमेश पाठक, पुरूषोत्तम मिश्रा,सुरज पांडेय, शंकर पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय,जेपी पांडेय के द्वारा अनुष्ठान कार्यक्रम किया गया। वहीं इस मौके पर शंकर साव,उदय मेहता, रामकृपाल मालाकार आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## शशांक राज का रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा हुआ भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : शुक्रवार को स्थानीय सुभाष चौक रामगढ़ की पावन धरती पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज का भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा भव्य स्वागत पुष्प गुच्छ एवं माला पहनकर किया गया। जिसका नेतृत्व रामगढ़ कैंट मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष तरुण साव ने किया। प्रदेश अध्यक्ष बनने की खुशी में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा पटाखे एवं आतिशबाजी भी की गई। उसके बाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी रहे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा पर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने माल्यार्पण किया। ज्ञात हो कि युवा मोर्चा के



राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम युवा चौपाल कार्यक्रम के तहत रामगढ़ के मिलन होटल सभागार में युवा चौपाल कार्यक्रम को लेकर युवा मोर्चा रामगढ़ जिला इकाई के तत्वाधान में बैठक भी की गई जिसमें मोर्चा झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष सह युवा चौपाल कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक श्री भूपेंद्र सिंह एवं सहसंयोजक आशीष चंद्र भी मौजूद थे। स्वागत कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभितेश सिंह, कार्य समिति सदस्य श्री नीरज झा, कार्यक्रम समन्वयक राकेश सिंह, महामंत्री अमित ठाकुर, नीतीश कुमार राम, अंजू ठाकुर, सुमित अग्रवाल आदि युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को ग्रामीणों नें सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : गोला प्रखंड के रायपुर में ग्रामीणों के बीच पहुंचे गिरीडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि भारतमाला रोड में बाईपास रोड दिलाने का आश्वासन दिए मुरी - बरकाना रेलवे खण्ड अंतर्गत रायपुरा से लेकर गोला रेलवे फाटक तक रोड के खम्भा न.382-2 से 383-16 तक बनाने का भी आश्वासन है जिसमें गोला जाने में 7 किलोमीटर दुरी पडता है इसलिए रोड बनाएंगे और भारतमाला रोड में बायपास रोड भी दिलाने का भी काम करेंगे जिससे एक गांव ही नहीं अनेक की सुविधा होगी जैसे रायपुरा, बाघाकुदर, नवाजारा, बरघुटु, कोराम्बे, कुजूकला, मंचाटाड, कुसमाजारा, कोनारडीह, हेसल, माचाटांड एवं साडम और गोला प्रखंड जानता का आगमन हो रही है मौके पर आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य बिनू कुमार महतो युवा टाइगर, रामबिलास महतो , निरंजन महतो, मुंशी राम महतो, उतम महतो,गौरी महतो, मितन महतो नन्द लाल मुण्डा, लखेश्वर महली, पंचम महतो, कमली देवी, सरिता देवी, कलावती देवी संकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए।

## कोलियरी सिरका सुरक्षा प्रहरी रोहित का सड़क दुर्घटना में मौत, शोक की लहर

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल कोलयरी सिरका परियोजना में कार्यरत प्रहरी रोहित कुमार के बीते 22 जून को रांची सड़क दुर्घटना में मौत होने की खबर से सिरका क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी हैं। जबकि दुघर्टना में एक और घायल हुआ हैं। इस संदर्भ में शुक्रवार को सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम ने बताया कि रांची सड़क दुर्घटना में सुरक्षा प्रहरी रोहित कुमार की मृत्यु होने का समाचार प्राप्त हुआ हैं। मृतक घुटूवा-बरकाकाना में रहता था। इससे सुरक्षा परिवार में शोक व्याप्त हैं। वहीं चर्चा है कि कोलयरी सिरका में सुरक्षा कर्मियों को ड्यूटी प्रतिदिन बदल- बदल कर लगाई जाती थी, जिसके कारण सुरक्षाकर्मी थकान में रहते थे।



## कृष्णा बने इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन के रामगढ़ सदस्यता प्रभारी

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के पत्रकार कृष्ण कुमार को देश के वृहद पत्रकार संगठन इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (ईरा) का जिला रामगढ़ सदस्यता प्रभारी मनोनीत किया गया हैं। इससे साथी पत्रकारों, शुभचिंतकों लोगों में हर्ष व्याप्त हैं। खबर की सूचना पर नवनियुक्त ईरा सदस्यता प्रभारी रामगढ़ कृष्ण कुमार ने कहा कि ईरा पत्रकार संगठन ने मुझे जो दायित्व दिया हैं, उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से लेकर कोयलांचल, शहर तक संगठन को मजबूती प्रदान करने, ईरा के सामाजिक गतिविधियों, दायित्वों को कार्यक्रमों के द्वारा धरातल पर उतारने का कार्य किया जाएगा। इसके अलावे पत्रकारों के हक, अधिकार के लिए हमेशा आवाज बुलंद की जाएगी। वहीं शुभकामनाएं व बधाई देने वालों में पत्रकार मोहम्मद वालीउल्लाह, करमजीत सिंह जग्गी, तपन बनर्जी, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद अयूब, सुरेंद्र राम, गोपाल गिरी, बबन राउत, सुनील कुमार, दीनानाथ महतो, अजय कुमार, इंतखाब आलम आदि शामिल हैं।

## अनिकेत आत्महत्या मामले में पूर्व विधायक ममता देवी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उच्च स्तरीय जांच की मांग

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ थाना के हाजत में बिजूलिया मिलोनी क्लब निवासी युवक अनिकेत कुमार की संदेहात्मक मौत के मामले में पूर्व विधायक ममता देवी ने मुख्यमंत्री झारखंड सरकार चंपई सोरेन से मुलाकात कर उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक को आश्वस्त किया की पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई किया जाएगा। इस मामले में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना प्रकट की और कहा कि पूरा कांग्रेस परिवार पीड़ित परिवार के साथ है उन्हें हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के बलजीत सिंह बेदी,जिला कांग्रेस के प्रवक्ता मुकेश यादव, जिला कांग्रेस के सचिव संजय साहू शामिल थे।

## झामुमो ने कउवाबेड़ा में न्याय यात्रा निकाला




सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा शुक्रवार को नगर परिषद 17 के कउवाबेड़ा में नुक्कड़ सभा व न्याय यात्रा आयोजित की गई। इसका नेतृत्व झामुमो के शिवकुमार ने किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय सदस्य महेश ठाकुर, कुंवर महतो, त्रिवेणी प्रजापति, राजेश बेदिया, मुखलाल बेदिया, इरफान खान, भुवनेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

### एनटीपीसी के द्वारा ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा में संचालित एनटीपीसी उत्तरी करणपुरा के द्वारा गोल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुक्रवार को किया गया शुभारंभ। यह टूर्नामेंट दिनांक 23 फरवरी से 26 फरवरी तक एनटीपीसी के उडान स्टेडियम में खेला जा रहा है। जिसमें एनटीपीसी परियोजना क्षेत्र के विस्थापित छः गाँव के खिलाड़ियों ने फुटबॉल टीम में भाग लिया है। आयोजित इस टूर्नामेंट के उद्घाटन के मौके पर गाड़लौंग बनाम टंडवा के बीच मैच खेला गया। जिसमें टंडवा की टीम ने दो गोल से गाड़ीलौंग टीम को पराजित कर जीत हांसिल किया।

# पत्रकार को धमकी देना पड़ा महंगा, गिरफ्तार, जेल

## कार्रवाई से टंडवा कोयलांचल के शातिर गुर्गे में मचा है हड़कंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार को धमकी देने वाले युवक पप्पू यादव को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी प्रतापपुर थाना क्षेत्र के महुगाई गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार किया है। यह जानकारी चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन ने आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी है। उन्होंने बताया की टीबी चैनल में मनरेगा योजना का कार्य जेसीबी से कराए जाने की खबर प्रकाशित करने के बाद पप्पू यादव ने पत्रकार को जान से मारने को धमकी दी थी। जिसके बाद पत्रकार के द्वारा प्रतापपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया था। वहीं घटना की सूचना मिलते हीं प्रेस क्लब चतरा के सभी पत्रकारों ने एक सुर में इसकी निन्दा की थी और उक्त आरोपी को चतरा एसपी से गिरफ्तारी की मांग किया था। चतरा कप्तान के आदेशानुसार पुलिस हरकत में आ गयी और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसडीपीओ ने बताया कि युवक अपराधिक प्रवृत्ति का है। उस पर कई मामले भी दर्ज है। छापेमारी अभियान में पुलिस निरीक्षक अमरदीप, पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी कासिम अंसारी, सहायक अवर निरीक्षक बिरेन्द्र तिवारी व दुर्गाचरण बिरुआ शामिल थे।

# भाकपा की बैठक किसान भवन परिसर में की गई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के किसान भवन परिसर में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी सिमरिया अंचल परिषद की बैठक कॉ0 हेमवन्ती देवी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में संयुक्त वाम मोर्चा के संयोजक कॉ अर्जुन कुमार,अंचल मंत्री कॉ गयानाथ पाण्डेय, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जवाहर विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। एजेण्डा के तहत अंचल मंत्री ने कार्य रिपोर्ट पेश किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ब्रांच से लेकर अंचल के सभी सदस्यों का नवीकरण 27 फरवरी तक कर लेना है। भाकपा महिला समिति के गठन को लेकर ईचाक खुर्द 28 फरवरी, एदला 25 फरवरी, देल्हो चाडरम 3 मार्च, सिकरी 4 मार्च, खपिया 7 मार्च, 10 मार्च बगरा, कुब्बा 12 मार्च को गांव में बैठक किया जाएगा।बैठक में तय किया गया कि अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन 20 मार्च 2024 को सिमरिया किसान भवन में किया जाएगा। जबकि सम्मेलन की तैयारी को लेकर 16 मार्च को सिमरिया डांक बंगला में पुनः बैठक किया जाएगा। मौके पर दशरथ ठाकुर, महाबिर राम, पिन्टु भुईया, दिनेश्वर साव, रामसागर सिंह, महावीर रजक, गेन्दो राणा, दशरथ महतो, विनोद ऊरांव, रामेश्वर उरांव, बैजनाथ यादव, संतोष कुमार दांगी, संजय दांगी, त्रिभुवन गंझू, दशरथ महतो, गोविन्द महतो, राम कुमार साहू के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

### बारिसाखी पंचायत में अबुआ आवास को लेकर हो रही है अनियमितता, जांच के लिए लाभुक ने दिया आवेदन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में अबुआ आवास में घोर अनियमता बरती जा रही है। जिसे लेकर लाभुक आरती देवी पति उपेंद्र पान्डेय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव को आवेदन दिया है।जिसमें लिखा गया है कि सुखी संपन्न परिवार को आवास के लिए चयनित कर जियो टैग किया गया है।और जो लाभुक आवास लेने योग्य है उसे नजर अंदाज किया गया है। आवेदन में लिखा गया है कि प्रखंड के द्वारा चयन करने के लिए टीम की गठित की गई थी। जिसमें पंचायत सेवक, मुखिया, स्वयंसेवक शामिल थे। आगे लिखा है कि स्वयंसेवक द्वारा सगे संबंधी लोगों का चयन कर सत्यापित किया गया है।जिससे बेघर असहाय मजदूर गरीब लोगों को अबुआ आवास नहीं मिल पा रहा है।आगे लिखा है कि जो व्यक्ति 30000 देगा उसी का अबुआ आवास मिलेगा। इस संबंध में पंचायत सेवक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जो लाभुक योग्य है उसे मिलेगा कोई नहीं छूटेगा रैंकिंग के हिसाब से सबका सत्यापन किया जा रहा है। इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि और उपमुखिया ने कहा कि सभी लाभुकों को अबुआ आवास दिया जाएगा।और रिश्वत लेने का जो आरोप है वह सारा सारी गलत है।जिसे जांच कर गरीब की मदद हो और बेघर को घर मिल सके प्रशासन से गुहार लगा रही है।

### सिमरिया थाना के 41 वें थानेदार बने चंदन कुमार



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में चंदन कुमार ने गुरुवार को प्रभार ग्रहण किया है। चंदन कुमार सिंह सिमरिया थाना में 41 वें थाना प्रभारी के रूप में अपना प्रभार ग्रहण किया है। प्रभार ग्रहण करने के बाद नव नियुक्त थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में भय मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करना उनका पहला प्राथमिकता होगी। अपराध और उग्रवाद पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाएगा। साथ ही पोस्ता की खेती करने वाले को किसी भी रूप में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं अपराध उग्रवाद और पोस्ता की खेती के संरक्षण देने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। आगे उन्होने युवाओं को अफीम के नशे से दूर रहने की अपील किया है। कहा है अफीम शरीर, परिवार और खेत को नष्ट करने वाला जहरीला पौधा है। उन्होंने आगे कहा कि जनसहयोग के बिना पुलिस का कोई भी कार्य अधूरा रहता है। वैसे में सभी लोगों से पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास करेंगे। ज्ञात हो कि चंदन कुमार इसके पूर्व सरायकेला थाना में मौजूद थे।

### जल मीनार से सोलर प्लेट चोरी करते युवक गिरफ्तार, जेल



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया थाना के चल्की गांव मे जल मीनार से सोलर प्लेट की चोरी करते हुए ग्रामीणों ने गांव के ही एक युवक को घर दबोचा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिमरिया पुलिस को दी। सूचना पाते हीं थाना प्रभारी चंदन कुमार ने रात्रि में हीं आरोपी को अपने कब्जे में कर थाना ले आया। इस बाबत पेयजल एवं स्वक्षता अवर प्रमंडल सिमरिया के सहायक अभियंता के शिकायत पर प्राथमिकी दर्द कर जेल भेज दी गई है। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि जांगी पंचायत के चलकी गाव में लगे सोलर जलमीनार से सोलर प्लेट चोरी करते गांव के ही अरुण भुइयां को रंगे हाथ ग्रामीणों ने पकड़ा लिया था। दूसरे दिन उसके शिनाख्त पर घर से चोरी किया हुआ सोलर प्लेट एवं अन्य समान भी बरामद किया गया है।

# पायोनियर धान बीज कम्पनी के द्वारा निकाले गए समृद्धि रैली में शामिल हुए कई किसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** विश्व के अग्रणी बीज कंपनीयों में से एक पायोनियर कंपनी के द्वारा शुक्रवार को टंडवा प्रखंड के सोपारम गांव में किसानों के बीच पायोनियर 27पी37 की फसल और उसके गुणों एवम् विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई। इसमें खास करके धान के बेहतरीन उपज के बारे में चर्चा किया गया द्य जिसमे पायोनियर 27पी37, अन्य कंपनी के उपज की अपेक्षा एक एकड में लगभग तीन कुंटल ज्यादा पैदावार हुआ। पायोनियर कंपनी के द्वारा आयोजित किए गए किसान गोष्ठी में सम्मिलित सभी किसानो ने बताया कि पायोनियर 27पी37 हर हाल में बेमिसाल धान है, साथ ही उम्मीद से ज्यादा पैदावार एवम् हर परिस्थिति में सबसे ज्यादा उपज देने वाला यह धान है। इस गोष्ठी में किसान कन्हाय दास को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कंपनी के मैनेजर निवारण पांडेय ने बताया कि 27पी37 धान, दो नंबर खेत के लिए सबसे ज्यादा पैदावार देने वाला धान है जिसकी लंबी गुच्छेदार बालियां होती है, जिससे किसानों को प्रतिवर्ष एक एकड़ में चार से पांच हजार रूपए का शुद्ध लाभ होता है। वही कंपनी के प्रतिनिधि अजीत कुमार रजक ने किसानों को फसल में लगने वाले किटो और बीमारियों के निदान के बारे में विशेष जानकारी दिया। आज के इस किसान गोष्ठी में दिनेश दास, रोहित कुमार सिंह, मुख्तार दास, राजेश राम,रामनारायण दास, बनारस सिंह, लक्ष्मण दास सतीश सिंह, नितेश सिंह, कीर्तन राम, अशनु राम, सुखदेव राम सहित गांव के कई किसान उपस्थित थे।

## सुभाष चन्द्र बोस के प्रतिमा पर कूड़े का अंबार

# प्रतिमा के गोलम्बर में भरा पड़ा है कूड़ा, किसी जनप्रतिनिधि या नेता हटाने की हिमाकत तक नहीं की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया मुख्य चौक पर स्थापित सुभाष चन्द्र बोस के प्रतिमा पर किसी शरारती तत्व ने कूड़े का अंबार बना दिया है। और तो और गोलंबर के खाली जगह में भी कूड़ा भरा पड़ा है। हैरत की बात तो यह है कि सारा दिन उक्त कूड़ा को लोग देखते रहे और शाम हो गया परन्तु कोई जनप्रतिनिधि या किसी पार्टी के नेताओं या पदाधिकारियों ने उसे हटवाने का प्रयास तक नहीं किया। आपको बता दें कि जब किसी पार्टी का गठन हो या कार्यक्रम हो या 26 जनवरी हो या 15 अगस्त सभी कार्यक्रमों में धूमधाम से सुभाष चन्द्र बोस के प्रतिमा पर बा अदब मालार्पण करते हैं उन्हें सलामी अर्पित करते है। किन्तु अफसोस कि बात है कि इन दिनों उनके गोलम्बर के अंदर और प्रतिमा पर कूड़ा भरा पड़ा हुआ है फिर भी किसी ने हटाने की हिमाकत तक नहीं किया है। यह फोटो देर शाम की है। जब पत्रकारों की नजर उक्त गोलम्बर पर पड़ी। क्या सुभाष चन्द्र बोस को स्वतंत्रता सेनानी उसी समय माना जाता है जब 15 अगस्त हो या 26 जनवरी या किसी पार्टी का गठन या हो चुनाव का माहौल।

### लातेहार के युवाओं के लिए मिसाल कायम कर रहे नागमणि



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकती है ऐसी एक तस्वीर है हमारे जिले में जिनका नाम नागमणि कुमार है जिन्होंने अपने जीवन में अभी तक 15 से अधिक बार रक्तदान कर कयी कि जिंदगी को बचा चुके हैं। एक बार फिर जब उन्हें जानकारी हुई कैंसर से पीड़ित महिला को ओ पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है तो आगे बढ़कर फिर से रक्तदान किया नागमणि 2018 से लगातार रक्तदान कर रहे है। और वह साल में तीन से चार बार करते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन अनमोल है मेरा एक ही उद्देश्य है कि यदि मेरे रक्तदान से किसी भी व्यक्ति का जीवन बचता है तो मेरा उद्देश्य सफल है।

# रविदास जयंती की अवसर पर गाजे बाजे के साथ निकली गई कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** संत शिरोमणि रविदास जयंती की शुभ अवसर पर प्रखण्ड क्षेत्र के डाढ़ा, फूलसु, बालूभाँग, टोटी, इटके, गाड़ी, राजगुरु, मकरा, चुम्बा सहित अन्य सभी जयंती स्थलों मे गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकली गई. वही शिबला पांचयत के ग्राम मकरा मे भव्य कलश यात्रा निकली गई. कलश यात्रा उपरोक्त सभी गाँवो के संत शोरोमणि रविदास पूजा स्थल से नगर भ्रमण करते हुए ग्राम मकरा के (ब्रह्मादेवता) कलहिटाड़ होते हुए नदी तट पर पहुचे। जहां से नदी का पवित्र जल कलश में भरकर पुनः पूजा स्थल पहुंच कर कलश को स्थापित की गई. वही श्रद्धालुओं ने संत शिरोमणि रविदास उद्घोष जयकारे भी लगा रहे थे। वही निर्देशक जितेंद्र कुमार रवि ने बातया की 24 फरवरी को प्रखण्ड क्षेत्र के सभी स्थानों मे संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। भव्य कलश यात्रा के दौरान भिखनराम, पुराण राम, भुनेश्वर राम, राजू राम, महेन्द्र राम, प्रदीप राम, बालचंद राम, विशेषश्वर कुमार भोला राम, केदार कुमार, राजू राम, मोहन कुमार, धीरंजन कुमार, सकेंद्र राम, करम राम, बब्लु कुमार राजेंद्र कुमार, चैंपियन, सोनू सहित काफ़ी संख्या मे लोग शामिल थे।

# 2024 लोकसभा चुनाव भाजपा-मोदी बनाम जनता है-लोकतंत्र बचाओ यात्रा का आह्वान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 21 फरवरी 2024 से चतरा संसदीय क्षेत्र के लातेहार जिला में निकली तीन दिवसीय लोकतंत्र बचाओ यात्रा लातेहार जिला के सभी प्रखंडों से घूमते हुए शुक्रवार को बालूमाथ से चंदवा होते हुए लातेहार कल्याण विभाग प्रांगण में जन सभा के साथ समाप्त हुई। वक्ताओं ने कहा कि दस सालों में लातेहार समेत पूरे राज्य के आदिवासी-मूलवासियों एवं उनके जल, जंगल, ज़मीन और खनिज पर विशेष हमले हुए हैं. 2020 में मोदी सरकार ने कोयला के अपार संपत्ति को व्यावसायिक खनन के लिए खोल दिया जिसके अंतर्गत लातेहार समेत झारखंड के 20 ब्लॉक की नीलामी होनी है। कई बिक चूके हैं। देश को कोयले की जितनी जरूरत है उससे कई गुना अधिक खनन कर आदिवासी मूलवासियों को विस्थापित कर कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने की योजना है। साथ ही, जंगल बैंक बनाकर जंगलों को कॉरपोरेट को देने की तैयारी है। अगर मोदी सरकार ही केंद्र में रही, तो लातेहार उजड़ जायेगा। हाल में कॉल ब्लॉक के आवंटन में मोदी सरकार के भ्रष्टाचार का भी खुलासा हुआ है। सभाओं में ग्रामीणों ने पिछले 10 सालों में हुई महंगाई और बेरोजगारी की समस्या को साझा किया। गावों में मेहनत से पढ़े-लिखे युवा नौकरी के इंतजार में बैठे हैं। वक्ताओं ने कहा मोदी सरकार ने साल में 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था। लेकिन जनता के साथ धोखा किया गया। अग्निवीर योजना लागू कर भारतीय सेना की लम्बी नौकरी को खतम कर 4 साल की संविदा आधारित व्यवस्था लागू की गयी। रेलवे सहित हर सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र में नौकरी व्यवस्था खत्म कर अल्पकालिक ठेका बहाली लायी जा रही है। लोगों ने कहा कि मोदी सरकार एक तरफ गरीबों के अधिकारों जैसे मनरेगा, पेंशन, आंगनवाड़ी सेवा, मातृत्व भत्ता आदि को खतम कर रही और केवल झूठ का प्रचार करती है। मोदी सरकार पूंजीपतियों का अरबों लोन माफ करते रहती है लेकिन किसानों और मेहनतकश लोगों को कर्ज में डूबा से रही है। ग्रामीण मजदूरों के वास्तविक मजदूरी दर में 10 सालों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। मजदूरों को 12 घंटे काम करवाने का दरवाजा खोल दी है सरकार ।तीन दिवसीय लोकतंत्र बचाओ यात्रा ने आव्हान दिया है कि 2024 लोकसभा चुनाव भाजपा-मोदी बनाम जनता है। इस बार जनता अपने जीवन, अपने अधिकारों और झारखंड, देश व लोकतंत्र को बचाने के लिए मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। इसी नारे के साथ यात्रा समाप्त हुई। लोकतंत्र बचाओ 2024 अभियान, जो राज्य के अनेक जन संगठनों के द्वारा राज्य के सभी लोकसभा क्षेत्रों में अभियान चला रही है। यात्रा में जितेंद्र सिंह खेरवार, जॉर्ज मोनीपल्ली, हरी कुमार भगत, मंथन, नारायण भगत, रविशंकर जाटव, रामेश्वर उरांव, सेलेस्टिन कुजूर, सिराज दत्ता, सुरेंद्र उरांव, तुलेश्वर उरांव, टॉम कावला समेत कई लोग भाग लिए और अपनी बात रखे।

### मैट्रिक व इंटर परीक्षा केंद्रों का जैक सदस्य सह पर्यवेक्षक डॉ. प्रसाद पासवान ने किया निरीक्षण



**महुआडांड़ (लातेहार)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा प्रखंड के सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। महुआडांड़ प्रखंड में माध्यमिक एवं इंटर की परीक्षा के लिए तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां दिन शुक्रवार को प्रथम पाली में मैट्रिक एवं दूसरे पाली में इंटर की परीक्षा हुई। परीक्षा के दौरान नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रसाद पासवान प्रखंड के सभी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। जहां झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य सह पर्यवेक्षक के रूप में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं समेत कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए किये गए व्यापक इंतजाम का भी जायजा लिया। जैक पर्यवेक्षक डॉ प्रसाद पासवान ने बताया की प्रखंड के सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किया गया है, वहीं छात्र-छात्राओं को परीक्षा के दौरान मिलने वाली सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया।इस दौरान नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी रोशन बक्शी भी उपस्थित रहे।

# सीएचसी लातेहार में द्वितीय बैच आईयूसीडी इनसर्शन प्रशिक्षण का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के सदर प्रखंड स्थित सीएचसी के सभागार में परिवार नियोजन कार्यक्रम को लेकर सदर प्रखंड के सभी एएनएम एवं सीएचओ के दुसरे बैच को आईयूसीडी इनसर्शन कार्यक्रम के सफलता को लेकर आज से पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिनांक 12 फरवरी 2024 से 23 फरवरी 2024 तक आयोजित हुआ था जिसका आज समापन हो गया। आयोजित हुये आईयूसीडी इनसर्शन प्रशिक्षण में मुख्य रूप से एएनएम व सीएचओ को जानकारी दी जा रही थी। दो बच्चों के बीच में अंतर का यह एक अस्थाई विधि है इसके बारे में अधिक से अधिक महिलाओं को जानकारी एएनएम एवं सीएचओ के द्वारा जानकारी दिया जाये, जिससे अनचाहे गर्भधारण से महिलाओं में जागरूकता फैलाया जा सके और असुरक्षित गर्भधारण से महिलाओं को सुरक्षित रखा जा सके। वहीं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सर्वश्रेष्ठ एएनएम एवं सीएचओ को डॉक्टर राजेश कुमार झा एवं वैद प्रकाश द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर विशाल मिश्रा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, सुनील कुमार प्रखंड लेखा प्रबंधक , संध्या अरूण सिंह प्रखंड डाटा प्रबंधक, कुसुम देवी लिपिक एवं पंकज कुमार उपस्थित रहे एवं पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणर्थियों का हौसला अफजाई करते हुये और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया ताकि, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्ता कुमारी, बीणा कुमारी, मानती कुमारी, पूनम कुमारी, एली संजीता एक्का, रेवती रमण, दीप्ति खलखो, अनिता कुमारी, लक्ष्मी बाड़ा, रजनी कुमारी, पूनम तिर्की, शोभा रानी, शोभावती कुमारी, रीता कुमारी, कल्पना कुमारी, दीपा रोशन, लक्ष्मी बड़ा, आशा किरण कूजूर, अजीता टोप्पो, बसंती नगेसिया, प्रभा टोप्पो, पूनम तिर्की, लीलावती कुमारी, रीना कुमारी, नीतू सिंह, कल्पना कुमारी सिन्हा, विरनभेगरा समेत अन्य एएनएम एवं सीएचओ भाग ले रहे थे।

# शांति समिति की बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बरछिया थाना परिसर मे शब ए बारात, शबरी पूजा व रविदास जयंती को लेकर सीओ नंद कुमार राम के अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक की गई। बैठक का शुभारंभ नवपदस्थापित थाना प्रभारी राजा दिलावार ने अपना परिचय देकर उपस्थित लोगों का अभिनंदन व आभार व्यक्त करते हुए किया। . बैठक मे अध्यक्षता कर रहे राम ने कहा की अपने अपने त्यौहार को शांति बनाकर मनाए. किसी प्रकार के शरारती तत्वों द्वारा किसी तरह के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाया जाता है या शांति भाँग किया जाता है तो प्रशासन को तुरंत सूचित करें. वहीं थाना प्रभारी राजा दिलावार ने उपस्थित गन्य मान्य लोगों को कहा की आप सबों के सहयोग से क्षेत्र को अपराध मुक्त क्षेत्र बनाएँगे. पुलिस आपकी सेवा के लिए चौबिसो घंटा तात्पर्य है। वहीं खरवार भोगता विकास संघ द्वारा थाना प्रभारी, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ नंद कुमार राम, एसआई राजकिशोर प्रसाद, बालेश्वर गंझु को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. मौके पर विससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, मुखिया रानो देवी, केदार गंझु, पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, पंसस राजेश राम, मो होजाफा, संतोष भगत, उमेश उरांव, समाज सेवी गौतम सिंह, मो सालिम, कयूम अंसारी, मोल्लाना मंसूर शफीक अंसारी, मो जैनुल, सुमित कुमार, राकेश प्रसाद, तुला गंझु, बहादुर गंझु, राजेश गंझु, योगेंद्र गंझु सहित कई अन्य गन्य मान्य लोग उपस्थित थे।

### विषैले जीव के काटने से छात्रा की मौत, मचा हड़कंप



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत केचकी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बखोरीढेरा के तीसरी वर्ग की छात्रा छोटी कुमारी उम्र 12 वर्ष पिता बुधन भुइंया की विषैले जीव के काटने से मौत हो गई। बताया जा रहा है मध्यांतर के बाद विद्यालय से सटे खेत में छोटी अन्य छात्राओं के साथ बेर खाने गई थी। इस दौरान छोटी को कांटा चुभने जैसा महसूस हुआ इतने में उसे पेट में काफी असहनीय दर्द होने लगा और वह बेहोश हो गई।जिसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि रेखा मिंज, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत स्थानीय ग्रामीणों के साथ प्रधानाचार्य ओमप्रकाश भारती को दी गई। मौके पर पहुंचे तत्काल चिकित्सक को दिखाया गया जहां चिकित्सक ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौके पर बीडीओ ने मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत जल्द मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह ने कहा कि यह घटना विद्यालय के शिक्षक और प्रधानाचार्य के लापरवाही के कारण हुई है। वहीं घटना की सूचना पर बरवाडीह पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया। छात्रा की मौत किन कारणों से हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। वहीं इस घटना से उनके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## श्री श्याम परिसर में फायर ब्रिगेड के अधिकारी महेंद्र सिंह ने आग की सुरक्षा के उपाय बताए



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्याम परिसर में फायर ब्रिगेड के अधिकारी महेंद्र सिंह के सानिध्य श्री श्याम काम्प्लेक्स चट्टी बाजार में आग की सुरक्षा के उपाय बताए गए। एवं मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। बागड़िया ब्रदर्स एवं मार्केट कै सैकड़ो लोग इस मॉक ड्रिल में फायर के समय किस तरह पानी को शुरू करना है एवं आग लग जाने पर इमरजेंसी में कैसे आग पर नियंत्रण करना है इसके उपाय का लोगों ने प्रशिक्षण लिया। सबसे पहले 11000 वोल्ट की इलेक्ट्रिक को शहर में बंद करवाना है इसके बाद जो लाल रंग में पाइप लगे हुए हैं उसको तुरंत खोलना है एवं जनरेटर शुरू करके पहले मैन्युअल चालू करना है फिर एक्स्ट्रा प्रेशर मशीन को चालू करना है इन उपायों लोगों ने अभ्यास किया। क्योंकि पानी में काफी फोर्स होता है इसलिए इसके पाइप जो की एक स्टील का बना हुआ आउटलेट है उसकी पूरी ताकत से पकड़ना है। इस प्रशिक्षण में सैकड़ो लोग उपस्थित थे आते हुए राहगीरों ने भी इसको समझा और मार्केट के सभी सदस्य करीब-करीब हाजिर थे। मौके पर फायर की अधिकारी महेंद्र सिंह के अलावा कमल बगड़िया सुरेश बगड़िया लोकेश बगड़िया ,अनिल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, नवल केड़िया ,संतोष जी अग्रवाल ,,मोहम्मद शब्बीर, आतिश गुप्ता, राजेश कुमार अग्रवाल, गांधी कुमार, सहित अनेक सदस्य हाजिर थे। बोकारो की अलमिनि कंपनी के प्रबंधक दिलीप कुमार जिन्होंने इस सिस्टम को लगाया है स्वयं हाजिर थे।

## सौंपे गए दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगी : निशि पांडेय



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय को जनता मजदूर संघ का केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। संघ के केंद्रीय महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम व केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुंती देवी ने जमंस के सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सुखदेव प्रसाद की उपस्थिति में मनोनयन पत्र सौंपा है। साथ ही आशा व्यक्त की है की निशि पांडेय के मनोनयन से संघ और मजबुती के साथ मजदूरहित में कार्य करते हुए और बुलंदियों को छुवेगा। इधर मनोनयन के बाद निशि पांडेय ने कहा की जनता मजदूर संघ ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेवारी सौंपी है, उसपर ईमानदारी पूर्वक कार्य करते हुए संघ को सीसीएल व ईसीएल क्षेत्र में नंबर वन बनाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही इन सेक्टरों में कार्यरत मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से वार्ता कर सार्थक कदम उठाने का कार्य करूंगी। इधर इस बावत कोल इंडिया अध्यक्ष सहित सीसीएल व ईसीएल के सीएमडी व डायरेक्टर पर्सनल, सीसीएल व ईसीएल क्षेत्र के सभी महाप्रबंधक व सभी परियोजना पदाधिकारी, धनबाद, बोकारो, वर्द्धमान, रांची, हजारीबाग और गिरीडीह के डीसी व एसपी, संघ के सभी रिजनल अध्यक्ष व सचिव को पत्र भी प्रेषित की गई है। निशि पांडेय के मनोनयन पर जनता मजदूर संघ के दशरथ कुर्मी, अशोक शर्मा, चमन मुंडा, सहित पतरामू प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय, पूर्व उपप्रमुख रामाशंकर पांडेय आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के द्वारा होटल ला मैरिटल के सभागार में प्रेस वार्ता की गई



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के द्वारा होटल ला मैरिटल के सभागार में प्रेस वार्ता की गई।प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा के सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सांसद प्रतिनिधि रंणजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, भाजपा रामगढ़ जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, कैंट मंडल के सांसद प्रतिनिधि रविंद्र शर्मा मौजूद थे।मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सांसद जंयत सिन्हा ने थाना में अनिकेत भुईया की मौत की घटना की निंदा की है। पत्रकारों को बताया कि सांसद ने मृतक के परिवार से फोन पर बात करके शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने एसपी से बात कर घटना की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। प्रेस वार्ता में बताया कि अनिकेत भुईया नंदा होटल में कार्य करता था। जहां से पुलिस किसी मामले में पूछताछ के लिए उसे साथ ले गई। प्रेस वार्ता में बताया कि सुबह परिवार वालों को पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए युवक द्वारा फांसी लगाकर मौत हो जाने की बात कही। युवक के परिवार वालों के मुताबिक युवक की मौत पुलिस की मारपीट से हुई। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग करते हुए युवक के परिजनों की उपस्थिति में शव के पुनः पोस्टमार्टम करवाने की मांग की है। भुगतान ने बताया कि सांसद की शोक संवेदना पीड़ित परिवार के साथ है कहा कि संसद ने मामले में कुछ ऐसा किया जांच हाईकोर्ट के जज से करवाने की मांग की है। ताकि सच्चाई सामने आ सके।

## भाकपा माले ने चुनाव बॉन्ड घोटाले के खिलाफ राज्य व्यापी कार्यक्रम के तहत पैदल मार्च निकाला

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुनाव बॉन्ड घोटाले के खिलाफ राज्य व्यापी कार्यक्रम के तहत आज 23/02/2024 को भाकपा-माले कार्यालय से माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया जिला कमिटी सदस्य नरेश बड़ाईक,सरयू बेदिया, देवानंद गोप, दिगेन्द्र ठाकुर, जयनन्दन गोप, कर्मा मांझी,अमल कुमार, लालचंद बेदिया,लाका बेदिया, रामबृक्ष बेदिया, लाल कुमार बेदिया, रुपन गोप, कांति देवी, बृजनारायण मुण्डा,रितेश नायक, तृतियाल बेदिया, चन्दरीका राम, सोहन बेदिया, विजय प्रजापति,आदि सैंकड़ों माले नेताओं, कार्यकर्ताओं ने मेन रोड,शुभास चौक, बस स्टैण्ड रैली,रोड़ मार्च कर नारे लगाते हुए इलेक्टरल बॉन्ड घोटालेबाज नरेंद्र मोदी इस्तीफा दो, भाजपा हटाओ-देश बचाओ, अडानी अंबानी से चुनावी बॉन्ड की यारी-मजदूर- किसानों, छात्र, नौजवानों से गद्दारी नहीं चलेगी, युवा किसान शुभकरण सिंह की हत्यारे को सजा दो, चुनावी बांड घोटाले पर चलने वाली भाजपा और मोदी सरकार को उखाड़ फेंको, चुनावी बॉन्ड घोटालेबाज नरेंद्र मोदी जवाब दो आदि नारों के साथ कार्यक्रम किया गया। भाजपा और मोदी की सरकार ने अपने पूंजीपति मित्रों अडानी-अंबानी से इलेक्ट्रॉन बॉन्ड के नाम पर गुमनाम तरीके से छुप-छुप कर अबैध चंदा उगाही कर अकूत धन का घोटाला किया गया है। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड,चुनावी चंदा का हिसाब देश की जनता के सामने भाजपा और नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक करना होगा। देश को बताना होगा।

## पुंडिदीरी के लखटकिया फुटबॉल प्रतियोगिता में पहुंचेंगे आजसू प्रमुख सुदेश महतो

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के पुण्डिदीरी गांव के ऐतिहासिक फुटबॉल मैदान रूंगकाडी में आगामी 25 फरवरी दिन रविवार को एकदिवसीय राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजित किया गया है। जिसमे झारखंड, बंगाल और उड़ीसा के नामी गिरामी फुटबॉल टीम के खिलाड़ी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता में आकर्षक पुरस्कार विजेता टीम को नगद (एक लाख ईक्यावान हजार रुपया) उपविजेता टीम को नगद ( एक लाख एक हजार रुपया) और सेमीफाइनल में पराजित टीम को नगद (पच्चीस-पच्चीस हजार) रुपया देकर सम्मानित किया जाएगा।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-05-06-2024, दिनांक: 22.02.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम संख्या: 1। सूचना संख्या: डीआरएम ईएनजीजीआरएनसी-05-2024। कार्य का नाम:** रांची मंडल में वरिष्ठ डीईएन(ईस्ट)/रांची के अधिकार क्षेत्र के अधीन 05 अदद आरओबी की मिट्टी की जांच आयोजित करना, जीएडी, ड्राइंग एवं डिज़ाइन तैयार करना तथा 04 अदद आरयूबी कार्य। **निविदा मूल्य: ₹ 30,20,066.22। जमा बयाना राशि का मूल्य: ₹ 60,400। क्रम संख्या: 2। सूचना संख्या: डीआरएम ईएनजीजीआरएनसी-06-2024। कार्य का नाम:** हटिया रेलवे सेटलमेंट में स्टाफ क्वार्टर संख्या डीएस/II/120, 121, 124 (ए-डी), डीएस/IV/12, 13 (ए-डी), डीएस/III/7,11,12 (ए-बी), डीएस/III/8, 9, 13, 14 (ए-डी) तथा डीएस/I/27, 36, 37 (ए-एल) के बाहर की तरफ के वाल प्लास्टर, अंदरूनी दीवाल तथा सीलिंग प्लास्टर, खिड़की, दरवाजे, बरसात के पानी की पाइप, सीवर पाइप, पीछे की तरफ के ड्रेन की मरम्मत। **निविदा मूल्य: रु. 1,96,98,345.07। जमा बयाना राशि का मूल्य: रु. 2,48,500। निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 15.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-1166)**


# पुलिस कराएगी न्यायिक जांच, रामगढ़ पुलिस नें अनिकेत आत्महत्या मामले में अपना बयान जारी किया






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** तीन दिन पूर्व चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स रामगढ़ के कार्यालय में हुई चोरी की घटना से संबंधित अनुसंधान के क्रम में अनिकेत भुइयां उर्फ कोका को संदिग्ध पाते हुए रामगढ़ थाना में पूछताछ के लिए लाया गया था । 22 फ़रवरी को सुबह लगभग 10:20 बजे थाना प्रभारी को सूचना मिली कि मृतक द्वारा कथित रूप से कंबल के कपड़े को फाड़कर उसका फंदा बनाकर रामगढ़ थाना हाजत के अंदर बाथरूम के दरवाज़े के कोने से लटककर उसमें झूल कर आत्महत्या का प्रयास किया गया है ।अविलंब उसे सदर अस्पताल ले जाया गया जहाँ पर चिकित्सकों ने इलाजउपरांत उसे मृत घोषित कर दिया । इस विषय में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को लिखित में सूचना दे दी गई है एवं आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आलोक में दंडाधिकारी एवं विडियोग्राफर की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम कराया गया है । इस पूरी घटना की निष्पक्ष जाँच हेतु न्यायिक जाँच करने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को लिखित प्रतिवेदन भेजा गया है । इस पूरे प्रकरण में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया जा रहा है ।निश्चित ही इस तरह की घटना होना दुर्भाग्यपूर्ण है ,परंतु इसमें पुलिस के द्वारा किसी भी तरीक़े के कथित अत्याचार की बात सामने नहीं आयी है, यह प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है।

# अज्ञात अपराधियों ने दो राउंड की हवाई फायरिंग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में अज्ञात अपराधकर्मियों ने बीते रात दस बजे की दो राउंड हवाई फायरिंग, सौदा बस्ती पंचायत सचिवालय स्थित अज्ञात अपराधियों ने दो राउंड गोलियां चलाई। अपराधियों द्वारा गोली चलाने का मकसद दहशत का माहौल बनाना है। दो दिन पूर्व भुरकुंडा परियोजना बलकूदरा आउटसोर्सिंग कंपनी स्थित अपराधियों ने तीन राउंड गोलियां चलाकर दहशत बनाया गया था जिसका अभी तक पुलिस ने उद्भेदन नहीं की , वही फिर से बीते रात अज्ञात अपराधियों के द्वारा शौंदा बस्ती में दो राउंड हवाई फायरिंग की जिससे क्षेत्र में पूरी तरीका से दहशत का माहौल है, क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे को पुलिस के द्वारा खंगाला जा रहा है, जिससे अज्ञात अपराधियों की पहचान की जाए, बाइक सवार अपराधियों ने घटना को दिया है अंजाम, रामगढ़ जिला के भुरकुंडा में लगातार घट रही है अपराधी घटनाएं।

# पुलिस प्रशासन की यह बर्बरता अस्वीकार्य है : सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी शुक्रवार मिलोनी क्लब स्थित महेंद्र राम के पुत्र अनिकेत भुइँया जो रामगढ़ के एक होटल में बर्तन सफाई का काम करता था, उसे देर रात पुलिस पूछताछ के लिए थाना ले कर गई और अगले दिन सुबह उसके शव को यह बोलकर लौटाया की अनिकेत ने खुदकुशी कर ली है। परंतु परिवार वालों का साफ कहना है कि पुलिस की पिटाई के कारण अनिकेत भुइँया की मृत्यु हुई है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने परिजनों से मिलकर न्याय का भरोसा दिया । ओर इस मामले की उच्चस्तरीय जाँच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर न्याय सुनिश्चित की जाएगी। राज्य सरकार ओर जिला प्रशाशन से मांग क्या की आश्रितों को 50 लाख मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं घर ( मकान ) देने की घोषणा करें । इस मौके पर संसद चंद्र प्रकाश चौधरी के साथ अनुसूचित जाति उत्थान परिषद महासभा के जिला अध्यक्ष मनोज राम, आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, अनुसूचित जाति महासभा जिला अध्यक्ष उत्तम पासवान, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, बिभन सिंह, जिला प्रधान सचिव अनुज तिवारी, नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, नगर सचिव नीरज मंडल, कार्यकारीअध्यक्ष कुलदीप वर्मा, लेखराज महतो,प्रेम राम, जिमी राम, जीतू मिश्रा, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रामगढ़ विधानसभा में विकास का कारवां चलता रहेगा, हर गांव में सड़कों का जाल बिछाना मकसद : विधायक सुनीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रजरप्पा :** रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के चार अलग-अलग स्थान में करोड़ों की लागत से सड़क सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मती निर्माण कार्य हेतु सड़क का शिलान्यास किया गया, इस मौके पर विधायक ने सभी स्थानों में शीलापट्ट का अनावरण किया और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया, इस मौके पर उन्होंने बताया कि झारखंड के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान सांसद गिरिडीह के चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा रामगढ़ विधानसभा में अनगिनत ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं पूरा रामगढ़ जिला एक विकसित जिला के रूप में जाना जाता है, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जो अब तक अधूरा कार्य पड़ा हुआ है जिसे मैं पूरा करने के लिए कटिबंध हूं और ग्रामीण सड़कों को राष्ट्रीय मार्ग से जोड़ने का प्रयास किया गया है सड़क निर्माण कार्य होने से सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाका के लोगों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिल सकेगी, तथा लोग दो पहिया अथवा चार पहिया वाहनों से सुलभ व सुगमता पूर्वक एक दूसरे स्थान पर ग्रामीण आवागमन कर सकते हैं.हमारा मकसद है कि पूरे विधानसभा का सर्वांगीण विकास करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं रहे सुदूरवरती दोहाकातू पंचायत के सुभाष चौक से पंचायत सचिवालय तक 450 मी पीसीसी पथ का निर्माण कराया जाना है जिसकी लागत 19 लाख 98 हजार 969 राशि से बनाया जाएगा जबकि राष्ट्रीय उच्च मार्ग 33 रांची रामगढ़ मार्ग चुटुपालु से वामनकट्टा हरेटोला होते हुए पर 1 करोड़ 68 लाख की लागत से बनखेता मध्य विद्यालय तक 3:19 कि मी तक सड़क का निर्माण किया जाएगा, छतरमांडू तालाब से लोधमा तक 1 करोड़ 36 लाख की लागत से 3.10 किलोमीटर तक सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मती कार्य किया जाना है तथा 29 लाख की लागत से बारलोंग के राष्ट्रीय उच्च मार्ग 23 से पंचायत सचिवालय तक पहुंच सड़क का निर्माण किया जाएगा जिसमें करोड़ों रुपया की राशि से सड़कों का निर्माण कराया जाएगा, इस मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, कुंदरु कला मुखिया किसुन राम मुंडा,दोहकातू मुखिया कलावती देवी, आजसू पार्टी के रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष मोहरलाल महतो, पूर्व अध्यक्ष बबलू करमाली, महेश करमाली, पूर्वमुखिया भोला महतो हीरा गोप,धनेश्वर यादव, दिलीप यादव, अनूप यादव, विक्की कुमार, गोविंद महतो, पवन महतो, पंकज महतो प्रशांत महतो, मोहराय महतो, प्रदीप नायक,संदीप आर्यन, जगदेव महतो बहादुर महतो चुरामन महतो सहित कई दर्जन आजसू पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# युवाओं को ठगना महंगा पड़ेगा जेएमएम कांग्रेस की सरकार को : अभितेष सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला रामगढ़ के तत्वाधान में रामगढ़ स्थित होटल मिलन में राष्ट्रीय व्यापी कार्यक्रम के निमित्त युवा चौपाल का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमितेश कुमार सिंह एवं संचालन राजेश सोनी एवं मानसू बेदिया ने संयुक्त रूप से किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज एवं युवा चौपाल के संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जी उपस्थित रहें बैठक में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज में युवाओं को संबोधित करते हुए कहां की भारतीय जनता युवा मोर्चा का एक-एक युवा सिपाही राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने नहीं देगी आने वाले चुनाव में झामुमो कांग्रेस की सरकार को रसातल में पहुंचने का कार्य भारतीय जनता युवा मोर्चा करेगी इसके बाद बैठक में उपस्थित सभी वक्ताओं ने युवा चौपाल में अपनी अपनी बातों को रखते हुए सभी युवाओं को संबोधित किया जिसके बाद कार्यक्रम को समाप्त करते हुए महामंत्री राजेश सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया,इस कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यक्रम संयोजक राकेश सिंह ,आशीष चंद्र, भाजपा रामगढ़ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, नीरज झा, प्रोफेसर संजय सिंह प्रोफेसर संजय सिंह राकेश सिंह धीरेंद्र साहू अंजू ठाकुर त्रिलोकी गिरी संजय अग्रवाल सुमित अग्रवाल, वासुदेव प्रजापति इस कार्यक्रम में अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**

**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**

**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –35 / 2023–24

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समयः–01.03.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 02.03.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 02.03.2024 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repairing and Replacement of burnt 1.5 HP to 5 HP Submersible Motor pump, 5.0 HP & 7.5 HP Centrifugal Motor pump with Panel box, starter in Rajbhawan Campus, Ranchi under D.W.& S. Division Gonda Ranchi. (For 6 Months) | 470732.00 | 10000.00 | 750.00 | 06 Months |
| 2. | Day to day repair maintenance of 2000 Lph RO plant filter system with necessary water supply and its allied work at Rajbhawan Campus, under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (For 6 Month) | 513011.00 | 11000.00 | 1250.00 | 06 Months |
| 3. | Repair and maintenance of Domestic/Commercial RO/Water Purifier System with cooler of different models installed at diffrent location of Civil Court Campus, JPSC Office and State Election Commission office Building, Ranchi Jharkhand under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi for 2024-25. | 655873.00 | 14000.00 | 1250.00 | 01 Year |
| 4. | Repair and maintenance of water supply each 1,00,000 Gallon having Capacity ESR & SUMP at Booty Road officer's flat Dindayal Nagar Officer's quarter, MLA/IAS Quarter and adjoining area with cleaning of sump, ESR, pipe line and operation of pump motor, sluice valve under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (For Six Months), Year 2024-2025. | 681065.00 | 14000.00 | 1250.00 | 06 Months |
| 5. | Repairing and Replacement of burnt 1.0 HP to 5 HP Submersible Motor pump, 5.0 HP Centrifugal Motor pump with Panel box, starter at CM Secretariate and other Office Building under D.W.& S. Division Gonda Ranchi. (For 6 Month) | 751881.00 | 16000.00 | 1250.00 | 06 Months |
| 6. | Repair and maintenance of Domestic/Commercial RO/Water Purifier with cooler of different models installed at Rajbhawan Main Building, secretary Residence, ADC-P, ADC -M and House Controller Residence and other Govt. Building/Quarters at different Location under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. 2024-25. | 756129.00 | 16000.00 | 1250.00 | 01 Year |
| 7. | Repairing and Replacement of burnt 1.0 HP to 5 HP Submersible Motor pump, 1.5 HP & 7.5 HP Centrifugal Motor pump with Panel box, starter in All Minister's and All MLA's residence and All Officer's residence under D.W.& S. Division Gonda Ranchi. (For 6 Months) | 769926.00 | 16000.00 | 1250.00 | 06 Months |
| 8. | Repairing and Replacement of burnt 1.5 HP to 5 HP Submersible Motor pump, 5.0 HP & 7.5 HP Centrifugal Motor pump with Panel box, starter in CM House, Old CM House, Speaker House and All Ex. CM Residence, Judge Colony, Audrey House Staff Quarters & Machhli Ghar Staff Quarters at different places under D.W.& S. Division Gonda Ranchi.(For 6 Months) | 846021.00 | 17000.00 | 1250.00 | 06 Months |
| 9. | Repair and maintenance of Domestic/Commercial RO/Water Purifier System with cooler of different models installed at CM House, Speaker Residence, Chief Justice Bungalow, MLA Quarter and Govt. Building and Quarters at different Location under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi 2024-25. | 957042.00 | 20000.00 | 1250.00 | 01 Year |
| 10. | Repair and maintenance of different models of Geyser installed at Rajbhawan Main Building & Quarters, CM House, Speaker House, Chief Justice Bungalow and other Govt. Bungalow and Quarters at different Location under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. 2024-25. | 981241.00 | 20000.00 | 1250.00 | 01 Year |
| 11. | Day to day Repair and replcement of plumbing fixtures of CM Secretariat, Raj Secretariat and all other Office Building, under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (For 6 Months) | 2255617.00 | 46000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 12 | Day to day Repair and replcement of plumbing fixtures, cleaning of all fountain, toilet and bathroom of Rajbhawan Main Building, Annexy, VIP Toilets, Toilet Complex (Gate No. - 2), All Officer's Residence and Police barracks in Rajbhawan Campus and operation of Motor pump at D. W. & S. section Rajbhawan under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (For 6 Months) | 2291341.00 | 46000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 13. | Day to day Repair and replcement of plumbing fixtures of Hon'ble MLA's Residence, Hon'ble Minister's Residence and all Officer,s Residence and operation of Motor pump at D. W. & S. section Rajbhawan under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (For 6 Months) | 2344061.00 | 47000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 14. | Day to day Repair and replcement of plumbing fixtures, cleaning of toilet and bathroom of CM House, Old CM House, Speaker House and All Ex. C. M. Residence and operation of Motor pump under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (For 6 Months) | 2487792.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 15. | Day to day Repair and replcement of plumbing fixtures and retrification of chocked sewerage line of Judge Colony, Audrey House Staff Quarters & Machhli Ghar staff Quarters and operation of Motor pump under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (For 6 Months) | 2492086.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 16 | Day to day operation of Motor Pump for water supply, Repair and replacement of damage sanitary fittings, Motor pump, Sewerage work & other Misc. work at diffrent places of Sri Krishna Institute of Public Adminstration, Meyar's Road, Ranchi, under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi for the year 2024-25. | 2498672.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 17 | Day to day repair and maintenance of VIP toilet cum bathroom and piyaoo situated at south side of court in the campus of Hon'ble civil court Ranchi under D.W. & S. Division Gonda Ranchi. For the year 2024-25 | 700836.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Year |
| 18 | Day to day repair and maintenance of VIP toilet cum bathroom North side of court in the campus of Hon'ble civil court Ranchi under D.W. & S. Division Gonda Ranchi. For the year 2024-25 | 672229.00 | 14000.00 | 1250.00 | 01 Year |

नियम एवं शर्तें सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

**PR.NO.320143 Drinking Water and Sanitation(23-24):D**

## नवजवान एकता फाउंडेशन ने किया भोजन वितरण



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नव जवान एकता फाउंडेशन के द्वारा पिछले कई माह से प्रत्येक शुक्रवार की भांति इस शुक्रवार को भी लंगर ए रसूल का आयोजन उपर कुल्ही, सिंदरी रोड के समीप किया गया। जहाँ सभी धर्म के हजारों भूखे प्यासे असहाय व जरूरतमंद लोगों को स्वादिष्ट भोजन खिलाया गया। संस्था के लोगों ने बताया की उनके द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण का कार्य किया जाता है जो निरंतर जारी रहेगा। वहीं भोजन ग्रहण करने वाले लोगों ने संस्था के कार्य की काफी प्रसंशा की और धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे नवजवान एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष शाहनवाज खान, सचिव मो. शाहनवाज खान, मो. इकबाल खान, मो. आलमगीर, मो. गियासुद्दीन, मो. इसराफिल, मो. सलीम, मो. बब्लू आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## रविकांत प्रसाद की तृतीय पुण्यतिथि पर की गई ओल्ड एज होम में बुजुर्गों की सेवा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिंदरी एफसीआई के पूर्व महाप्रबंधक एवं समाजसेवी चित्रांश रवि कांत प्रसादबके तृतीय पूण्य तिथि के अवसर पर संगत पंगत ट्रस्ट, एबीकेएम तथा श्चित्रगुप्त महापरिवार, सिंदरी के तरफ से संबलपूर, सहयोगीनगर स्थित ओल्ड एज होम में उनके फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया और सभी के बीच भोजन एवं अंगवस्त्र का वितरण किया गया। स्व. रविकांत स्मृति मंच के संयोजक चित्रांश अंजनी श्रीवास्तव तथा उपस्थित सभी चित्रांशों ने इनके द्वारा किए गए कार्य पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चित्रांश रबि भूषण श्रीवास्तव, डाक्टर सरोज सिन्हा, उपेंद्र वर्मा, कुंदन वर्मा, संजय बख्शी, अभिषेक गुंजन, प्रमोद लाला, राकेश कुमार सिन्हा, समरेंद्र सोहन, मदन मोहन श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, रुपेश श्रीवास्तव, बी एन लाला, कुमार सौरभ, हर्षित श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव आदि लोगों ने शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। ओल्ड एज होम सह लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी एवं सक्रिय सदस्य कुमार मधुरेन्द्र सिंह एवं ओंकार मिश्रा ने चित्रांश परिवार और संगत पंगत ट्रस्ट को आयोजन करने हेतु धन्यवाद दिया एवं पुनः आश्रम परिवार में सहयोग की आशा की।

## शब-ए-बरात 25 को, तैयारियां जोरों पर
# जगमगाएंगे मस्जिद, कब्रिस्तान व दरगाह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गुनाहों से मगफिरत मांगने की रात शब-ए-बरात का त्योहार कोयलांचल में 25 फरवरी को मनाया जाएगा। शब-ए-बरात को लेकर लोगों ने तैयारियां भी तेजी से शुरू कर दी हैं। इस दिन लोग अपने रिश्तेदारों और अजीजों की कब्रों पर जाते हैं व कब्रों को तरह- तरह के फूलों से सजाते हैं और मस्जिदों में कुरान ए पाक की तिलावत करते हैं। साथ ही कब्रों के पास मोमबत्ती तथा अगरबत्ती जला कर उनकी मगफिरत के लिए दुआ की जाती हैं।

**कब्रिस्तान की साफ सफाई एवं सजाने का काम शुरू :-** शब-ए-बरात को लेकर कोयलांचल के कब्रिस्तानों की साफ सफाई एवं सजाने की भी तैयारी चल रही है। लोग अपने पूर्वजों के कब्र को मरम्मत कराने में जुट गए हैं। शहर के रांगाटांड़, वासेपुर, शमशेर नगर, आजाद नगर, कतरास, गोविंदपुर, झरिया होरलाडीह आदि कब्रगाहों में मरम्मति और साफ सफाई का काम जोरों से चल रहा है।



**मस्जिद, कब्रिस्तान व दरगाहों पर खास व्यवस्था :-** शब-ए-बरात को लेकर कब्रिस्तान कमेटियों ने व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर ली है। अंजुमन फलाहूल मुस्लेमीन जामा मस्जिद के सदर अफजल खान ने बताया कि मस्जिद, कब्रिस्तान, दरगाहों पर भी विशेष व्यवस्था के साथ रौशनी और साफ-सफाई की व्यवस्था की जा रही है।

बहुत मुबारक है शब-ए-बरात की रात यह रात मुबारक रातों में से एक है। जिसमे अल्लाह पाक की रहमत खूब बरसती है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक 8 वें महीने यानि शाबान की 14 तारीख को गुरुब आफताब यानी सुरज ढलने के बाद यह रात शुरू होती है। 15 शाबान की रात को शब-ए-कद्र की रात कहा जाता है, जिसे इबादत की रात भी कहते हैं जिसकी बड़ी फजीलत है। इस रात तमाम मुसलमान अपना वक्त अल्लाह की इबादतों में गुजारते हैं, दुआएं मांगते हैं और गुनाहों से तौबा करते हैं। यह रात बहुत ही फजीलत और निजात वाली रात है। पंद्रहवीं शब को कयाम और दिन को रोजा रखना बेहतर होता है। इस रात अल्लाह अपने बंदों से फरमाते है की है कोई ऐसा जिसे अपनी गुनाहों से बख्शीश की तलब हो। इस रात अल्लाह अपने बंदों की गुनाहों को माफ करते हैं।

## सीएसपी लूटकांड मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के बगोदर में बीते कुछ दिन पूर्व हुए सीएसपी संचालक से हुए लूट मामले में पुलिस ने फिर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने तो पपरवाटांड कार्यालय में इसकी जानकारी दी।बताया गया कि 19 फरवरी को हुई लूट की घटना के बाद पुलिस ने 24 घंटे के अंदर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं इस मामले में गठित एसआईटी की टीम ने लूट कांड में शामिल 5वें आरोपी को भी दबोच लिया है। एसपी ने बताया कि लूट की घटना के बाद ईन्होंने बगोदर सरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में स्ढ्ढञ्ज का गठन किया था। इस मामले में गठित स्ढ्ढञ्ज टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 आरोपी मुबारक हुसैन, जासिम अंसारी, अल्ताफ रजा और जावेद अख्तर को गिरफ्तार कर लिया था।वहीं अब पांचवें आरोपी के रूप में टीम ने नूर मोहम्मद को गिरफ्तार किया है।इस दौरान पुलिस ने उसके पास से लूट में प्रयुक्त बाइक, एक देशी कट्टा और लूटे गए रकम में से 38 हजार 170 रूपये बरामद किए हैं।

## फुटपाथ से दुकानदारों को हटाए जाने पर हुआ विरोध प्रदर्शन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लूबी सर्कुलर रोड में एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय के आसपास फुटपाथ पर ठेला खोमचा लगाने वाले दुकानदारों को धनबाद नगर निगम के द्वारा हटाए जाने के खिलाफ पथ विक्रेता समन्वय समिति के बैनर तले फुटपाथ दुकानदारों ने विरोध प्रदर्शन किया। फुटपाथ दुकानदारों के नेता श्यामल मजूमदार ने कहा कि दुकानदारों को हटाए जाने पर निगम के अधिकारियों से बात करने पर बताया गया कि एसएसएलएनटी कॉलेज प्रबंधन की शिकायत पर यह कार्यवाही की गई है। उन्होंने कहा जब इस मामले में कॉलेज के प्राचार्या से बात करनी चाही तो उन्होने फुटपाथ दुकानदारों से मिलने इंकार किया। सबसे बड़ा सवाल यह है की अब आखिर वर्षो से व्यवसाय कर रहे दुकानदारों की रोजी रोटी कैसे चलेगी।

## अल इकरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रशिक्षुओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बीबीएमकेयू द्वारा एम.एड सत्र 2021-23 के अन्तिम सेमेस्टर का परिणाम घोषित कर दिया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विगत वर्षों की परम्परा को बरकरार रखते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपने कॉलेज के नाम को रौशन किया। विदित हो कि अल इकरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज झारखण्ड का पहला निजी कॉलेज है जिसमे शिक्षक प्रशिक्षण से संबंधित सभी कोर्स (D.El.Ed., B.Ed., M.Ed) का संचालन किया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परिणाम में प्रथम स्थान पर महाविद्यालय की ओर से सजीला परवीन (8 CGPA), द्वितीय स्थान



पर फरी आफरीन, महिमा कुमारी एवं ईला शर्मा (7.9 CGPA) के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा 7,8 ष्टत्रक्क के साथ सलाहुद्दीन अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं द्वारा किये गए उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ मो शमीम अहमद ने इस सफलता का श्रेय छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत एवं अपने कुशल अध्यापकों के टीम को समर्पित किया और यह घोषणा की कि महाविद्यालय इस वर्ष रजत जयन्ती समारोह मनाने जा रहा है जिसमे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सजीला परवीन को डॉ जाकिर हुसैन स्वर्ण पदक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो डॉ मो शमीम अहमद, प्रबंध समिति की अध्यक्षा सुरैय्या खानम, समिति के सचिव डॉ एस खालिद, एम. एड विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ निखत परवीन, प्रभारी प्राचार्य अशरफ अली, प्रो मो हसनैन अख्तर, प्रो डॉ मनोज कुमार, प्रो अब्दुल्लाह, प्रो डॉ अनवर फातिमा, प्रो ममता सिन्हा, प्रो नादिरा रहमान एवं महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यगणों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खुशी का इजहार किया।

### पीएम विश्वकर्मा योजना पर कार्यशाला का आयोजन
## सांसद ने किया योजना का लाभ लेने का आह्वान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रांगाटांड स्थित रेलवे ऑफिसर्स क्लब में एमएसएमई विकास कार्यालय द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद धनबाद पशुपतिनाथ सिंह ने लोगों से इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह स्वनियोजन के साथ दूसरे लोगों को रोजगार देने वाली योजना है। केंद्र सरकार ने योजना के लिए 13000 करोड रुपए का बजट में प्रावधान रखा है। योजना के लिए अब तक 4 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है। इसमें 18 तरह के परंपरागत ट्रेड का चयन किया गया है। सहायक निदेशक एमएसएमई धनबाद सह कार्यक्रम के संयोजक सुजीत कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्टेकहोल्डर्स को योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देना एवं उनके प्रश्नों का समाधान करना है। इस अवसर पर एमएसएमई धनबाद के सहायक निदेशक प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ू, गुड़िया और खिलौने, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले सहित 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5 - 7 दिन का प्रशिक्षण एवं 500/- रुपए प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा तथा प्रशिक्षण उपरान्त टूल किट हेतु 15 हजार रूपए ई-वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे। प्रथम चरण में एक लाख रूपए तक का ऋण तथा द्वितीय चरण में दो लाख रूपए तक का कोलेटरल फ्री ऋण (5 प्रतिशत ब्याज की दर से) की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

## उसरी नदी में पदयात्रा की तैयारी की समीक्षा बैठक

पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** ज़िले में लगातार उसरी बचाओ अभियान के कोर कमेटी की शुक्रवार को अमित बरदियार घाट शास्त्री नगर में एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उसरी बचाओ अभियान संयोजक मंडली के सदस्य कृष्ण मुरारी शर्मा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि उसरी को बचाने के लिए अपने अपने मुहल्लों से झंडा बैनर लेकर निकलेंगे और उसरी शास्त्री नगर घाट पहुंचेंगे। झंडा बैनर बनवाने और नारा लिखवाने की जिम्मेदारी राजेश सिन्हा और कृष्ण मुरारी शर्मा को दिया गया। विदित हो कि उसरी बचाओ अभियान की मुख्य मांग उसरी नदी पर छिलका डैम, उसरी नदी में गंदे नालों का पानी सीधे उसरी में जाता है उसको रोकने के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, नदी के दोनों किनारों पर पौधारोपण, जगह जगह पर पार्क का निर्माण, नदी का अतिक्रमण पर रोक आदि शामिल है। उसरी बचाओ अभियान संयोजक मंडली के सदस्य कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि उसरी नदी में पदयात्रा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में उसरी नदी और पर्यावरण बचाने को लेकर जन जागरूकता लाना है। छिलका डैम बन जाने से जल स्तर भी बढ़ेगा।

## गिरिडीह पुलिस ने दबोचे 7 साइबर अपराधी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में गिरिडीह पुलिस के द्वारा प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना के आधार पर कुल 07 साइबर अपराधियों को गिरिडीह के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। वही एसपी दीपक शर्मा के द्वारा बताया गया कि ये लोग गुगल सर्च इंजैन दर गुगल सर्च ऑप्टिमाईजेशन के माध्यम से फर्जी कुरीयर सर्विस का एड बनाकर उसपर अपना फर्जी मोबाईल नं0 हेल्पालाईन नम्बर के रूप डाल ठगी करते थे । साथ ही आम लोगों को अश्लील विडियो भेजकर उसका रिकॉर्डिंग कर उन्हें ब्लैकमेल करते थे। गिरफ्तार हुए अभियुक्तों के नाम :- इस्तीयाक अंसारी,असरफ अंसारी, रजाउद्दीन अंसारी, टिंकु कुमार, गणेश प्रसाद,रोहित कुमार राणा, मोजाहिद अंसारी है। इन लोगो के पास से 41 मोबाइल, 52 सिम, 4 एटीएम ,04 मोटरसाइकिल , 03 आधार कार्ड, 2 पैन कार्ड बरामद हुआ है।

## एनएसयूआई ने किया जय जवान का पोस्टर लांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** एनएसयूआई द्वारा सर्किट हाउस में जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी के नेतृत्व में जय जवान का पोस्टर लांच किया गया। पोस्टर लांच करते हुए सभी साथियों को जय जवान से संबंधित अन्याय के विरुद्ध न्याय का युद्ध स्लोगन की जानकारी दी गई।गोपाल कृष्णा चौधरी ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में, अनगिनत भारतीय युवा जो कभी बड़े गर्व के साथ भारतीय सेना में सेवा करने के सपने देखते थे, अन्याय और उपेक्षा के चौराहे पर खड़े हैं। भाजपा की राजनीतिक चालबाज़ियों ने इन युवाओं की मेहनत और उम्मीदों को चूर-चूर कर दिया है। मोदी सरकार द्वारा अग्निपथ योजना के बहाने 1.5 लाख से अधिक होनहार युवाओं के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है। अग्निपथ योजना युवाओं के सामने कई चुनौतियां पेश की है, विशेष रूप से कम वेतन और पहचान की कमी।जय जवान में अन्याय के विरुद्ध न्याय का युद्ध मे हमारे देश के युवाओं को जुड़ना चाहिए इस युद्ध में जुड़ने के लिए 9999812024 पर मिस कॉल देकर जुड़ सकते हैं।

## अपर महाप्रबंधक तरूण प्रकाश देखेंगे पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक का कार्यभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** तरूण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल आज दिनांक 23.02.2024 से रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक का कार्यभार देखेंगे । विदित हो कि महाप्रबंधक/पूर्व मध्य रेल अनिल कुमार खंडेलवाल ने सदस्य (इंफ्रा), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली में पदभार ग्रहण कर लिये हैं ।तरूण प्रकाश ''भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरिंग सेवा÷ (IRSSE) के 1988 बैच के एक ख्याति प्राप्त अधिकारी हैं । आपने आईआईटी, रूड़की से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्यूनिकेशन में बी.टेक. तथा आईआईटी, दिल्ली से कंप्यूटर साइंस में एम.टेक. की शिक्षा प्राप्त की हैं ।

आपने बिकोन्नी मेलॉन एवं आईएसएम, हैदराबाद से प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त किया है । आप विभिन्न अध्ययन के क्रम में मलेशिया एवं सिंगापुर भी जा चुके हैं ।

तरूण प्रकाश, पूर्व मध्य रेल में प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, उत्तर रेलवे में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी एवं मुख्य संचार इंजीनियर तथा मुरादाबाद मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं ।


**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department,**
**Road Division,Garhwa.**

**e-Procurement Notice**
**For National Competitive Bidding**

**e-Tender Reference No. :** RCD/GARHWA/279/2023-24 **Date:- 23.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Widening, Strengthening & Reconstruction work of Nagaruntari (NH-75) to Rohinian via Garbandh Road (Total Length 15.740 km.) under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 54,17,24,348.00 (Rupees Fifty Four crore Seventeen Lac Twenty Four thousand Three hundred Forty Eight) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 54,18,000.00 (Rupees Fifty Four Lac Eighteen thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 14 (Fourteen) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 26-03-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 06-03-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note :-**The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders. gov. in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

PR.NO.320251
Road(23-24):D

**Executive Engineer,**
Road Construction Department, Road Division,Garhwa.



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,रामगढ़।**

**ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–_अतिअल्पकालीन निविदा संख्या:- **23/2023-24/RWD/RAMGARH** दिनांक :- **23.02.2024**

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ RAMGARH/23/2023-24/ DMFT | रामगढ़ | ग्राम– हुहुआ लाहरबारी में समाहरणालय परिसर में नगर परिषद द्वारा निर्मित मार्केट कॉम्प्लेक्स से जिला परिषद् मार्केट कॉम्प्लेक्स के पीछे होते हुए उपेन्द्र साव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 37,26,200/- | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **26.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **04.03.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 06.03.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 320246 (Rural Work Department) 23-24 (D)



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड
अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (4th Call)

**PR No.-314110 Dated : 22.12.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:-341 /2023-24 दिनांक :- 23.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-RAN-05/2023-24 | नामकुम | 1 | पलान्डु से मालती रिंग रोड भाया नावादर पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 3.650 कि०मी०) | 1449.595 | चौदह करोड़ उनचास लाख उनसठ हजार पाँच सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | ओरमांझी | 2 | पाँचा परपाँचा रोड से मतातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 1.300 कि०मी०) | | | |
| | | ओरमांझी | 3 | एन०एच०–33 रोड से कुरूम भाया चेतनबारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 3.600 कि०मी०) | | | |
| | | ओरमांझी | 4 | झिरी से चेतनबारी एन०एच०–33 भाया नकवाटोल ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2.400 कि०मी०) | | | |
| | | ओरमांझी | 5 | ओरमांझी से उलातु भाया सियारटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |
| | | ओरमांझी | 6 | डहु भरई से कुल्ही भरई भाया बरवे तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 4.20 कि०मी०) | | | |
| | | ओरमांझी | | होचाई साहेदागढ़ा सदमा चौक से बुण्डु मायापुर होते हुए पोड़ेयाटांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० –7.500 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–26.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 04.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–05.03.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 320235 Rural Work Department(23-24)D

## पीएम विश्वकर्म योजना को लेकर एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारत सरकार एमएसएमई मंत्रालय के एमएसएमई-विकास कार्यालय,पर रांची द्वारा लोहरदगा जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम आज नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ,पात्रता एवं आवेदन की प्रकिया इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, भा.प्र.से., डीडीसी, लोहरदगा एवं उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की संयोजक ज्योत्सना गुड़िया, सहायक निदेशक द्वारा उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूप रेखा से अवगत कराते हुए बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं। कारपेंटर,नाव बनाने वाले,अस्त्र बनाने वाले,लोहार,ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, धंगुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5-7 दिन का प्रशिक्षण एवं रूपए 500/- प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा तथा प्रशिक्षण उपरान्त टूल किट हेतु 15 हजार रूपए ई-वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे। प्रथम चरण में एक लाख रूपए तक का ऋण तथा द्वितीय चरण में दो लाख रूपए तक का कोलेटरल फ्री ऋण (5 प्रतिशत ब्याज की दर से) की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्य अतिथि श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, भा.प्र.से., डीडीसी, लोहरदगा ने अपने अभिभाषण में कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, विश्वकर्मा जयंती दिनांक-17 सितम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री जी के द्वारा डिजिटली लॉन्च (लागू) की गई थी। भारत सरकार के द्वारा इस योजना को प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी कराना है जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने हेतु सभी को मिलकर एक साथ प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभा में उपस्थित 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों से इस योजना का लाभ लेने हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंजीकरण कराने का आह्वान किया। उद्घाटन सत्र में सम्मानित अतिथि के रूप में रघुबर सिंह, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, लोहरदगा, मयंक जे कंडुलना, निदेशक, को आर-सेटी, लोहरदगा एवं निशांत सिंह, अधिकारी, एलडीएम कार्यालय, लोहरदगा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर), झारखंड के सहायक प्रबंधक सत्येंद्र कुमार ने इस योजना में रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया, पात्रता एवं मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सीएससी की ओर से एक ÷ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन÷ शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों का इस योजना के तहत पंजीकरण भी किया गया।

## वनाधिकार कानून के तहत हुई ग्राम सभा की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड के बन्दरचुवा पंचायत अंतर्गत सेतासोया राजस्व ग्राम में वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा की बैठक की जोलेन समद की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन सह जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष समर्पण सुरिन एवं जिलास्तरीय ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार सहित बंदरचुवां पंचायत के उप मुखिया मूल्याणी डाँग को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 के तहत सिमडेगा जिला सैकड़ों ग्राम सभा के लोगों द्वारा भौतिक सत्यापन एवं स्थल जांच कर अग्रेतर करवाई हेतु ग्राम सभा द्वारा अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति के समक्ष जमा किया गया है लेकिन अभी तक सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न ग्राम सभा को सामुदायिक अधिकार का पट्टा एवं सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन का अधिकार दावा पट्टा नहीं मिल पाया और लैंड बैंक को अभी तक निरस्त नहीं किया गया है जो बेहद दुखद है।इसको लेकर ग्राम सभा के लोगों में आक्रोश भी है। अभी वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा वनाधिकार कानून 2006 को कमजोर करने के लिए नए कानून भारतीय वन संरक्षण अधिनियम 2023 को लाकर हमें अपने अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है जिसे हम सभी कतई स्वीकार नहीं करेंगे। जबकि वनाधिकार कानून 2006 एक केंद्रीय कानून है जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में लागू है।जिसे सभी लोगों को जानने की जरूरत है एवं कानून की जानकारी रखना होगा और अपने अधिकारों को बढ़ चढ़ कर लेना होगा। जल जंगल जमीन हमारे पूर्वजों के द्वारा दिया हुआ विरासत है इसे हमें हर हाल में बचाकर रखना होगा चूँकि जंगल हमारी आजीविका के साथ साथ परंपरा और संस्कृति भी है। पृथ्वी और पानी को बचाने के लिए जंगलों को रहना जरूरी है इसलिए पेडों की कटाई को रोकना होगा साथ ही साथ जंगलों में आग लगाने से बचना होगा। इस अवसर पर समर्पण सुरिन ने कहा बैठक में ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए महिला समिति,बाल अखाड़ा समिति गठन भी करना होगा साथ-साथ ग्राम सभा का बाजार के साथ जोड़ने के लिए बैंक बचत खाता खोलकर ग्राम सभा के लिए फंड के लिए जमा करने की जरूरत है जिससे कि ग्राम सभा के सभी लोगों को समय समय पर सहयोग मिलते रहेगा। इस बैठक में आनंद सनमानी, बलिराम मांझी, प्रकाश होरो, मथियस डांग, संदीप कंडुलना, सिसिलिया डाँग, सांझी देवी, गुड़िया देवी, आश्रिता कुमारी, जुसफ़ बागे, जुनाचन्द डाँग, कृपा बागे, लॉरेन्स बुढ़,जतरू माँझी, जेठू माँझी सहित ग्राम सभा में लोग उपस्थित थे।

## सीलिंगा में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के सिलिंगा गांव में लीड्स संस्था द्वारा कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम आयोजित कर संस्था द्वारा जलडेगा प्रखंड के 25 गांव में किए जा रहे गतिविधियों को बताया गया। इस दौरान संस्था के फील्ड प्रोग्राम फेसलिटेटर कुलदीप सुरीन और कलिंदर प्रधान ने ग्रामीणों को मनरेगा, राशन कार्ड, श्रम विभाग, 15वें वित्त आयोग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, आत्मा, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, उज्जवला योजना तथा ई श्रम कार्ड से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और योजना से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दिया। इस दौरान ग्रामीणों को श्रम विभाग में आवश्यक रूप से निबंधन कराने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया की श्रम विभाग में निबंधन करने पर मजदूरों को विभाग द्वारा 15 प्रकार का लाभ दिया जाता है। कार्यक्रम में ग्राम सभा के कार्य एवं दायित्व की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि अब हर महिने ग्राम सभा की बैठक की जायेगी और ग्राम सभा बैठक की सूचना हरेक माह डुगडुगी के मध्यम से दी जाएगी।मौके पर संस्था के कार्यकर्ता कलिंद्र प्रधान, कुलदीप सुरीन मनोज बिंझिया, ग्राम प्रधान ऑस्कर डुंगडुंग, प्रिस्का केरकेट्टा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## टीबी बीमारी से बचाव और उपचार के लिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के चितिरी डाँड़ू के पंचायत भवन में पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम की अध्यक्षता में पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत से संबंधित एक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में पंचायत के जन प्रतिनिधि, जेएसएलपीएस के डीपीआरओ पूनम कुमारी,डीपीसी आशीश कुमार एवं ग्रामीण मौजूद थे। बैठक में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को टीबी बिमारी की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उससे बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि अपने-अपने क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति में टीबी का संभावित लक्षण होने पर स्वास्थ्य केन्द्र में बलगम जांच कराने के लिए उसे प्रेरित करें। साथ ही बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि पंचायत प्रतिनिधि,सहियाओं एवं जल सहियाओं का एक टीम तैयार कर पुरे पंचायत में घर-घर सर्वे कर संदिग्ध टीबी रोगियों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। ताकि समय पर स्पूटम का जांच कराया जा सके। वही पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा स्वास्थ्य उप केंद्र चितरी सीएचओ जेनिथ एवं एएनएम के साथ बैठक कर टीबी बीमारी के बारे के चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही टीबी मुक्त पंचायत के लिए निर्धारित सभी मापदंडों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पीरामल स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बताया गया कि टीबी मुक्त पंचायत के लिए सबसे पहला मापदंड प्रति एक हजार की आबादी पर वर्ष में कम से कम 30 सैंपल जांच करना सुनिश्चित करें। मौके पर पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम, सुधीर राय, सीएचओ जेनिट, एएनएम तथा अन्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## गांवो का विकास करना ही आजसू पार्टी की पहले प्राथमिकता है : नीरू शांति भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सदर प्रखंड लोहरदगा के हरमू पंचायत एवं जूरिया पंचायतो का दौरा आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत के द्वारा किया गया। इस दौरान गांव के लोगों से चर्चा की गई एवं समस्याओं से रूबरू होते हुए नीरु शांति भगत ने कहा गांव का विकास ही आजसू पार्टी की पहली प्राथमिकता है क्योंकि गांव का विकास होगा तभी जिले का और राज्य का विकास होगा। उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं से आह्वान किया कि क्षेत्र के विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को आजसू पार्टी में शामिल करें और क्षेत्र के विकास के लिए हम सभी मिलकर सार्थक प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय सचिव सह लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कंवलजीत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रुपेश आईन्द, जूरिया पंचायत अध्यक्ष विजय उराँव, नगर कार्यकारी अध्यक्ष संदीप भगत, उदय चंद्र मुखर्जी, रामू ऊराँव, जरकश साहू, कर्मदेव ऊरांव, सुरेंद्र महली, लीलावती कुजूर, सीता मिँज, रानी कुमारी, सोहदरा देवी, मंगरी ऊराईन, लगन महली, रीना मींज, बीना उरांव, विनय उरांव, अनीता उरांव, सीतामुनि उराव, पिंकी उरांव, संध्या उराव, सीताराम उरांव, मनीता लकड़ा, करमिला उरांव सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुएं में डूबने से एक युवक की मौत

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना किस्को प्रखंड क्षेत्र की जहां शुक्रवार को भागते बैल को रोकने के लिए उसके पीछे दौड़ना गुलाम अंसारी के लिए मौत साबित हुआ। घटना लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र के निरहु गांव से अहले सुबह बैलों को लेकर कृषि मार्केट साप्ताहिक बाजार जा रहे यासीन अंसारी के पुत्र गुलाम अंसारी की बदला नवा टोली स्थित कुएं में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुलाम अंसारी जब बैलों को लेकर बाजार आ रहा था तो उसके बैल इधर- उधर दौड़ने लगे। उन्हें रोकने के लिए वह भी उनके पीछे दौड़ा। इसी दौरान बिना मुंडेर के कुएं को गुलाम देख नहीं पाया और कुएं में गिर गया। इसके पहले की लोगों को घटना की खबर हो पाती तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। घर का कमाऊ सदस्य होने के कारण गुलाम की मौत से उसके परिवार पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## किस्को क्षेत्र की जंगल में फांसी लगा कर युवक ने की आत्महत्या



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना किस्को थाना क्षेत्र के सेमरडीह गांव के समीप टगचोखवा की है जहां बसबना जंगल के पेड़ में फांसी का फंदा लगा कर एक युवक ने आत्महत्या कर ली थी,जानकारी अनुसार बुधवार संध्या सेमरडीह निवासी छेदु नगसिया द्वारा अज्ञात युवक का शव जंगल में लटके होने की सूचना सेवानिवृत्ति चौकीदार रोजामत अंसारी को दी गई। घनघोर जंगल होने के कारण बुधवार को पुलिस घटनास्थल पर नही पहुंच पाई थी। पुलिस बृहस्पतिवार को घटनास्थल पर पहुंच के मामले की पड़ताल में जुट गई। मृतक की पहचान बंगलापाठ निवासी शिवनाथ नगेसिया के पुत्र मनदेव नगसिया के रूप में हुई है, लोगो ने बताया कि मृतक की दिमागी हालत कुछ समय से खराब थी। मृतक अपने गले में गमछा का फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली थी। मृतक जैकेट व हाप पैंट पहने हुए था। घटना एक सप्ताह पहले की बताई जा रही है, शव बुरी तरह से सड़ चुका है। जिसके बाद किस्को थाना पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।

### सीओ ने बीएलओ व सुपरवाइजर संग की बैठक

## क्षेत्र के मतदाता को जागरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाए : सीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में लोहरदगा व विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक की गई।बैठक में मुख्य रुप से सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि अगर उनके मतदान केंद्रों में किसी युवा मतदाताओं का नाम आज भी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें शीघ्र दर्ज करें। मृत मतदाता एवं दोबारा प्रविष्ट मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित करें एवं अपने मतदान क्षेत्र में घूम-घूमकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। जिससे मतदान का प्रतिशत आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बढ़ाया जा सके। बैठक के दौरान सभी बीएलओ को डमी ईवीएम एवं वीवीपीएटी का सेट दिया गया उसे ले जाकर अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में लोगों को दिखाकर वोटिंग की प्रक्रिया को बताने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य धर्मदास भगत, सुमित्रा देवी, माया देवी, बबिता देवी, आदि दर्जनों बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच 348 छात्र छात्राओं ने दिया संस्कृत विषय की परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु एवं कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में संस्कृत विषय की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ। इस मौके पर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण जिला से आए उड़नदस्ता दल के द्वारा की गई। वही परीक्षा से पूर्व दण्डाधिकारियों द्वारा छात्र छात्राओं का प्रवेश पत्र जाँच कर परीक्षा केंद्रों में प्रवेश कराया गया। जिसे नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु स्थित परीक्षा केंद्र में 277 छात्र छात्राओं में से 273 छात्र छात्राओं ने और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 75 में से 74 विद्यार्थियों ने संस्कृत का परीक्षा दिया। जब की 5 छात्र छात्राएँ अनुपस्थित रहे। वही केन्र्दधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा व अभिषेक गौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि शांतिपूर्वक कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुआ। साथ ही बताया कि जैक के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा कराने उद्देश्य से सीसीटीवी द्वारा परीक्षा की निगरानी के साथ प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह व निलेन्द्र कुमार दंडाधिकारी के तौर पर तथा एस आई शशिकांत कुमार और ए एस आई राजेश राम लोहरा दल बल के साथ मौजूद थे।

## झारखंड पार्टी ने की आगामी चुनाव को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी की बैठक शुक्रवार की सुबह पूर्व मंत्री एनोस एक्का की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी के सभी लोगों को जागरूक होकर आगमी चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील की गई। मौके पर 4 मार्च को जिला मुख्यालय में अल्बर्ट एक्का स्टेडियम (कोर्ट ग्राउंड) में आयोजित होने वाले नगाड़ा पिटावन महारैली की जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को रैली में शामिल करने की बात कही। एनोस एक्का ने कहा कि जिले में बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, हाथी, बालू, घूसखोरी, सद्भाव आदि समस्या के समाधान को लेकर रैली में बिगुल फूंका जाएगा। मौके पर मतियस बागे, संदेश एक्का, ललन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## संतोष ने पूरे विश्व में भारतवर्ष एवं झारखंड के गौरव व मान को बढ़ाया : संजय सर्राफ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेंट जेवियर्स स्कूल डोरंडा के कंप्यूटर साइंस शिक्षक एवं प्लस टू के समन्वयक संतोष कुमार को सबसे लंबे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग पाठ शीर्षक के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड घोषित होने पर अग्रवाल सभा एवं झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ, सामाजिक कार्यकर्ता अनूप दास एवं नीरज भट्ट ने बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए स्कूल परिसर मे संतोष कुमार को बुके देकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजय सर्राफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संतोष कुमार ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड टाइटल होल्डर खिताब जीतकर पूरे विश्व में भारतवर्ष एवं झारखंड का गौरव एवं मान बढ़ते हुए सभी को गौरवान्वित किये है। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी को संतोष कुमार ने 48 घंटे 15 मिनट तक कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का क्लास लेते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्होंने रिकॉर्ड बनाने के लिए 13 बैच का क्लास लिया जिसमें 10वीं से 12वीं स्कूल के 330 स्टूडेंट शामिल हुए एक बैच 4 घंटे का रहा, जिसमें 27 से अधिक स्टूडेंट शामिल हुए। उन्होंने छात्रों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग क्लास के तहत जावा के बारे में पढ़ाया। उन्होंने बताया कि संतोष कुमार द्वारा कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 वर्गो के लिए कंप्यूटर से संबंधित लगभग 24 किताबों का संपादन एवं लेखन भी किया गया है। संतोष कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने लंबे समय तक क्लास लेना काफी चुनौती पूर्ण था लेकिन बच्चों की उत्साह को देखकर मुझे भी ऊर्जा मिलती रही, उन्होंने कहा कि जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है अभ्यास ही कुंजी है हार ना माने और विश्वास रखें कि आप हासिल कर लेंगे तो सफलता तय है, उन्होंने बताया कि मेरे प्रेरणा स्रोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है,जब यूएनओ में प्रधानमंत्री के योग करने का रिकॉर्ड बनाया था तब से ही अपने राज्य के लिए मुझे कुछ करने का चेतना जगा, तथा टेक्नोलॉजी एवं आईटी सेक्टरों में अत्याधिक बढ़ावा देने के प्रति उनके जुड़ाव से प्रेरणा मिला। इस अवसर पर फादर अजीत खेस, फादर इग्नेसियस लकड़ा,फादर रवि भूषण खेस, फादर रोशन बागे, अभिषेक गुप्ता, सीमा सिंह, शिवेश सिंह, रतन भूषण, रेमा दास, नेहा आलम, सना साहाव, रश्मि श्रीवास्तव, सुकृति कुमारी सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## समाज कल्याण द्वारा समुदाय आधारित विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला बाल संरक्षण इकाई समाज कल्याण लोहरदगा के द्वारा मिशन वातसल्य अंतर्गत ÷बालकों के विरुद्ध अपराधो को पहचानने और उनकी रिपोर्ट करने के लिए समुदाय आधारित÷ विषय पर एक दिवसीय आंगनबाड़ी सेवीकाओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड परिसर भंडरा में आयोजित की गई। मुख्य रूप से प्रशिक्षक श्री अनुरंजन कुमार, संरक्षण पदाधिकारी (संस्थानिक देखरेख )के द्वारा कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य के तहत 0 से 18 वर्ष के बच्चों के संदर्भ में दो श्रेणी- CNCP( बालकों की देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले) और छ्श्टस्( कानून से विवादित या कानून के विरुद्ध जाने वाले बालक) बच्चों के संदर्भ में जानकारी प्रदान करते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई/बाल कल्याण समिति/किशोर न्याय बोर्ड की भूमिका के बारे में बताया। पूर्व सदस्य बाल कल्याण समिति श्री बालकृष्ण सिंह के द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सेविकाओं को बच्चों के विरुद्ध हो रहे अपराध/बच्चे के द्वारा हो रहे अपराध के विषय एवं कानूनी जानकारी प्रदान करते हुए सेविकाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं साथ में मिलकर काम करने सूचना प्रदान करने की बातें कही गई। बबीता कश्यप सदस्य बाल कल्याण समिति लोहरदगा के द्वारा कार्यक्रम में संवैधानिक संस्था के रूप में संचालित बाल कल्याण समिति के विभागीय कार्यान्वन के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बच्चों के संदर्भ में हो रहे अपराध एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य में सामुदायिक सहयोग की अपेक्षा की बात कही। श्री वीरेंद्र कुमार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी लोहरदगा के द्वारा 0 से 18 वर्ष के बच्चों के संदर्भ में बने कानून- बाल विवाह अधिनियम/पोक्सो कानून/बाल श्रम अधिनियम के विषय में जानकारी देते हुए सामुदायिक रूप से गांव/प्रखंड स्तर में कार्य कर रहे सेविकाओं की भूमिका के संदर्भ में बताया कि आज के परिवेश में बाल बालकों में हो रहे अपराध की भावना यह बालकों के विरुद्ध अपराध होना गंभीर समस्या है जिसमें बहुत समय घटनाएं होने के उपरांत भी मामला प्रकाश में नहीं आता और ऐसे मामलों में समुदाय का उत्तरदायित्व सर्वप्रथम होता है,हमें यह उत्तरदायित्व की भावना होनी चाहिए बालक या महिला जो भी हो उनके विरुद्ध अपराध हो रहा हो या समुदाय के द्वारा जानकारी आपके मिली हो तो उसे हमें सर्वप्रथम संबंधित विभाग के पदाधिकारी अथवा जनप्रतिनिधित्व को सूचना अवश्य उपलब्ध कराए,ताकि आगे की कार्रवाई सुगमता पूर्वक हो सके। महिला पर्यवेक्षिका श्रीमती सुषमा कुजूर एवं सुश्री नीलम मिंज, महिला पर्यवेक्षिका,भण्डरा प्रखंड,लोहरदगा द्वारा कार्यक्रम का उद्बोधन एवं समापन किया गया। साथ ही सी सी आई काउंसलर खुशबू साहू सहित प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित हुए।

## चलते चलते एक नजर

### भाजपा किसान मोर्चा की बैठक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू की अध्यक्षता में रांची के प्रदेश कार्यालय के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में प्रांतीय बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सह बिहार झारखंड के ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम के प्रभारी मनोज यादव उपस्थित रहे।

### चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा शुरू की

**चेन्नई :** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों के साथ शुक्रवार को तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा शुरू की। आयोग के अधिकारियों ने राज्य में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें कीं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अरुण गोयल और अन्य प्रमुख अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा के लिए चेन्नई पहुंचे। उनका दौरा चुनावी प्रक्रिया की अखंडता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के चुनाव आयोग की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। आयोग के अधिकारियों ने विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। चर्चा में मतदान केंद्र की व्यवस्था और चुनावी आचार संहिता के कार्यान्वयन जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के साथ भी समीक्षा बैठकें की गई। बैठकें दिन की शुरुआत में चेन्नई के एक होटल में आयोजित की गई। बैठक के बाद द्रमुक सांसद आरएस भारती ने कहा कि उन्होंने वीवीपैट मशीनों का मुद्दा आयोग के सामने उठाया है। वहीं, भाजपा ने सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग करते हुए संवेदनशील बूथों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती की मांग की है। भाजपा नेता कराटे त्यागराजन ने कहा कि हमने चुनाव आयोग को अपना इनपुट दे दिया है। सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए।

### संदेशखाली पहुंची मानवाधिकार आयोग की टीम ने लोगों की शिकायतें सुनी

**कोलकाता:** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली पहुंच कर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में ग्रामीणों से बात की। उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जमीन हड़पने एवं महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम संदेशखाली के कुछ इलाकों में गई और ग्रामीणों से बात कर उनके बयान दर्ज किए। मानवाधिकार आयोग की टीम नाव से कालागाछी नदी पार करने के बाद धमाखाली नौका घाट से होते हुए संदेशखाली पहुंची। एनएचआरसी ने मीडिया में आई उन खबरों पर स्वतः संज्ञान लिया है, जिनमें कहा गया है कि संदेशखाली में गरीब महिलाओं को परेशान किया गया और उनका यौन उत्पीड़न किया गया। एनएचआरसी की ओर से बताया गया है कि उसने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर संदेशखाली में हुई हिंसा के संबंध में चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

# संत मरियम के छात्र आयुष को मिली मुकाम

*** विद्यालय प्रबंधन ने किया सम्मानित**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** कहते है न कि जीवन में कुछ कर गुजरने का जिद्द और हौसला बुलंद हो तो मंजिल मिल ही जाती है, और ऐसे ही कारनामा कर दिखाया है संत मरियम स्कूल के छात्र आयुष कुमार सिंह ने जो अपने बेहतरीन फोटोग्राफी के लिए अब तक कई अवार्ड व फोटोग्राफि कंपटीशन में अव्वल आ चुके है। आयुष पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा में है, जिनकी सफलता, जोश और जज्बे को देखकर शुक्रवार को संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के द्वारा सम्मानित किया गया। मालूम हो कि आयुष पाटन प्रखंड के पाल्हे गांव के रहने वाले हैं जो कि अपनी दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई संत मरियम विद्यालय से किया है , इसके बाद इन्होंने पुणे एमआईटी डबल्यूपीयू कॉलेज से फोटोग्राफी में डिप्लोमा किया तत्पश्चात अपने कैमरे को लेकर जंगल की ओर



निकल पड़ा जो की अलग-अलग पशु ,पक्षी, जीव, जंतुओं की इनके द्वारा ली हुई बेहतरीन तस्वीर को लोगों ने काफी प्रशंसा की और उस तस्वीर का इस्तेमाल अलग-अलग जगहों पर किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने आयुष को बधाई देते हुए बच्चों को संदेश दिया कि पढ़ लिखकर हम सिर्फ डॉक्टर इंजीनियर ही नहीं बनेंगे बदलते परिदृश्य के अनुसार हम सभी को भी बदलना होगा अभी के समय में सफल होने केलिए अनेकों कैरियर ऑप्शन है बशर्ते हमें सिर्फ कड़ी मेहनत और पूरी लगन से किसी भी चीज को करने की जरूरत है। मौके पर उपस्थित आयुष के पिता संजय सिंह, प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव समस्त शिक्षक पत्रकार बंधुओ के साथ-साथ सैकड़ो बच्चे मौजूद थे।

## विधायक लोबिन हेम्ब्रम की अन्याय यात्रा सात मार्च से



**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वे सात मार्च से राज्यभर में अन्याय यात्रा पर निकलेंगे। यात्रा संथाल परगना के भोगनाडीह से शुरू होगी। हेम्ब्रम का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां के आदिवासियों और मूलवासियों को ठगने का काम किया। उनके साथ अन्याय हुआ। यह अन्याय मार्च उसी के खिलाफ है।

## विकास के केंद्र में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक : एसपी सिंह बघेल



एजेंसी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने शुक्रवार को पहले राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य भारत सम्मेलन (एनपीएचआईसीओएन-2024) का उद्घाटन किया। यह तीन दिवसीय सम्मेलन 23 से 25 फरवरी, 2024 तक स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के तहत राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि एक स्वस्थ आबादी न केवल अधिक उत्पादक होती है बल्कि प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में भी अधिक सक्षम होती है। इसलिए विकास के केन्द्र में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना बेहद आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बड़ी आबादी, तेजी से हो रहे शहरीकरण और बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल जरूरतों के साथ चुनौतियां भी विशाल हैं। हालांकि, इन चुनौतियों के बीच नवाचार करने, सहयोग करने और सभी के लिए एक स्वस्थ और अधिक समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के अद्वितीय अवसर छिपे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सम्मेलन देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं और प्रासंगिक संबद्ध स्वास्थ्य प्रथाओं पर अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा। नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने महामारी के दौरान कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए अथक प्रयास करने के लिए एनसीडीसी की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत को स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने के लिए अपने स्वास्थ्य केंद्रों के मजबूत नेटवर्क विशेषकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर निर्भर रहना होगा। उन्होंने शोधकर्ताओं से अनुसंधान के लिए अच्छी पद्धतियों पर टिके रहने का आग्रह किया ताकि भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों से आसानी से निपटा जा सके। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने सार्वजनिक स्वास्थ्य की उन्नति के लिए नीति विकास और हस्तक्षेप के समर्थन में सम्मेलन की भूमिका को रेखांकित किया।

## श्रेया सिंह को वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पदभार ग्रहण करने पर मेंस कांग्रेस ने दी शुभकामना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक का पद भार ग्रहण श्रेया सिंह ने किया है। इस मौके पर दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने मंडल समन्वयक एनएल कुमार की अगवाई में उन्हें शुभकामनाएं दी। विदित हो कि श्रेया सिंह इससे पहले रांची मंडल में ही मंडल परिचालन प्रबन्धक (पलानिंग) के पद पर कार्यरत थी। रेलवे में उत्कृष्ट अनुसाशनपूर्ण कार्य कुशलता को देखते हुए उन्हें वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पद पर पदोन्नति किया गया है। ज्ञात हो कि रांची मंडल में पहली बार किसी महिला ने वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पद को सुशोभित किया है।




मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल द्वारा श्रेया सिंह के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक पद को ग्रहण करने के बाद यह पहली शिष्टाचार भेंट रही। प्रतिनिधि मंडल ने रांची मंडल के परिचालन विभाग के कर्मचारियों की कुछ समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया और उन्होंने इन्हें हल करने का आश्वासन दिया तथा उन्होंने बताया के समयबद्धता रांची रेल मंडल की हमेशा प्राथमिकता रही है तथा माल धुलाई में भी रांची मंडल को सर्वोत्तम संभव सीमा तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर रेलवे मेंस कांग्रेस के हटिया शाखा सचिव मनोज कुमार राय हटिया शाखा ट्रेजर बैजनाथ मंडल मौजूद रहे।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याओं को बारी-बारी से सुनी गयी तथा उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। जनता दरबार में भूमि विवाद, राशन, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजना का लाभ समेत अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीण उपस्थित हुए।



जनता दरबार में सर्वप्रथम अबुआ आवास उपलब्ध कराने के संबंध में बरडीहा प्रखंड के दवनकारा निवासी गुलाम सरवर अंसारी, मेराल प्रखंड के अधौरी निवासी रंजन कुमार एवं देवगाना के मनदीप प्रजापति ने आवेदन समर्पित किया। उन्होंने अबुआ आवास योजना हेतु योग्यता रखने एवं अब तक किसी भी आवास योजना के तहत लाभ नहीं मिलने की बात कही एवं अबुआ आवास दिलाने का अनुरोध किया। मामले में उपायुक्त ने भरोसा दिलाया कि योग्य लाभुकों को आवास का लाभ अवश्य मिलेगा, लाभुक अपनी बारी का इन्तेजार करें। प्रथम चरण में जिले से 10 हजार लाभुकों को आवास का लाभ दिया जा रहा है। गढ़वा प्रखंड के ग्राम नवादा, वार्ड नंबर 7 निवासी बबीता देवी, पति राजू बिंद ने राशन कार्ड में नाम जुड़वाने को लेकर आवेदन दिया। मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

एनएच-75 खजूरी से विंढमगंज पथ चौड़ीकरण में कामेश्वर चौधरी, पिता स्वर्गीय नौरंगी चौधरी ने आवेदन देते हुए बताया कि उनका निजी जमीन का अधिग्रहण उक्त सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए किया गया है। परंतु अब तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। मामले में जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। प्रखंड ग्राम चिनिया निवासी जगदीश कोरवा, पिता स्व लोधर कोरवा ने अपने रैयती भूमि पर दखल कब्जा दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु अंचल अधिकारी चिनिया को निर्देशित किया गया। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा। आमजनों से प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारीयों को आवश्यक कार्रवाई हेतु को निर्देशित किया गया।

## नड्डा ने एम्स बिलासपुर में नई सुविधाओं का किया शुभारंभ

**बिलासपुर :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कई नई सुविधाओं का शुभारंभ किया और विश्राम सदन का शिलान्यास किया। इस क्रम में उन्होंने चार करोड़ की लागत से बने 40 हजार लीटर की क्षमता वाले लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट और 30 करोड़ की लागत से एडवांस्ड रेडिएशन थैरेपी के लिए लगी आधुनिक मशीनरी सहित कई अन्य सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के प्रयासों के चलते एम्स बिलासपुर को कई नई सुविधाएं प्रदान हुई हैं।

# आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को भाजपा पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई से गिरफ्तार कराने की कोशिश करने का आरोप लगाया।आप के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि हमें संदेश भेजा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन को छोड़ दो, नहीं तो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उन्होंने पत्रकार वार्ता कर कहा कि जिस दिन अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करोगे, पूरे देश में सुनामी आ जाएगी।वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि सीबीआई सीआरपीसी 41ए के तहत नोटिस भेजेगी और दो-तीन दिन में केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। भाजपा इसलिए घबराई हुई है, क्योंकि जिन राज्यों में आप-कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेगी, वहां उसकी मुश्किलें बढ़ेगी और सरकार बनाना मुश्किल हो जाएगा। वहीं,




आतिशी ने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार को समझ आ गया है कि वह ईडी से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार नहीं करा पाएगी। इसलिए अब सीबीआई को लेकर आई है।आतिशी ने कहा कि हम देख रहे हैं कि पिछले 2-3 महीने से एक-एक कर अरविंद केजरीवाल को सात बार ईडी का नोटिस आ चुका है। भाजपा को अब यह समझ में आ गया है कि वो ईडी के जरिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार नहीं कर पाएगी। इसलिए भाजपा अब सीबीआई को सामने लेकर आई है और सीबीआई के जरिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की कोशिश करने वाली है।उन्होंने कहा कि हमारे पास विश्वसनीय सूत्रों से खबर है कि शुक्रवार या सोमवार को सीबीआई का नोटिस अरविंद केजरीवाल को आएगा और फिर उन्हें सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अगर उन्हें सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया तो जैसे मनीष सिसोदिया को सीबीआई की गिरफ्तारी के कुछ दिनों बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था, वैसे ही अरविंद केजरीवाल के साथ भी किया जाएगा।

## पश्चिम बंगाल में ममता ने कांग्रेस को दिया 2 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऑफर

*** दिल्ली में भी आप और कांग्रेस में बनने वाली है बात**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले इंडी गठबंधन पटरी पर लौटता दिख रहा है। इसकी शुरुआत उत्तर प्रदेश से हो गई। पहले यूपी में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग की घोषणा की गई और फिर दिल्ली में कांग्रेस और आप में सहमति बन गई। अब खबर है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस को 2 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है। वहीं, मेघालय और असम में टीएमसी एक-एक सीट पर चुनाव लड़ सकती है। हालांकि दोनों पार्टियों के बीच मेघालय की तुरा सीट को लेकर बात अटकी हुई है। सूत्रों की माने तो कांग्रेस ये सीट टीएमसी को देने के मूड में नहीं है। लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में भी सीट बंटवारे को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच बातचीत अंतिम चरण में है और दोनों पक्ष जल्द ही अपने गठबंधन की घोषणा कर सकते हैं। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दोनों पक्षों ने सीटों के समझौते पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि,क्क दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली और नयी दिल्ली की सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी जबकि कांग्रेस चांदनी चौक, पूर्वी दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात लोकसभा सीटें वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के पास हैं।वहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गुजरात और हरियाणा में भी सहमति बन गई है। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने आप को हरियाणा में एक और गुजरात में दो सीट देने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में आप गुरुग्राम या फरीदाबाद में से किसी एक सीट पर चुनाव लड़ सकती है, जबकि गुजरात में भरूच और भावनगर लोकसभा सीट आप के हिस्से में जा सकती हैं।

## भाजपा की फंडिंग के लिए कंपनियों को जांच एजेंसियों के जरिये धमकाया गयाः कांग्रेस

**नई दिल्ली :** कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को केन्द्र सरकार पर भारतीय जनता पार्टी को फंड दिलाने के लिए निजी कंपनियों को जांच एजेंसियों के जरिये धमकाने का आरोप लगाया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यहां पत्रकार वार्ता कर कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 और 2022-23 के बीच भाजपा को कुल लगभग 335 करोड़ रुपये का दान देने वाली कम से कम 30 कंपनियों को उसी अवधि के दौरान केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। इस संबंध में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भी लिखा है। रमेश ने कहा कि केन्द्र सरकार को व्हाइट पेपर लाकर जवाब देना चाहिए। साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि न्यूज रिपोर्ट के दावे की प्रामाणिकता चुनाव आयोग के कई दान संबंधित दस्तावेजों और अन्य पुख्ता सबूतों पर आधारित है।

# देश के कई हिस्सों में बारिश बर्फबारी व लू का अलर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत के विभिन्न हिस्से में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कहीं बारिश और बर्फबारी हो रही है, तो कहीं गर्मी शुरू हो गई है। दिल्ली, हरियाणा और पंजाब सहित उत्तर भारत के विभिन्न हिस्से में अगले सप्ताह एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार के बाद दिल्ली में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। हरियाणा और पंजाब में ज्यादा असर दिखाई दे सकता है। इसकी वजह से दिन के तापमान में अभी बहुत तेजी से बदलाव देखने को नहीं मिलेगा।मौसम विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत में अगले दो दिनों के दौरान बारिश होने की संभावना है।अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। जम्मू-



कश्मीर के आठ जिलों के लिए हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। बांदीपोरा, कुपवाड़ा, बारामूला, डोडा, रामबन, पुंछ, किश्तवाड़ और गांदरबल में मध्यम स्तर के खतरे वाला हिमस्खलन आ सकता है। आईएमडी के मुताबिक, शनिवार को पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसकी वजह से यहां 24 फरवरी और 25 फरवरी को हल्की बारिश हो सकती है।मौसम विभाग ने बताया कि सोमवार को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तरी पंजाब में कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है। नगालैंड और असम में आज शुक्रवार को भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, ओडिशा में गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ओडिशा के लगभग सभी स्थानों पर दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। ओडिशा स्पेशल रिलीफ कमीशन ने राज्य में तापमान बढ़ने और लू से निपटने के लिए अलर्ट जारी किया है। इसमें जिला कलेक्टरों को तैयार रहने और एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। आईएमडी के वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने कहा,अगर आप ओडिशा के तटीय हिस्से को देखें तो कई हिस्से ऐसे हैं जहां तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री तक बढ़ गया है। परसों भुवनेश्वर में 37 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया और यह राज्य में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। कल तापमान 36.4 दर्ज किया गया था, हमें उम्मीद है कि आज भी यह 36 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहेगा, विशेष रूप से दिन के दौरान शुष्क हवा का सिलसिला जारी है, जिसके कारण तापमान में एक तरह की बढ़ोतरी हुई है।